सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-183 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 12 दिसम्बर 2023
26 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### मोदी सरकार के एक और फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की लगी एतिहासिक मुहर

# नहीं लागू होगा अनुच्छेद 370: सुप्रीम कोर्ट

- 30 सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश
- अभिन्न अंग है जम्मू-कश्मीर
- भारत का संविधान जम्मू कश्मीर के संविधान से ऊंचा




जब राष्ट्रपति शासन लागू होता है तो राज्यों में संघ की शक्तियों पर सीमाएं होती हैं। इसकी उद्घोषणा के तहत राज्य की ओर से केंद्र द्वारा लिया गया हर फैसला कानूनी चुनौती के अधीन नहीं हो सकता, इससे अराजकता फैल सकती है।

**चीफ जस्टिस**

**नई दिल्ली।** जम्मू काश्मीर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुनाया जा रहा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ मामले में फैसला सुना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जम्मू काश्मीर के पास सार्वभौमिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 अस्थाई प्रवधान है। केंद्र सरकार के फैसले पर चुनौती नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि, जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि जल्द से जल्द जम्मू और काश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने पर सुप्रीम कोर्ट ने सहमति जताई है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने उस दौरान राज्य में लगे राष्ट्रपति शासन पर फैसला नहीं लिया है। स्थिति के अनुसार राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। अनुच्छेद 356 में राष्ट्रपति को शक्तियां हासिल हैं। उसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। संवैधानिक स्थिति यही है कि उनका उचित इस्तेमाल होना चाहिए। अनुच्छेद 356 - राज्य सरकार भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाने की बात करता है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर देश के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इतिहास में की गई संवैधानिक भूल को आखिरकार सुधार लिया है। संसद राज्य विधानसभा की जगह काम कर सकता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि जब राजा हरि सिंह ने भारत के साथ विलय समझौते पर दस्तखत किए थे, तभी जम्म-कश्मीर की संप्रभुता खत्म हो गई।

### देश कर्जदार रहेगा: तुषार मेहता



जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर देश के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इतिहास में की गई सवैधानिक भूल को आखिरकार सुधार लिया है। सॉलिसिटर जनरल ने इसके लिए पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को श्रेय दिया और कहा कि देश हमेशा इनका ऋणी रहेगा। पत्रकारों से बात करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 5 अगस्त 2019 और आज की तारीख भारत के इतिहास में दर्ज हो गई। पूर्व में की गई भयंकर सवैधानिक भूल को आखिरकार सरकार ने सुधार लिया है।

### फैसला ऐतिहासिक है: मोदी



अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पीएम मोदी ने खुशी जाहिर की है। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि अनुच्छेद 370 हटाने पर सुप्रीम कोर्ट का आज का फैसला ऐतिहासिक है। जिसमें भारतीय संसद द्वारा 5 अगस्त 2019 को लिए गए फैसले की संवैधानिकता बरकरार रखी गई है। यह उम्मीदों, विकास और जम्मू कश्मीर, लद्दाख के हमारे भाई-बहनों की एकता की गूंज है। अदालत ने हमारी एकता के मूल के सार को मजबूत किया है, जिसे हम भारतीय सबसे ऊपर रखते हैं।

### फैसला अभिनंदनीय है: योगी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई है और कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अभिनंदनीय है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा धारा 370 और 35 ए के संबंध में दिया गया निर्णय अभिनंदनीय है। यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख क्षेत्र सुशासन, विकास और समृद्धि के नए मापदंड स्थापित करेंगे।

# विकसित भारत की दिशा में सब मिलकर करें काम: मोदी

- विकसित भारत@ 2047 योजना को प्रधानमंत्री मोदी ने किया लॉन्च



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत@2047 युवाओं की आवाज योजना को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लॉन्च किया है। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक इस योजना के जरिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

युवाओं के जरिए इस योजना को सफल बनाना जरुरी है। युवाओं को सफल ट्रेनिंग देने के लिए देश भर में वर्कशॉप का आयोजन भी किया जाएगा। पीएम मोदी के इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपतियों और देश भर में राज भावनाओं में आयोजित कार्यशाला में संस्थाओं के प्रमुखों ने ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया है। बता दें कि इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत@ 2047 एक बेहद अहम पहल है जिसका उद्देश्य विकसित भारत के निर्माण की दिशा में युवाओं को एकीकृत करना है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन विकसित भारत के संकल्पों को लेकर काफी अहम है। पीएम मोदी ने इस दौरान सभी राज्यपालों को विकसित भारत के निर्माण से संबंधित वर्कशॉप का सफल आयोजन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों को एक मंच पर लगाएं हैं जिनपर देश की युवा शक्ति को दिशा देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति और व्यक्तिगत विकास होता है तो ही राष्ट्र का भी निर्माण हो सकता है। आज के समय में भारत में व्यक्तित्व विकास अभियान बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने इस कार्यशाला के दौरान कहा कि भारत के इतिहास का ये वो दौर चल रहा है जब देश विकास की दिशा में लंबी छलांग लगा रहा है। हर ओर इस तरह विकास के कई उदाहरण देखने को मिल रहे है। ये भारत के लिए बिलकुल सही समय है।

### मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर विधायक दल की बैठक में हुआ निर्णय

# मध्य प्रदेश में अब से मोहन 'राज'

- मोहन यादव होंगे मप्र के अगले सीएम
- दो होंगे डिप्टी सीएम तोमर बनेंगे स्पीकर



**इंदौर।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर जारी सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया। राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लग गई है। भाजपा की विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से इनके नाम को मुहर लगी। इससे पहले भाजपा आलाकमान ने मनोहर लाल खट्टर, डॉ. के लक्ष्मण और आशा लकड़ा को पर्यवेक्षक बनाकर सीएम चुनने की जिम्मेदारी सौंपी थी।

पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में सोमवार को हुई विधायक दल की बैठक में मोहन यादव के नाम को फाइनल किया गया। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। सूत्रों के मुताबिक, मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे। इनके लिए जो दो नाम सामने आ रहे हैं, वे हैं- जगदीश देवड़ा और राजेश शुक्ला। जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ और राजेंद्र शुक्ला रीवा से विधायक हैं। इसके अलावा स्पीकर पद के लिए नरेंद्र सिंह तोमर के नाम का एलान किया गया है। मोहन यादव ने माधव विज्ञान महाविद्यालय से पढ़ाई की है। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन के नगर मंत्री का जिम्मा संभाल चुके हैं। वे भाजपा की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और सिंहस्थ मध्य प्रदेश की केंद्रीय समिति के सदस्य, मध्य प्रदेश विकास प्राधिकरण के प्रमुख, पश्चिम रेलवे बोर्ड में सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। 2013, 2018 के बाद अब वे 2023 में भी उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को वोट डाले गए थे। इसके नतीजे 30 नवंबर को जारी हुए थे। नतीजों में भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल हुई थी। आंकड़ों पर नजर डालें तो भाजपा के हिस्से में 163 सीटें आईं, जबकि कांग्रेस को 66 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। मध्य प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मैं केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को यह जो जवाबदारी दी

### शिवराज ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया। मोहन यादव को नया सीएम चुने जाने के बाद शिवराज ने राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिय। इस दौरान सीएम शिवराज का बॉडी लैंग्वेज गंभीर था. शिवराज सिंह चौहान बीजेपी की तरफ से सबसे लंबे समय तक सीएम पद की जिम्मेदारी संभालने वाले नेता रहे। शिवराज सिंह चौहान ने ही सोमवार को मोहन यादव के नाम का प्रस्ताव रखा। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से बीजेपी के विधायक चुने गए हैं।

# अगले तीन दिन बहेगी बेहद खराब हवा

- एनसीआर में दिल्ली सबसे ज्यादा प्रदूषित
- अधिकतर इलाकों में एक्यूआई 300 के पार




**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की गति कम होने से प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। बीते चार दिनों से हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की जा रही है। सोमवार को अधिकतर इलाकों की आबोहवा बेहद खराब श्रेणी में रही।

वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 317 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। यह शनिवार के मुकाबले तीन सूचकांक वृद्धि हुई है। एनसीआर में एक बार फिर दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित दर्ज की गई। सुबह से ही धुंध के साथ कोहरा देखने को मिला। दोपहर में हल्की धूप खिली, लेकिन आसमान में हल्के बादल छाए रहे। 29 इलाकों में हवा बेहद खराब व छह इलाकों में खराब श्रेणी में दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी से रहेगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हवा की गति चार किलोमीटर प्रतिघंटे है, ऐसे में प्रदूषण का फैलाव नहीं हो रहा है।

### काशी में विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मेधावियों को मेडल के साथ दी नसीहत

# पढ़ाई के लिए वाराणसी सबसे अच्छी जगह: द्रौपदी

- आयुषी तिवारी को राष्ट्रपति ने श्री अतुल माहेश्वरी स्मृति स्वर्ण पदक दिया






कलश में पानी डालकर दीक्षांत की राष्ट्रपति ने शुरुआत की

**वाराणसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मेधावियों को मेडल देने वाराणसी पहुंचीं। यहां महामहिम ने 16 मेधावियों को अपने हाथों से मेडल दिए। एमए पत्रकारिता में सर्वाधिक अंक पाने पर आयुषी तिवारी को राष्ट्रपति ने श्री अतुल माहेश्वरी स्मृति स्वर्ण पदक दिया।

समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 10 खास बातें कहीं। राष्ट्रपति ने कहा, बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में आना अपने आप में सौभाग्य की बात है। काशी का अभिप्राय है सदैव प्रकाशमान रहने और सदैव प्रकाशित रखने वाला ज्योतिपुंज। राष्ट्रपति ने कहा, पिछले महीने काशी में देव दीपावली का पर्व भव्यता से मनाया गया। मुझे बताया गया है कि उस पर्व को 72 देशों के प्रतिनिधियों ने हमारे देशवासियों के साथ यहां मनाया। महामहिम ने कहा कि हिन्दी माध्यम में उच्च-स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए बाबू शिव प्रसाद गुप्त जी ने काशी विद्यापीठ की अपनी परिकल्पना की चर्चा महात्मा गांधी से की थी और गांधीजी ने उसे सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया था। हमारे देश की स्वाधीनता के 26 वर्ष पूर्व, गांधीजी की परिकल्पना के अनुसार आत्म-निर्भरता तथा स्वराज के लक्ष्यों के साथ, इस विद्यापीठ की यात्रा शुरू हुई थी। ब्रिटिश शासन की सहायता और नियंत्रण से दूर रहते हुए, भारतीयों द्वारा पूर्णतः भारतीय संसाधनों से निर्मित, काशी विद्यापीठ का नामकरण 'महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ करने के पीछे हमारे स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों के प्रति सम्मान व्यक्त करने की भावना निहित है। राष्ट्रपति ने कहा, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का ध्येय वाक्य है विद्ययाऽमृतमश्नुते...। यह ध्येय वाक्य ईशा-वास्य उपनिषद से लिया गया है। ईश उपनिषद में यह बोध कराया गया है कि व्यावहारिक ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान एक दूसरे के संपूरक हैं। व्यावहारिक ज्ञान से अर्थ, धर्म और कामनाओं की सिद्धि होती है।

### काशी से मिशन 2024 का शंखनाद करेंगे पीएम

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 दिसंबर को काशी की धरती से मिशन 2024 का शंखनाद करने से पहले पूर्वांचल के संगठन की भी थाह लेंगे। पीएम 17 दिसंबर को बरेका में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों की जानकारी लेंगे। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी फीडबैक लेंगे। पीएम की बरकी में होने वाली जनसभा में भाजपा ने एक लाख लोगों जुटान का लक्ष्य रखा है। वाराणसी की आठ विधानसभा सीट से रैली में शामिल होने वाली की संख्या निर्धारित की गई है। पीएम मोदी 17 दिसंबर को 32वें दौरे पर आएंगे और करीब 20 घंटे तक प्रवास करेंगे। नमो घाट पर काशी तमिल संगमम का उद्घाटन करेंगे। जनसभा में पिंडरा, सेवापुरी, रोहनिया, शिवपुर और अजगरा विधानसभा से 15-15 हजार और कैंट, दक्षिणी और उत्तरी से 10-10 हजार लोगों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

# आचार संहिता उल्लंघन केस: जयाप्रदा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करें

- पुलिस अधीक्षक को आदेश, अब 19 दिसम्बर को सुनवाई



**रामपुर।** आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा को एमपी-एमएलए कोर्ट ने झटका दिया है। कोर्ट ने उनके अधिवक्ता की दलील को खारिज करते हुए गैर जमानती वारंट जारी रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही एसपी को पत्र लिखकर उनकी गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश करने को कहा है।कोर्ट की ओर से उनके जमानतियों को भी नोटिस जारी किए हैं। अब इस मामले की सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। स्वार और केमरी थाने में लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 2019 में दो मुकदमे कायम कराए गए थे। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। स्वार में दर्ज एक मामले में अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है और पूर्व सांसद को अपने बयान दर्ज कराने हैं। इसके बाद भी वह बयान दर्ज कराने कोर्ट नहीं पहुंच रही है। केमरी थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अभियोजन की गवाही चल रही है, लेकिन पूर्व सांसद इस केस में कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। कोर्ट लगातार दोनों मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता असगर ने पूर्व सांसद की ओर से गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इसका अभियोजन की ओर से विरोध किया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने पूर्व सांसद का प्रार्थना पत्र खारिज करते हुए उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है।

### नोएडा में भी नमो भारत ट्रेन चलाने की तैयारी

**नोएडा।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) दिल्ली और नोएडा एयरपोर्ट जेवर के बीच भी रैपिड रेल (नमो भारत ट्रेन) दौड़ाने की तैयारी है। बीते सप्ताह ग्रेटर नोएडा दौरे पर आए सीएम योगी आदित्यनाथ के समक्ष यह प्रस्ताव रखा गया। इसको लेकर 14 दिसंबर को लखनऊ में उच्चस्तरीय बैठक होने जा रही है। उम्मीद है कि इस रूट को भी शासन से अनुमति मिल जाएगी। यह रूट सराय काले खां के पास से परी चौक तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के समानंतर पूरी तरह से एलिवेटेड रूट होगा। गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक का रूट पहले ही फाइनल हो गया है। नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली सहित आसपास के सभी शहरों से जोड़ने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी पर काम चल रहा है। गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट, परी चौक टू एयरपोर्ट का रूट फाइनल हो गया है।

**निशाना** राज्यसभा में जमकर बरसे गृहमंत्री अमित शाह

# पीओके हमारा है: अमित शाह

- अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम फैसले को लेकर विपक्ष को जमकर घेरा; पढ़ें
- अभी भी सुधर जाओ नहीं तो साफ हो जाओगे



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 को राज्यसभा से मंजूरी मिल गई है। दोनों विधेयक पिछले सप्ताह लोकसभा से पारित हो गए थे। इससे पहले सोमवार को राज्यसभा में इस पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों को जमकर कोसा। उन्होंने अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण दिन है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज दोनों विधेयक पारित हो जाएंगे और यह जम्मू-कश्मीर और भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। आज सुप्रीम कोर्ट ने भी जम्मू-कश्मीर (पुनर्गठन) विधेयक 2019 के पीछे की मंशा, इसकी संवैधानिक वैधता और प्रक्रिया को बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। अगर अनुच्छेद 370 इतना उचित और इतना जरूरी था तो देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने इसके आगे अस्थायी शब्द का उपयोग क्यों किया? जो लोग कहते हैं कि अनुच्छेद 370 स्थायी है, वे विधानसभा और संविधान की मंशा का अपमान कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था यानी याचिकाकर्ता का यह दावा कि अनुच्छेद 370 को कभी हटाया नहीं जा सकता, इसे सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि परसों भी कई सवाल उठाए गए। लोकसभा में कहा गया कि बिल लंबित है और जल्दबाजी में लाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट न्याय करेगा और हमें इसका इंतजार करना चाहिए। ये सभी स्टैंड न्याय के लिए नहीं, बल्कि पीएम मोदी की ओर से लिए गए फैसलों को रोकने के लिए थे।

### एनएचएआई निर्माणाधीन पुल के निरीक्षण को पहुंचे विधायक

# ओझौली-नईबाजार फोरलेन पुल पर फरवरी में शुरू होगा आवागमन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर से वाराणसी को जोड़ने वाले बहु विलम्बित नईबाजार-ओझौली फोरलेन पुल का निर्माण फरवरी 2024 में पूर्ण होकर आवागमन शुरू हो जायेगा। बड़हलगंज पटना चौराहे और दोहरीघाट में आये दिन लगने वाले भीषण जाम से जनता को निजात दिलाने की कोशिश में जुटे चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने एन एच ए आई के प्रोजेक्ट मैनेजर आमोद राय से वार्ता कर पुल निर्माण की धीमी गति से जनता को होने वाली असुविधा और भीषण जाम से अवगत कराते हुये, पुल का निर्माण तेजी से पूरा कर सड़क पर आवागमन शुरू करने को कहा। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि नदी की धारा के चलते पुल निर्माण में तकनीकीक समस्याओं के चलते विलम्ब हो गया है। नए वर्ष के फरवरी महीने में कम से कम एक लेन को पूरा कर इस पर आवागमन शुरू कर दिया जायेगा। बता दें कि रविवार को जिलाधिकारी गोरखपुर कृष्णा करुणेश, एसएसपी गौरव ग्रोवर सहित मऊ जनपद के आला अधिकारियों के साथ जाम की स्थिति रूबरू हो उसके निराकरण पर चर्चा किया था, इसी कड़ी में विधायक श्री त्रिपाठी ने एन एच ए आई के दिनोदिन विलम्बित हो रहे पुल को जल्द पूरा कराने की कोशिशें तेज कर दी है। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, मदरिया पीठ के उत्तराधिकारी श्रीश दास, राजीव पाण्डेय, अष्टभुजा सिंह, श्रीकांत सोनी, राहुल तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, शुभम तिवारी, अजित राव आदि मौजूद थे।

## भाकियू भानू गुट के जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन सौपा

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुटके जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसान जोड़ो यात्रा का शुभारंभ जमापुर चौराहा विकासखंड राजेपुर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिसमें 15 फरवरी 2024 से होने वाली विशाल किसान महापंचायत आंदोलन को सफल बनाने के लिए यात्रा गांव कस्बा व शहरों से होकर निकलेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव के किसानों को जोड़ा जाएगा। जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों से भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने सहयोग की अपील की है द्य उन्होंने 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा है की गंगा के दोनों तरफ पांचाल घाट से लेकर ढाई घाट पुल तक बांध बनाया जाए अर्थात बांध बनाने के लिए बजट पेश किया जाए। मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी को हवाई अड्डे में परिवर्तित किया जाए। मुख्यमंत्री के उद्बोधन को दृष्टिगत रखते हुए फर्रुखाबाद को दोनों एक्सप्रेसवे को लिंक रोड से जोड़ा जाए।

# खेलकूद और परेड के साथ मना प्रांतीय रक्षक दल का स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल का 75वां स्थापना दिवस ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोरहा में सोमवार को मनाया गया। स्थापना दिवस पर दौड़ और रस्साकसी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई परेड भी हुई। खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह और ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। जिला विकास अधिकारी के प्रतिनिधि के तौर पर खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने पुरस्कार वितरण भी किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी काशी नाथ ने प्रांतीय रक्षक दल के इतिहास और कार्यो की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 11 दिसम्बर 1948 को तत्कालीन मुख्यमंत्री पं गोविंद वल्लभ पंत के मार्गदर्शन में प्रांतीय रक्षक दल का गठन हुआ। खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने स्थापना दिवस पर पी आर डी के जवानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पी आर डी के जवान नागरिक पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख ने प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि पीआरडी के जवान ग्रामीण अंचल में सुरक्षा में जिला प्रशासन और सरकार का पूरा सहयोग कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि खाकी वर्दी पहनने के बाद पी आर डी के जवानों का व्यक्तित्व और चाल बदल जाता है। पहले देश फिर परिवार इस भावना के साथ राष्ट्र और समाज के प्रति अच्छी सोच बनाए रखें।ब्लॉक प्रमुख ने पी आर डी के जवानों को पुरस्कार प्रदान किए।100मी दौड़ में जियालाल को प्रथम हरिश्चंद्र को द्वितीय और शिवशंकर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। रस्साकसी में प्लाटून नं2 को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता और खेलप्रेमी हरिमूर्ति सिंह ने किया। परेड की अगुवाई क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रीना वर्मा ने की। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अपूर्वा यादव निधि श्रीवास्तव रागिनी पांडेय पूर्व मा शि संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती मनीष सिंह वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र प्रताप सिंह विनोद सिंह शिवरतन आदि मौजूद रहे।

## घटतौली किए जाने को लेकर सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



**तमकुहीराज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** चीनी मिल सेवरही के द्वारा 9,18,27 की पर्ची बनाकर, घटतौली करके, पर्ची की वैधता केवल पांच दिन रखने, गन्ने का भुगतान नहीं कर लगातार किसानों को परेशान किया जा रहा है जिससे किसान अपना गन्ना औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर है। सोमवार को समाजवादी पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष राकेश यादव के अगुवाई में विभिन्न मांगो को लेकर उप जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग किया गया अन्यथा की स्तिथि में समाजवादी पार्टी चीनी मिल सेवरही पर किसान हित में धरना देगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से राकेश यादव विधानसभा अध्यक्ष, बी एन सिंह कुशवाहा विधानसभा महासचिव, प्रदीप यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (पिछड़ा वर्ग), अब्दुल मन्नान पूर्व जिला पंचायत सदस्य, बबलू अली गाजी क्षेत्र पंचायत सदस्य, मुबारक अली, नूरहसन, राज यादव सहित पार्टी के साथी उपस्थित रहे।

## एमएल कन्वेंट के छात्र अर्सलान हसल को कांस्य पदक

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मिर्जापुर में आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एमएल कन्वेंट जालौन के छात्र अर्सलान हसन को कांस्य पदक कड़े मुकाबले में प्राप्त हुआ। उन्होंने इस प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय, मंडल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय तक की तैयारी काफी मेहनत से की। उन्होंने इस प्रतियोगिता में लखनऊ रीजन एवं मेरठ रीजन के बच्चों को पराजित करते हुए यह सफलता प्राप्त की। खिलाड़ी ने इसका श्रेय कोच श्री रितेश कुमार एवं सभी शिक्षकों को दिया है। यह यह जालौन शहर का गौरव ही है कि इस बार इस विद्यालय से इस बार तीन अलग-अलग बच्चों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक प्राप्त किया। इन बच्चों ने सिर्फ जालौन शहर ही नहीं बल्कि पूरे झांसी मंडल में अपना परचम लाल लहराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उदय पांडे एवं विद्यालय ने विद्यार्थियों के इस सफलता पर शुभकामनाएं दी है एवं उन्हें गोल्ड मेडल लाने के लिए प्रोत्साहित भी किया है।



# दुष्कर्म व हत्या का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार





**अवधनामा ब्यूरो**

> बीते आठ दिसम्बर को बालिका के साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर शव ठिकाने लगा दिया था

**कुशीनगर।** चार दिन पूर्व तरया सुजान थाना क्षेत्र में एक बालिका के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर शव ठिकाने लगाने का मुख्य आरोपी सोमवार की रात लगभग 8 बजे पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक साक्ष्य के लिए ले जाया जा रहा था जहां पुलिस का सरकारी पिस्टल लेकर भागने लगा और पुलिस फायरिंग झोंकने लगा। जवाबी कार्यवाई में अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। इस अभियान में स्वाट, साइबर व सर्विलांस टीम शामिल रही। घायल अभियुक्त का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। बता दें कि 8 दिसंबर 2023 को तरया सुजान थाना क्षेत्र में एक बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तयों की गिरफ्तारी में लगी थी। पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के भुलिया नहर के पास मुख्य आरोपी है। मौके से पहुंची पुलिस टीम को देखते ही फायर झोंक दिया। पुलिस के जवाबी कार्येवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई जहां पुलिस मुख्य आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान चांद मोहम्मद पुत्र रईस मिया निवासी तिवारी मटीहिनिया सिपाया ढाला थाना विशंभरपुर गोपालगंज बिहार के रूप में हुई है। अभियुक्त के पास से पुलिस टीम ने एक 9 एमएम का सरकारी पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद की है। घायल अभियुक्त का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। मुठभेड़ में सी ओ जितेंद्र सिंह कालरा, थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, मनोज कुमार पंत साइबर सेल, आलोक यादव प्रभारी स्वाट टीम व शरद भारती प्रभारी सर्विलांस टीम शामिल रहे। इस संबध में एसपी धवल जयसवाल ने बताया कि 8 दिसंबर को तरया सुजान थाना क्षेत्र में बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसे साक्ष्य हेतु घटना स्थल ले जाया जा रहा था कि पुलिस का सरकारी पिस्टल छीनकर भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दिया। बचाव में पुलिस की गोली से उसके पैर में गोली लग गई जिसे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# टप्पेबाजी से सावधान कराने वाले चेतावनी पोस्टरों पर जमीं धूल

**मनव्वर रिज़वी**

**गोरखपुर।** दिसम्बर से लेकर फरवरी का मौसम हमेशा टप्पेबाजों और चोरों के अनुकूल रहा है। खासकर कोतवाली क्षेत्र हमेशा से टप्पेबाजों के लिए जन्नत साबित हुआ है। ये बात हम नही बल्कि पुलिस रिकार्ड करते हैं।

एक बार फिर ठंढ का मौसम आ गया है लेकिन टप्पेबाजों से सावधान करने वाले पोस्टर नज़र नही आ रहे साथ ही टप्पेबाजों से सावधान करने के लिए जगह जगह लगाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्र भी खामोश हैं। इसी मौसम में टप्पेबाज और चोर सक्रिय होते हैं ये जानते हुए भी कोतवाली पुलिस शायद किसी पहली घटना के इंतज़ार में है।। वर्ष 2019 से लेकर अंतिम ज्ञात टप्पेबाजी की घटनाओं को देखा जाए तो ज़्यादातर घटना दिसम्बर से फरवरी के बीच हुई हैं। फरवरी 2019 में जब ऐसी घटनाएं बढ़ने लगी तब बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए तत्कालीन पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे थाना क्षेत्र में टप्पेबाजो से जुड़ी सूचना पोस्टर पर अंकित कर जगह-जगह चस्पा कराई गई थी। इसके अलावा विजय चौराहा, एडी तिराहा, घोष कंपनी चौराहा और मदीना मस्जिद पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर लगातार टप्पेबाज़ और उनसे जुड़ी चेतावनी प्रसारित की जाती थी जिससे बहुत हद तक टप्पेबाजी की घटनाओं को लेकर बाहर से शहर में आने वाले व्यपारियों को जागरूक किया जाता था। इससे टप्पेबाजी की घटनाओ पर अंकुश लगा था और लोग सावधान भी हुए थे। वर्तमान समय में विभिन्न स्थानों पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्र खामोश हैं साथ ही चेतावनी पोस्टरों का पता नही और कुछ बचे भी हैं तो उन पर धूल जम गई है। आपकों बताते चलें कि 2019 में कोतवाली क्षेत्र में लाखों रुपयों की टप्पेबाजी की घटनाएं हुई लेकिन उन घटनाओं का न तो खुलासा हुआ और न कोई बरामदगी हुई।

## सू. का अधि. कार्यकर्ता वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** गोमती नगर विस्तार स्थित हरपाल सिंह के कार्यलय पर आरटीआई कार्यकर्ता के सहयोग व सम्भव मदद के लिए सूचना का अधिकार कार्यकर्ता वेलफेयर एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से कार्य कर रही है पिछले दो वर्षों से संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल को ब्रेन हैमरेज होने की वजह से संस्था के पंजीकरण का नवीनीकरण व विस्तार करने में असमर्थता रही इसलियें संस्था का विस्तार व नवीनीकरण के लिए आरटीआई एक्टिविस्ट तनवीर अहमद सिद्दीकी के अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई जिसमें आरटीआई सम्बन्धित तमाम अहम मुद्दों पर गम्भीरता से विचार विमर्श किया गया और संस्था के नवीनीकरण में शामिल होने वाले पदाधिकारियों व सदस्यों की नई सूची भी बनाई गयी जिसमे अशोक कुमार गोयल को संरक्षक बनाने हेतु प्रस्ताव किया गया और यह भी निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष हरपाल सिंह, सचिव तनवीर अहमद सिद्दीकी, उपाध्यक्ष होमेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव संजय आज़ाद, संजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष वसीम आलम, सदस्य इबादुल्लाह खान, अनिल कुमार सिंह,हर्षित त्रिपाठी, को पंजीकरण संस्था के नवीनीकरण होने पर शामिल करने का भी बैठक में निर्णय लिया गया। इसके अलावा बैठक में सुशील कुमार सागर, राम शंकर मिश्रा, उमाशंकर मौर्या, जितेन्द्र सिंह नेगी आदि लोगो ने नए कार्यकारिणी का समर्थन किया

# अग्निवीर सेना भर्ती रैली 19 से



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में 19 दिसंबर 2023 से अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र तथा सेना के अधिकारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती रैली को लेकर जनपद स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में सेना भर्ती रैली को लेकर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।कर्नल एस के मोर ने जानकारी देते हुए बताया कि सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अंतर्गत 13 जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन 19 से 29 दिसंबर 2023 तक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में किया जा रहा है। रैली में लगभग प्रतिदिन 1000 अभ्यर्थी भाग लेंगे जिन्होंने अप्रैल 2023 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण किया है यह भर्ती रैली अग्निवीर जीडी अग्निवीर क्लर्क अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं और दसवीं कक्षा पास) ट्रेड के लिए आयोजित की जा रही है। इस रैली में उत्तर प्रदेश के 13 जिलों क्रमशः अंबेडकर नगर अमेठी अयोध्या बस्ती कौशांबी कुशीनगर महाराजगंज प्रतापगढ़ प्रयागराज रायबरेली संत कबीर नगर सुल्तानपुर और सिद्धार्थनगर के अभ्यर्थी भाग लेंगे।

# हत्या व बलात्कार काण्ड का जल्द से जल्द हो पर्दाफाश

**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** बीते दिनों में तमकुहीराज तहसील क्षेत्र में दो सनसनीखेज घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल है। इन दोनों घटनाओ को लेकर कांग्रेस के कार्यकताओं में उबाल है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में एसडीएम तमकुहीराज को पत्रक सौंप जल्द से जल्द पर्दाफाश की मांग किया। पहला घटना रामपुर बरहन के बकुलहां टोला निवासी मुकेश यादव की बर्बर हत्या करके पेड़ पर लटका दिया गया था तथा दूसरी घटना तरया थाना अंतर्गत तरया हंसराज गांव की एक ग्यारह वर्षीय बेटी के साथ जघन्य बालात्कार कर उसकी निर्मम हत्या कर गन्ने के खेत में फेंक दिया गया था। इन दोनों घटनाओं का पर्दाफाश न होने की स्थिति में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। जिससे कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर उपजिलाधिकारी तमकुहीराज को ज्ञापन सौंप उक्त दोनों घटनाओं का जल्द से जल्द पर्दाफाश कर दोषियों को गिरफ्तार करने तथा पीड़ित परिवार को शासकीय आर्थिक मदद देने की मांग की। लल्लू ने प्रशासन को आगाह करते हुवे बताया कि अगर इन दोनों घटनाओं पर यथाशीघ्र कार्यवाही नही हुई तो कांग्रेस पार्टी बृहद सत्याग्रह करेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, विधानसभा प्रभारी अनिल पटेल, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विकास कुशवाहा, विजय यादव, अशोक पटेल, अमित सिंह पटेल, उपेंद्र चौहान, संजय गुप्ता, सनी यादव, धनंजय सिंह, राजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।



अवधनामा के ब्यूरो चीफ एम. एम. मोहसिन ने अवधनामा परिवार की ओर से उत्तर प्रदेश सूचना विभाग के सूचना निदेशक शिशिर को उनके जन्मदिन के अवसर बधाई दी। साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना भी की।

## इच्छुक उद्यमी अपना आवेदन करें

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र ने बताया कि लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना हेतु जनपद मैनपुरी में 02 मिनी औद्योगिक आस्थान यथा विकास खण्ड मैनपुरी में मिनी औद्योगिक आस्थान धारऊ तथा विकास खण्ड बेवर में मिनी औद्योगिक आस्थान मल्लामई (बेवर) विकसित किये गये है। मिनी औद्योगिक आस्थान मल्लामई (बेवर) में अनुसूचित जाति, जनजाति के उद्यमियों को आवंटित किये जाने के लिये 04 भूखण्ड (भूखण्ड संख्या- 33, 34, 35 एवं 40) तथा मिनी औद्योगिक आस्थान धारऊ, मैनपुरी में अनारक्षित श्रेणी हेतु 01 भूखण्ड (भूखण्ड संख्या-5) रिक्त, उपलब्ध हैं। उन्होने बताया कि आवेदनकर्ता को भूखण्ड की प्रचलित दर जो कि सम्बन्धित स्थान की निर्धारित सर्किल रेट है, के अनुसार आंकलित धनराशि का 10 प्रतिशत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो कि उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र के पक्ष में देय होगा, आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। उन्होने बताया कि इच्छुक उद्यमी अपने आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर दि. 20 दिसम्बर तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिये कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, से सम्पर्क कर सकते हैं।

## राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आज

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि कर एवं करेत्तर, राजस्व से सम्बन्धित माह नवम्बर तक की गयी राजस्व वसूली एवं प्रवर्तन कार्य से सम्बन्धित प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में दि. 12 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों से बैठक में अध्यावधिक सूचनाओं सहित समय से उपस्थित होने को कहा है।

## शादी का झांसा देकर तीन साल से करता आ रहा दुष्कर्म

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** तीन साल से शादी का झांसा देकर युवक पीड़िता के साथ दुष्कर्म करता रहा और बाद में उसे जाति सूचक अपशब्द और अपमानित करने के बाद धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया पीड़िता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है जिसमें आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है द्य जिले के ग्राम नरसिंहपुर थाना कोतवाली कायमगंज की रहने वाली है। पीडिता गांव के ही अनिकेत उर्फ मोनू पुत्र उपेंद्र उर्फ बंटू निवासी, उपरोक्त नरसिंहपुर का रहने वाला है। पीड़िता के साथ उक्त अनिकेत उर्फ मोनू 3 वर्षों से लगातार शादी का झूठा वायदा करके पीड़िता के साथ दुष्कर्म करता चला रहा है। पीड़िता ने उक्त व्यक्ति से जब शादी की बात कही। तो उक्त व्यक्ति टाल मटोल कर देते थे। जब पीड़िता ने तीन दिसंबर 23 को इसकी शिकायत उसके घर वालों उपेंद्र उर्फ बंटू पुत्र भाई सुधीर उर्फ गोलू पुत्रगण उपेंद्र, शशि पत्नी उपेंद्र निवासीगण नरसिंहपुर थाना कायमगंज को दी। पीड़िता ने अनिकेत के पिता उपेंद्र दुबे से अपनी बात रखी। पिता अनुसूचित जाति कोरी समाज से हैं और वह ब्राह्मण समाज से हैं।

**सूचना**

मैं, कनीज़ बानो निवासी खान बड़ेपुर, सराय मोहिद्दीनपुर, हमज़ापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश - 223103 ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपने नाबालिग बेटे का नाम मोहम्मद हादी सैयद से बदलकर सैयद मोहम्मद हादी कर दिया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम मोहम्मद मेहदी जफ़र मेंहदी और पिता का नाम जफ़र मेहदी नज़ीर हसन व माता का नाम नाफिजुननिसा जफ़र मेहदी निवासी- ग्राम व पोस्ट - हल्लौर, थाना - डुमरियागंज, जिला - सिद्धार्थनगर अंकित है। जबकि मेरा नाम मोहम्मद मेहदी, मेरे पिता का नाम जफ़र मेहदी और माता का नाम नफिसुन्निसा है और इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। मेरे सभी डाक्यूमेंट में भी मेरा नाम मोहम्मद मेहदी और मेरे पिता का नाम जफ़र मेहदी अंकित है।

**मोहम्मद मेहदी**
**पुत्र - जफ़र मेहदी**
**निवासी- ग्राम व पोस्ट - हल्लौर-**
**थाना - डुमरियागंज,**
**जिला -सिद्धार्थनगर - 272191**

# बहराइच व कानपुर के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों के दो दलों ने विधानसभा का भ्रमण किया

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** देश की श्रेष्ठ विधानसभाओं में सबसे आगे उत्तर प्रदेश की विधानसभा पर्यटन का नया केन्द्र बनता जा रहा है। पर्यटक छात्र छात्राएं आए दिन इसकी खूबसूरती देखने के लिए यहां आ रहे हैं। इसी क्रम में बहराइच तथा कानपुर के छात्र छात्राओं और अध्यापकों के दो दलों ने आज विधानसभा का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना को बताया कि अब तक विधानसभा के बारे में केवल सुना था लेकिन आज इसे देखकर यह बात सत्य हो गयी कि अपनी विधानसभा सबसे अच्छी विधानसभा है। बहराइच के सेठ आनन्द राम जयपुरिया स्कूल 145 छात्र छात्राओं, 15 अध्यापक अध्यापिकाओं के अलावा कानपुर के एलेन हाउस पब्लिक स्कूल के 20 सदस्यीय दल ने पूरे विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हे बताया कि यह विधानसभा केवल 403 विधायको की नही, बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता की यह विधानसभा है।

उन्होंने बताया कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जनता के प्रति जवाबदेही होने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी एक विधायक की ही होती है न कि किसी अधिकारी की। इसलिए जब तक विधायिका मजबूत नही होगी तब तक लोकतंत्र मजबूत नही होगा। उन्होंने बताया कि 18वीं विधानसभा में अधिकतर पढ़े लिखे विधायक हैं। यह भी कहा कि राजनीति का स्वरूप अब बदल रहा है। इसलिए अच्छे लोगों को राजनीति में आना चाहिए। एक छात्रा के सवाल के जवाब में श्री महाना ने बताया कि एक सिक्के दो पहलू की तरह ही लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। इस मौके पर जब एक छात्र ने यह जानना चाहा कि आखिर विधानसभा में क्या कार्य किए जाते हैं? इस पर श्री महाना ने उन्हे बताया कि विधानसभा में विधेयक पारित किए जाते हैं। जिसके अंतर्गत कानून व्यवस्था से लेकर जनहित के विकास के कार्य किए जाते हैं।

# ग्राम प्रधान पर समिति के सदस्य ने लगाया मनमानी का बड़ा आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

> जिला पंचायत राज अधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी को 7 दिवस में जांच का दिया आदेश

**बलरामपुर।** जहां ग्राम पंचायत में विकास कार्यो को लेकर सरकारी दावे तो यही बताते है कि गांव का विकास समितियां के देख रेख में ग्राम पंचायतों में विकास कार्य पूर्ण करवाया जा रहा है लेकिन धरातल पर जो तस्वीर उभर कर आ रहे हैं वह सारे सरकारी दावो की पोल खोलता दिखाई दे रहा है। और ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो को लेकर लूट मचा हुआ जिसमें ग्राम प्रधान व सचिव के साथ विभागीय उच्च अधिकारियों के मिलीभगत से सरकारी धन का बंदरबाट अक्सर देखने को मिल रहा है ऐसे में ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो की गुणवत्ता पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगता देखा जा रहा।

वही बहुत से ऐसे ग्राम पंचायत है जंहा कार्य सिर्फ कागजो में ही दिखता है धरातल पर ऐसा कुछ भी नही की ग्राम पंचायत अध्यक्ष प्रधान के द्वारा कोई विकास कार्य करवाया गया है। ऐसा ही एक मामला विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम पंचायत सिसहनिया घोपलापुर का है जहां पर ग्राम पंचायत के विकास कार्यो को लेकर समिति के गठन की बात सामने आ रही जिसमे कार्यो के बारे में कोई भी प्रस्ताव य निर्णय समित के सदस्यों के बीच खुली बैठक होने के बाद उस पर कार्य करवाया जाता है लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायत के सदस्य बदरउज्जमा चौधरी का आरोप है कि बिना किसी सदस्य की सूचना और खुली बैठक के ग्राम प्रधान ने अपनी मनामनी की है जिसको लेकर ग्राम पंचायत सदस्य के द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है की ग्राम प्रधान के द्वारा समिति की कोई खुली बैठक न करते हुए अपने मनमानी ढंग से ग्राम पंचायत के कार्य योजना और प्रस्ताव के साथ विकास का कार्य करवाया है। जिसकी शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी को डाक से भेजकर दर्ज कराई है। जिसमे आरोप है कि ग्राम प्रधान विकास को लेकर अपनी मनमानी करते हैं जिसकी जांच को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने विकास अधिकारी पचपेड़वा को जांच कर अपनी रिपोर्ट 7 दिवस में भेजने की बात की है जिसमें कार्यवाही की जाये। अब देखना यह होगा कि ग्रामपंचायत के विकास को लेकर खण्ड विकास अधिकारी क्या रिपोर्ट उच्च स्तरीय अधिकारी को भेजते जिससे कार्यो में भ्र्ष्टाचार का खेल बन्द हो और उसपर अंकुश लगे।

# सरकार हर जरूरतमंद परिवार को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धः पीओ डूडा

## कहा-आवास विहीन गरीब परिवारों के लिए वरदान पीएम आवास योजना



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** तीन दिवसीय भारत विकसित यात्रा कार्यक्रम के तहत पीएम आवास लाभार्थियों को दिए जाने वाले आवास के लिए हुए जिले के नगर निगम विभिन्न नगर पंचायतों,नगर पालिकाओं में भूमि पूजन व स्वीकृति पत्र वितरण के सफल कार्यक्रम के बाद पीओ डूडा यामिनी रंजन ने कहा है कि पीएम आवास योजना के तहत अब तक जिले में हजारों लाभार्थियों को अपना पक्का घर मिल चुका है। सरकार हर जरूरतमंद परिवार को घर उपलब्ध कराने के लक्ष्य को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ तेज गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जन-कल्याण की विभिन्न योजनाओं के जरिए देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के ईमानदार प्रयास कर रही है। जमुनिया बाग में चाय का ठेला लगाने वाले तौहीद अंसारी कहते है कि पीएम आवास योजना आवास विहीन गरीब परिवारों के लिए वरदान है। अगर यह योजना न होती तो शायद मेरे बहनोई के मौत के बाद बेघर हो चुकी मेरी बहन खुर्सीदा के सर पर छत नसीब नही होती। गरीबी क्या होती है जाड़े गर्मी बरसात में छोटे छोटे बच्चो के साथ जीवन यापन कितना मुश्किल होता है इसे हमसे अधिक कोई नही समझ सकता।चाय वाले तौहीद का कहना है कि अपनी छत, अपना घर पाने की खुशी अनमोल होती है साहब। पीएम आवास हमारे लिए केवल ईंट, सीमेंट से तैयार ढांचा नहीं है बल्कि इससे हमारी भावनाएं, हमारी आकांक्षाएं जुड़ी हैं। घर की चहारदीवारी हमें सुरक्षा तो प्रदान करती ही है, साथ ही हमारे अंदर एक बेहतर कल का भरोसा और विश्वास भी जगाती है। तौहीद और उनकी बहन का परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व डूडा के पीओ यामिनी रंजन का तहेदिल से शुक्रिया अदा करना नही भूलता है।

### गैंग रेप करने के आरोपी की जमानत स्वीकृत

**अयोध्या।** घर में घुसकर गैंग रेप करने के आरोपी की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद प्रभारी जनपद सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ने स्वीकृत कर दिया।मामला थाना कोतवाली अयोध्या अंतर्गत रामघाट क्षेत्र का 2018 का है। पड़ोसी शशिकांत त्रिपाठी ने संदीप चौबे उर्फ लव कुश एवं शिवम चौबे को पीड़िता के यहां मकान किराए पर दिलाया तथा 29 मई 2018 को तीनों लोगों ने मिलकर धोखा देते हुए कूट रचित विवाह अनुबंध पत्र का कागज तैयार करवा लिया।

# हर घर हर मंदिर दीपावली मनाएं देशवासीः विनोद सिंह

**अयोध्या।** हिन्दू वाहिनी संघ अयोध्या की मासिक बैठक का आयोजन आज सूर्यकुण्ड दर्शननगर में किया गया जिसमे मुख्य रूप से अयोध्या जिले में नवनिर्मित श्री राम जन्मभूमि जी में प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे देश में दीपावली



पर्व मनाने की अपील पूरे देशवासियों से किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष विनोद सिंह हिंदू वाहिनी संघ अयोध्या के साथ साथ, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा देवराज वर्मा जिला अध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ राम शंकर शर्मा, जिला सचिव संतोष दूबे, जिला महामंत्री सुरेश कुमार विधानसभा अध्यक्ष संतोष मौर्य , जिला मिडिया प्रभारी लव पाण्डेय, अवनीश शुक्ला, शाशविंद दुबे आदि लोग उपस्थित रहे, सभी ने हिन्दू वाहिनी संघ के विस्तार के लिए विचार विमर्श किया इस मौके शाशविंद दुबे ने बताया कि हम सभी हिंदू भाइयों को शाकाहारी बनने के साथ गौ माता की सेवा करनी चाहिए कही भी कोई गौ माता पे अत्याचार करता है तो हिंदू वाहिनी के पदाधिकारी एकजुट होकर उसके खिलाफ कन्नूनी कार्रवाई करेंगे।

# मां शांति सेवा फाउंडेशन कार्यालय पर निबंध प्रतियोगिता एवं कंबल वितरण को लेकर अहम बैठक संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज प्रधान कार्यालय पर राम की नगरी अयोध्या स्थित राम कथा पार्क में 22 दिसंबर दोपहर 12ः00 बजे अयोध्या कला संस्कृति महाकुंभ में मां शांति सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में अयोध्या कला संस्कृति पर होने जा रही निबंध प्रतियोगिता को लेकर कई मुद्दों पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियो ने अपने विचार व्यक्त किया। साथ ही निर्धन असहाय एवं राहगीरों को ठंड से बचाने के लिए कंबल व्यवस्था कर वितरण पर भी हुई, फाउंडेशन अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी ने बैठक अध्यक्षता कर रहे सुरेंद्र उपाध्याय कादीपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्र प्रकाश चौधरी को सम्मान कर बैठक का शुभारंभ किया गया। संस्था संरक्षक एवं निबंध प्रतियोगिता निदेशक बसंत राम ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर 12 तक के बच्चे भाग लेंगे यह प्रतियोगिता निशुल्क होगी सभी लोग 22 दिसंबर को दोपहर 11ः30 बजे पहुंचकर सराहना की। निबंध कार्यक्रम प्रभारी विनय प्रकाश मौर्य ने बैठक का संचालन किया। बैठक में वैभव




प्रतियोगिता में शामिल हो। प्रतियोगिता ठीक 12:00 बजे प्रारंभ हो जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष उपाध्याय ने बैठक में अपने विचार के साथ बैठक की श्रीवास्तव, अर्पित मौर्य, श्रीमती सुषमा गौतम, श्रीमती सुमन गुप्ता, सूरज चौधरी, इंद्रजीत, आदि मौजूद रहे।

### समाजसेवी ने कराई प्रेमी युगल की शादी

**गोसाईंगंज -अयोध्या।** स्थानीय नगर के सत्संग घाट शिव मंदिर में समाजसेवी हनुमान सोनी की उपस्थिति में प्रेमी युगल का विवाह संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार पूनम विश्वकर्मा जंगलपुर टंडौली थाना गोसाईंगंज अयोध्या लड़का-अमित विश्वकर्मा दर्शन नगर अयोध्या के बीच लगभग 6 वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी कर साथ रहने की जिद पर अड़े थे, पर दोनों के परिजन शादी के विरोध में थे। मामला गोसाईगंज थाने पर पहुंचा तो गोसाईगंज पुलिस ने लड़के को थाने बुलाया उसके बाद लड़के से बातचीत हुई तो लड़का शादी करने को तैयार हो गया।

# अवनीश तिवारी बने युवा सेना अयोध्या के जिला प्रमुख

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या के शिवसेना कार्यालय पर हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री शिवसेना मुख्य नेता एकनाथ शिंदे साहब के मार्गदर्शन व शिवसेना राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल के आदेश पर उत्तर प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी के नेतृत्त्व में जिला कार्यकारिणी में ÷शिवसेना जिला प्रमुख (युवासेना) अयोध्या ÷ के रूप में अवनीश तिवारी को नियुक्त किया जाता है । नियुक्त की अवधि अग्रिम नियुक्ति तक वैध होगी । प्रदेश प्रमुख ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप वंदनीय हिंदू हृदय



सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा और धर्मवीर आनंद दीघे साहब की शिक्षाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा देंगे 7 मुझे यह भी विश्वास है कि आप अपने जिला में शिवसेना को मजबूत करने के लिये सभी समान विचारधारा वाले लोगों का सहयोग लेते हुए अपने अधिकारो में सब कुछ करेंगे।

# अभिभावकों पर ड्रेस खरीदने का दबाव बनाने में लाचार दिख रहे है गुरु जी

*अवधनामा संवाददाता*

**सोहावल -अयोध्या।** महीनों पहले बड़ी संख्या में डीबीटी का पैसा अभिभावकों के खाते में पहुंच चुका है। इसके बावजूद अभिभावक अपने बच्चों के लिए ड्रेस नही खरीद रहे है। ठंड के दिनों में बिना स्वेटर के परिषदीय विद्यालयों में बच्चे पढ़ाई करने आ रहे है। दिनों दिन बढ़ रही सर्द मौसम के बीच अपनी कक्षाओं में ठिठुर कर बच्चे पढ़ाई करने को विवश है। तो वहीं अभिभावकों पर ड्रेस खरीदने का दबाव बनाने में गुरु जी लाचार दिखाई पड़ रहे है।शिक्षा क्षेत्र सोहावल में 161 परिषदीय विद्यालय है। जिनमें एक कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय अरकुना भी शामिल है। इन दिनों सुबह से ही बच्चों पर ठंड का असर दिखाई पड़ने लगता है। इसके बावजूद परिषदीय विद्यालयों में बड़ी संख्या में बिना स्वेटर,जूता,मोजा के बच्चे पढ़ाई करने आने आ रहे है। मालूम हो कि बीते अगस्त माह तक बड़ी संख्या में डीबीटी का पैसा बारह सौ रूपए प्रति बच्चे के हिसाब से अभिभावकों के खाते में शासन स्तर पर भेजा जा चुका है। वहीं विभागीय अधिकारी शिक्षकों पर बच्चों की फोटो ड्रेस के साथ प्रेरणा एप पर लोड करने का दबाव बना रहे है। तो शिक्षक अभिभावकों पर ड्रेस खरीदने का दबाव बनाने पर लाचार दिखाई पढ़ रहे। शुक्रवार को हिंदुस्तान ने कई परिषदीय विद्यालयों में पहुंचकर ड्रेस की स्थिति का जायजा लिया। तो विद्यालयों में काफी संख्या में बिना स्वेटर,जूता,मोजा के पढ़ाई करते बच्चे दिखाई पड़े। दबी जुबान शिक्षकों ने बताया कि अभिभावक डीबीटी का पैसा खेती किसानी पर खर्च कर चुके है। ड्रेस के लिए अधिक दबाव बच्चों पर बनाया जाए। तो वह स्कूल नहीं आते है। उल्टे विद्यालय में शत - प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति का भी विभगीय दबाव बना रहता है। अध्यापकों ने बताया कि दो साल पहले शासन की व्यवस्था के अंतर्गत बच्चों का ड्रेस स्कूलों में सामूहिक रूप से बंटवा दिया जाता था। अब अभिभावकों के खाते में डीबीटी की धनराशि सीधे पहुंच रही है। इसलिए अभिभावकों पर ड्रेस के लिए ज्यादा दबाव बनाने पर अपने को असहज महसूस कर रहे है। खंड शिक्षधिकारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि अभी बच्चों को ठंडक का एहसास नही हो रहा है। अभिभावकों से बच्चों के ड्रेस,स्वेटर की जल्द खरीददारी के लिए कहा जा रहा है। पचास प्रतिशत से अधिक बच्चों का डीबीटी का पैसा आ चुका है। ठंडक अधिक बढ़ने पर अभिभावक स्वयं अपनी जिम्मेदारी समझेंगे।

### कृषि विवि में छात्र-छात्राओं ने देखा विकसित भारत 2047 का लाइव प्रसारण

**कुमारगंज -अयोध्या।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत ञ्च2047 वायस ऑफ यूथ का शुभारंभ किया। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में एक साथ लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षण संस्थान की भूमिका व्यक्ति निर्माण की होती है और व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। भारत के लिए यह अमृकाल का समय आया है और इसके पल-पल का लाभ उठाना है, इसे गवाना नहीं है। उन्होंने कहा कि काशी हिंदू विवि, लखनऊ विवि, विश्व भारती, गुजरात विद्यापीठ सहित अनेक संस्थानों ने देश की चेतना को सशक्त बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के हर व्यक्ति को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अलग सोच विकसित कर कार्य करना होगा। विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए देश के सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ने का काम करें।

### भगवंत सिंह ने ग्रीको रोमन स्पर्धा में अवध विवि को दिलाया पहला कांस्य पदक

**अयोध्या।** पंजाब के चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता के ग्रीको रोमन स्पर्धा के 82 किलोग्राम भार वर्ग में अवध विश्वविद्यालय के छात्र भगवंत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को प्रतियोगिता का पहला कांस्य पदक दिलाया, इसी के साथ भगवंत सिंह ने खेलो इन्डिया यूनिवर्सिटी खेल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। इस टीम के मैनेजर के.के. तिवारी एवं कोच प्रेम चन्द यादव रहें। विजेता खिलाड़ी की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने भगवंत सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि निरन्तर अभ्यास से लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। खिलाड़ी के कठिन परिश्रम ने विश्वविद्यालय को पहला कांस्य पदक दिलाया। विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाडी को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। क्रीड़ा सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता में कुश्ती पहलवानों से अभी और पदकों की उम्मीद है। विजेता खिलाड़ी की सफलता पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, कुलानुशासक प्रो. एस. एस. मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. जसवंत सिंह, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह,महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, डॉ. अनुराग पांडेय, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. विनय सिंह, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. प्रवीन सिंह, डॉ. सन्तोष गौड़, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अर्जुन सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# स्वर्गीय राम कलप शुक्ल की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शैक्षिक बाल मेले का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वर्गीय राम कलप शुक्ल की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में शैक्षिक बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी के साथ फूड स्टालों की धूम रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज हैरिंग्टनगंज रजनीश पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और स्वर्गीय श्री शुक्ला की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इससे पहले मुख्य अतिथि ने मेले का हिस्सा बने सैकड़ो लोगों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह मेला निश्चित तौर पर अनोखा,अद्भुत और अपीलिंग रहने के साथ साथ संस्कृति, विज्ञान और बच्चों के सर्वांगीण विकास की बात करने में सफल रहा। इस दौरान बच्चों की हाजिर जवाबी ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। उप प्रबंधक रमाशंकर शुक्ल ने बताया की बच्चों ने शैक्षिक स्तर के तहत स्वास्थ्य , शिखा, प्रकृति, विज्ञान और समाज के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न तरह की स्टालें लगाने के साथ एक दर्जन से ज्यादा स्वनिर्मित व्यंजनों का भी स्टॉल लगाया।

इस दौरान हर किसी ने बच्चों की प्रतिभा की भूरी भूरी प्रशंसा की।प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल, प्रशासनिक अधिकारी प्रभा शंकर शुक्ल और प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान गायत्री देवी, अतुल पांडेय, घनश्याम त्रिपाठी, अशोक तिवारी, भोला सिंह, गजराज यादव, प्रेम यादव, राजू दूबे, रवींद्र वर्मा, अवधेश सिंह, राम सुख मौर्या, राम अवतार प्रजापति, विकास सिंह, पवन



तिवारी, राम किशोर तिवारी, ज्ञानी यादव, विजय सिंह, जगदीश मिश्रा, प्रदीप सिंह सहित सैकड़ों अभिभावक और क्षेत्रीय गणमान्य मौजूद रहे।

### जन सामान्य तक सभी सुविधाओं का लाभ ही विकसित भारत यात्रा का लक्ष्य

**अयोध्या।** अयोध्या मंडल भारतीय जनता पार्टी की तरफ से जिला प्रशासन के सहयोग से अयोध्या नगर निगम के अयोध्या मंडल के विभिन्न वार्डों में विकसित भारत यात्रा के माध्यम से जन सामान्य को सरकार के द्वारा किए गए समस्त कार्यों की जानकारी प्रदान कर करके उन सभी को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वार्डों के पार्षद जनप्रतिनिधि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता महापौर गिरीश त्रिपाठी माननीय सांसद लल्लू सिंह महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी का सहयोग प्राप्त हुआ।

### विधायक अयोध्या ने मुख्यमंत्री को दिया जयपुरिया स्कूल वार्षिक उत्सव का निमंत्रण पत्र

**अयोध्या।** नगर विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता ने अपने विद्यालय सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल अयोध्या के वार्षिक उत्सव का निमंत्रण पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मिल कर दिया।

विधायक अयोध्या जो की सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल के चेयरमैन भी है,और विशाल गुप्ता डायरेक्टर जयपुरिया स्कूल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की,और वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि आने का आग्रह किया।जिस पर मुख्यमंत्री ने आगामी 28 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में आने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व विधायक श्री गुप्ता के द्वारा मुख्यमंत्री को अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और उनसे विस्तृत चर्चा कर आगे के दिशा निर्देश प्राप्त किए।

# स्वर्गीय प्रभात सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर मेधावी छात्रों को मिलेगी साइकिल और 15000 जरूरतमंदों को कंबलः शिवेंद्र सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 5 जनवरी को गत वर्ष के भांति इस वर्ष भी परंपरागत रूप से पूरा ब्लॉक प्रमुख व ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह गरीबों निराश्रितो असहायो व वृद्धि जनों को निशुल्क कंबल तथा मेधावी छात्राओं को साइकिल व सिलाई मशीन वितरण करेंगे कार्यक्रम का आयोजन अयोध्या विधानसभा की मड़ना ग्रामसभा के संस्थान के सिविर कार्यालय पर पूर्वाह्न 11:00 से किया जाएगा सोमवार को शहर के होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी संस्थान के प्रबंधक स्वयं शिवेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वैसे तो यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है इस बार यह कार्यक्रम स्वर्गीय पिताजी प्रभात सिंह जी के द्वितीय पुण्य स्मृति पर आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में करीब पंद्रह हजार जरूरतमंद लोगो को कम्बल तथा विकासखंड पूरा बाजार की प्रत्येक ग्राम सभा में हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल का वितरण किया जाएगा।इसके अलावा आर्थिक स्थिति से कमजोर परिवार की बालिकाओं को सिलाई मशीन भी वितरित की जाएगी।श्री सिंह ने बताया कि करीब डेढ़ हजार से अधिक छात्र छात्राओं को पठन पाठन सामाग्री वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।इसके लिए संस्थान के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा युद्ध स्तर पर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया जा रहा है। बताया गया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार के कई मंत्री, रामनगरी के कई प्रमुख संत धर्माचार्य,जिले के कई वरिष्ठ अधिवक्ता प्राध्यापक समाजसेवी और प्रबुद्धजन शामिल होंगे। पदाधिकारियों की ओर से सभी जरूरतमंद लोगों ग्रामसभा प्रतनिधियो तथा गणमान्य नागरिको से निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की गई है।

### अयोध्या को जाम से मिलेगी निजात, बनकर तैयार मल्टी लेवल पार्किंग

**अयोध्या।** रामलला के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने के बाद अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए योगी सरकार अयोध्या में ट्रैफिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में जिला कचहरी के बाहर मुख्य मार्ग पर अधिवक्ताओं व वादकारियों के वाहनों से लगने वाले जाम से अब नगरवासियों को निजात मिलने वाली है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत अयोध्या में कचहरी के बाहर मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मल्टी लेवल पार्किंग के बन जाने से अधिवक्ताओं और वादकारियों को अपने वाहन खड़ा करने के लिए सड़कों पर स्थान ढूंढने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अयोध्या जनपद में कचहरी के बाहर मल्टीलेवल पार्किंग की आवश्यकता काफी लंबे समय से महसूस की जाती रही है, जिसके लिए कचहरी के पास ही मल्टी लेवल पार्किंग की बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है।

# योजनाएं पात्रों तक पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्यः अरविंद मौर्य




*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** जनता के विश्वास एव प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के साथ आज हमारा भारत देश विकसित भारत के रूप मे मजबूत हो रहा है। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि समाज के सभी वर्गो को योजनाओं का लाभ मिले और प्रत्येक नागरिक के चेहरे पर मुस्कान हो। उक्त बाते सोमवार को ग्राम पंचायत टेरा दौलतपुर मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार की तमाम ऐसी योजनाएँ है जिनके प्रति लोग जागरूक नही है ऐसी योजनाओं को उनके बीच तक पहुंचना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। श्री मौर्य ने विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कार्यक्रम मे बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग सहित अन्य स्टालो का जायजा लिया। जिला महामंत्री संदीप गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और विश्वास पर काम कर रही है। जिसका फायदा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और लोगो का सरकार की तरफ विश्वास बढ़ रहा हैं। खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई कराते हुए बच्चो को अन्नप्राशन कराया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चो को पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता शशि गुप्ता, आशीष कुमार वर्मा, एडीओ एम आई अरुण कुमार व्यास, एडीओ कृषि देवेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान शमशेर कुमार आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम ग्राम सदरुद्दीनपुर मे सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम, ग्राम प्रधान सुमेरा बानो, प्रतिनिधि औसफ अंसारी की अध्यक्षता मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया तथा ग्राम पंचायत अनखा व गदाईपुर मे भी यात्रा का स्वागत किया गया।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अगहनी महादेवा मेला का शुभारंभ, विधि विधान से हुई पूजा अर्चना



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** भूतभावन भगवान शंकर की धरती महादेवा में लगने वाले अगहनी मेले का शुभारंभ आज विधि विधान से हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्री लोधेश्वर महादेवा मेले का शुभारंभ जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने मुख्य द्वार पर फीता काटकर किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंदिर परिसर पहुंचकर शिवलिंग की विधिवत पूजा अर्चना की। मेले के शुभारंभ के दौरान डीएम एसपी और जनप्रतिनिधि बैंड-बाजों की धुनों के साथ मंदिर पहुंचे और वैदिक मंत्रों के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान पूर्व विधायक शरद अवस्थी, एमएलसी अंगद सिंह आदि भी उपस्थित रहे। इस तरह महादेवा महोत्सव का आरंभ हो गया। महोत्सव में इस बार होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के साथ ही इनका समय भी तय हो गया है। इस बार प्रेक्षागृह नही बल्कि मेला मैदान में बने सांस्कृतिक पंडाल में होंगे। कार्यक्रमों का आरम्भ सोमवार को भजन सम्राट अनूप जलोटा की प्रस्तुति संग हुई। वहीं दिन में विविध आयोजन हुए। मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर का कार्यक्रम भी विशेष रहेगा। कल यानी 12 दिसंबर की शाम साधो बैंड बजेगा तो 13 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा।14 दिसंबर की रात साढ़े आठ बजे से मैथिली ठाकुर का कार्यक्रम होगा। 15 को कलर्स इंडिया कार्यक्रम, 16 को बॉलीवुड विद नाइट अभिषेक राजपूत और 17 दिसंबर को बृज के कलाकारों की ओर से फूलों की होली खेली जाएगी। दीपदान के साथ महोत्सव का समापन होगा। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

# आरक्षी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** ज़िले के एक थाने पर तैनात आरक्षी ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उसे रास्ते पर साढ़े पांच हजार रुपए मिले। आरक्षी ने मिले रुपये वास्तविक स्वामी को सौंप दिए। बताते चलें कि थाना दरियाबाद पर नियुक्त एक आरक्षी ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। आरक्षी थाने से चौकी वापस जा रहा था तभी उसे रास्ते में 55 सौ रूपये पड़े मिले। उधर परेशान व्यक्ति अपने गिरे रुपये तलाश रहा था, सिपाही ने इसकी पुष्टि होते ही उसके स्वामी को सुपुर्द कर दिए।

### मौसम ने ली करवट अलाव की बढ़ी मांग पारा लुढ़का

**बाराबंकी।** अब तक सामान्य चल रहे मौसम ने अचानक करवट ली है। पछुआ हवाओ ने कंपकंपी बढ़ा दी है। हालत यह कि आमजन को रजाई का सहारा लेना पड़ गया, वहीं अलाव की मांग भी बढ़ गई है। मौसम में तेजी से बदलाव आने लगा है। रविवार को पूरे दिन चलीं पछुआ हवाओं से दिन का पारा पांच डिग्री लुढ़क गया। इससे ठंड और ज्यादा बढ़ गई। दिन में धूप तो जरूर निकली, लेकिन हवाओं के चलते वह भी कोई असर नहीं दिखा सकी। वहीं रात के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है।

## एन्टी करप्शन टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में एंटी करप्शन टीम ने 20 हजार रुपए रिश्वत लेते लेखपाल संघ अध्यक्ष को गिरफ्तार किया है। अकबरपुर लेखपाल संघ अध्यक्ष रूपेश यादव को रंगे हाथों घूस लेते हुए टीम पकड़ कर अकबरपुर थाने ले आई है। बताया जा रहा है कि बैनामे की जमीन पर मकान बनवा रहे मकान मालिक को लेखपाल द्वारा धमकाकर अवैध वसूली की जा रही थी। लखनऊ से अम्बेडकरनगर पंहुची एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को अकबरपुर तहसील के सोनगांव में तैनात लेखपाल रूपेश यादव को सोनगांव के पास एक व्यक्ति से बैनामे की जमीन को खारिज दाखिल करने के नाम पर 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है।

बताया जाता है कि ग्राम समाज की जमीन का हवाला देकर लेखपाल जमीन मालिक से 40 हजार रुपये मांग रहा था। सोमवार को 20 हजार रुपए लेते हुए एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल को रंगे हाथ दबोच लिया। लेखपाल को विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेजा जाएगा।

### प्रान्तीय रक्षक दल का 75वां जनपद स्तरीय स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

# पीआरडी के जवान पूरी निष्ठा के साथ अनुशासित होकर दें अपनी सेवाः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** प्रान्तीय रक्षक दल की 75वां जनपद स्तरीय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में सोमवार को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी राम प्रताप सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

जिला युवा कल्याण अधिकारी राम प्रताप सिंह द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को बैज लगाकर एवं बुकें देकर स्वागत किया गया। पीआरडी के जवानों द्वारा परेड कर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को सलामी दी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने पीआरडी के जवानों को सम्बोधित करते हुये कहा कि पीआरडी के जवान



भी अन्य जवानों की तरह वर्दी पहन कर जनपद के समस्त थानों, महिला थाना एवं अन्य विभागों में निष्ठापूर्वक अपनी सेवा देते हैं। सरकार व जिला प्रशासन द्वारा पीआरडी के जवानों को पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। पीआरडी के सभी जवानों की ड्यूटी पारदर्शी रूप से लग रही है। सभी पीआरडी के जवान पूरी निष्ठा के साथ अनुशासित होकर अपनी सेवा दें। जिला युवा कल्याण अधिकारी राम प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में लगभग 450 सक्रिय पीआरडी जवान अपनी सेवा दे रहें हैं। इस परेड में 88 जवान शामिल हुए। परेड में सभी जवानों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया। पीआरडी के जवानों की भी ड्यूटी पारदर्शी रूप से आनलाइन लग रही है तथा सभी जवानों को ड्यूटी मिल रही है। सभी जवान अपनी ड्यूटी अनुशासन का पालन करते हुए सम्पादित करें। प्रान्तीय रक्षक दल की 75वां जनपद स्तरीय स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर रस्सा कसी, कबड्डी, महिला वर्ग की 100 मी0 एवं 200 मी0 दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता कैप्टन सूर्यपाल की टीम एवं उप विजेता कैप्टन बृजेश यादव की टीम, महिला वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में 100 मी0 दौड़ में प्रथम स्थान सोनी, द्वितीय स्थान रीता, तृतीय स्थान सरोज एवं 200 मी0 दौड़ में प्रथम स्थान सोनी, द्वितीय स्थान अनीता, तृतीय स्थान रीता तथा रस्सा कसी प्रतियोगिता में प्रतिभागी विजेता टीम व उप विजेता टीम को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

# अठकोनिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत अठकोनिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.पवन मिश्रा (जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन) ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा हैं। भारत के प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री का सपना है।

भारत से गरीबी मिटाना है सबका साथ, सबका विकास इस सरकार का लक्ष्य है। ग्राम पंचायत सचिव लालचन्द चौधरी ने कहा कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं, जिससे पात्र



लाभार्थियों को लाभ दिया जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराया। नोडल अधिकारी के रूप में एडीओ. आईएसबी अब्दुल गफ्फार ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को कृषि विभाग के बीटीएम श्रीधर शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, लवकुश मिश्रा आदि ने सम्बोधित किया। अधिकारियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उपस्थित लोगों को विकसित राष्ट्र व पीएम के संकल्प को साकार करने को लेकर लोगों को शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, समाज कल्याण विभाग से संबंधित पेंशन योजनायें, खाद्य एवं रशद विभाग द्वारा स्टाल, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना स्टाल, समेत स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं का स्टाल भी लगाया गया था। इस दौरान डॉ अर्चना, डॉ रामबेलास, पुनीत कुमार रंजन, लक्ष्मी पाण्डेय, नीलू देवी, पूजा भारती, मुख्य सेविका कलावती देवी, विमला देवी, वंदना, सपना गोस्वामी, अमित कुमार, दीपक कुमार, रणजीत आरती देवी आदि मौजूद रहे।

# सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को सीधे मिल रहा है : विजय लक्ष्मी गौतम

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए सभी समाज को मान और सम्मान देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकारों ने देने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने चौकीदार, आपका बेटा और परिवारीजन कह कर देश वासियों को सम्बोधित करते हैं तो मन में अपनत्व का भाव हमारे मन में जागृत होता है।

उपरोक्त बातें जिला मुख्यालय के न्यू सर्किट हाउस में जिला पदाधिकारियों, पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधियों, मोर्चा अध्यक्ष और महामंत्रियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए लोक सभा प्रभारी राज्यमंत्री ग्राम विकास, समग्र ग्राम विकास ग्रामीण अभियंत्रण विभाग विजय लक्ष्मी गौतम ने कही। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना बिचौलिए और बिना भ्रष्टाचार के सीधे



लाभार्थियों को भाजपा सरकार में ही संभव हो सका है।उन्होंने मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार बनने को भाजपा कार्यकर्ताओं, आदिवासियों, अनुसूचित वर्ग और गरीबों की जीत बताया। कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार में 12 और प्रदेश सरकार में 6 अनुसूचित वर्ग के मंत्री बना कर उन्हें कार्य करने का अवसर मिला है। कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ हैं। धारा 370 पर आए सुप्रीम कोर्ट की निर्णय का स्वागत किया। कहा कि हम सभी अपने अपने समाज के बीच में जा कर सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थी जिन्हें लाभ प्राप्त नहीं हो पाया है उन्हें दिलाने का कार्य करने का आवाहन किया। बैठक में मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, लोक सभा प्रवास योजना प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, अनीता कमल, लोक सभा प्रवास संयोजक अवधेश द्विवेदी, चेयर मैन ओमकार गुप्ता, ब्लाक प्रमुख अनिल वर्मा मौसम, जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, डाक्टर रजनीश सिंह, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह, बाबा राम शब्द यादव,सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, पूर्व चेयर मैन सरिता गुप्ता, जिला मंत्री यू पी सी डी एल डी निदेशक चंद्रिका प्रसाद, अरविंद सिंह डिंपू आदि शामिल रहे।

## ज़मीनी विवाद में दो पक्षों में विवाद में एक घायल

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जमीनी विवाद में एक पक्ष द्वारा दीवाल निर्माण करवाए जाने पर द्वितीय पक्ष द्वारा दीवाल गिराते हुए हमला कर दिया गया जिससे निर्माण करवा रहा व्यक्ति घायल हो गया। प्रकरण जलालपुर कोतवाली के शेखपुरा राजकुमारी गांव का है जहां आबादी की जमीन पर निर्माण कर पक्ष पर विरोध करते हुए दूसरे पक्ष ने हमला कर दिया। इस मारपीट में घायल हुए अभिषेक पुत्र हीरालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी दादी के नाम पर मिले आबादी के पट्टे पर निर्माण करवाने के दौरान विपक्षी पारसनाथ, हिमांशु, विजेंद्र आदि ने एकजुट होकर गाली देते हुए हमला कर दिया और नवनिर्मित दीवाल को गिरा दिया। जाते जाते विपक्षियों ने पुनः मारने की धमकी दी। इससे भयभीत पीड़ित ने जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच पडताल शुरू कर दिया है।

# परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने किया विभिन्न स्थलों का शैक्षिक भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी, बसवानपुर और काशीपुर के बच्चों ने प्राकृतिक, औद्योगिक, इतिहासिक और भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण, स्थलों का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण दल को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने मधुबेनिया चौराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शासकीय बजट के अभाव में सामुदायिक सहयोग से परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान सबसे पहले बच्चों को एक ऑयल कंपनी पर ईंधन के रूप में प्रयुक्त होने वाले पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, इलेक्ट्रिक चार्जर, सोलर सिस्टम आदि की जानकारी दी गई। उसके बाद लुंबिनी स्थित महात्मा गौतम बुद्ध के जन्मस्थली का भ्रमण किया, जहां उन्हें बुद्ध के जन्म स्थान सहित उनके द्वारा





बताए गए संदेश, अशोक स्तम्भ, तथा विभिन्न मंदिरों का दर्शन किया। उसके बाद बुटवल पहुंच कर विभिन्न स्थानों पर प्राकृतिक और मानव निर्मित वस्तुओं की जानकारी दी गई। बच्चों ने चिड़िया घर में विभिन्न पशु पक्षियों, नदी एवं झरने को देखा तथा खूब आनन्द लिया। भ्रमण दल का नेतृत्व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह और ब्लॉक समन्वयक गुणवत्ता आशीष सिंह ने किया। भ्रमण दल में तीनो विद्यालयों के कुल 77 छात्र छात्राओं सहित अब्दुल अजीज, मोहम्मद काशिफ, उमा, वंदना सिंह, विजय लक्ष्मी, सुनीता आदि शिक्षक मुख्य रूप से शामिल रहे।

## शराब पार्टी फिर युवक की गला रेत कर हत्या

**कानपुर।** आईएएस की तैयारी कर रहे युवक की गला रेतने के बाद सिर कूचकर हत्या कर दी गई। मामला कानपुर गंगा बैराज से बिठूर जाने वाले रोड का है। इसके बाद लाश को सपा के पूर्व विधायक के फॉर्म हाउस के बाहर फेंक दिया गया। बगल वाले फॉर्म हाउस के सिक्योरिटी गार्ड की सूचना पर पुलिस पहुंची ने भाग रहे एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दो अन्य युवक भाग गए। हालांकि, पुलिस ने थोड़ी देर बाद दबिश देकर उन दोनों को भी अरेस्ट कर लिया। तीनों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस ने बताया, प्रदीप ने रविवार रात इलाके में रहने वाले अपने दोस्तों सूरज, अंकुर और ललित के साथ शराब पार्टी की। इस दौरान किसी बात को लेकर तीनों का प्रदीप से झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि तीनों ने मिलकर प्रदीप का गला रेत दिया। इसके बाद उन्होंने गंगा बैराज से बिठूर जाने वाले रोड पर एटा से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राजेश्वर सिंह के फॉर्म हाउस के बाहर लाश फेंक दी।

## अब छुट्टा पशुओं से मुक्ति मिलेगीः एसडीएम



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सदर के नेतृत्व मे लगातार छुट्टा पशुओं पकडवा कर गोआश्रय स्थलों में संरक्षित करने के कार्य की प्रशंसा क्षेत्र में लोगों ने करना शुरू कर दिया। किसानों व राहगीरों को उम्मीद जगी है कि अब छुट्टा पशुओं से मुक्ति मिलेगी और दुर्घटना कम होगा। रविवार की रात में एसडीएम सदर गुलाबचंद की अगुवाई में पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस बल व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने सड़क पर घूम रहे छोटा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया। जिसमें पशुओं को कैटल कैचर के माध्यम से गोआश्रम स्थल रुधौली, भानपुर, बभनान, परशुरामपुर व कुदरहा में स्थापित आश्रय स्थलों में भेजवाया। उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र ने बताया कि अभियान अनवरत चलेगा। रोड पर घूम रहे छुट्टा पशुओं पकड़वाकर गोआश्रय स्थलों में भेजा गया। साथ ही साथ सभी ब्लॉकों में भी यह अभियान चल रहा है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बैठक

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के समस्त लाभार्थी कृषको को किसान केडिट कार्ड बनाने हेतु शासन स्तर से निर्देश प्राप्त है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने बताया है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम स्तरीय बैठक ग्रामवार/तिथिवार निर्धारित किया गया है। उन्होने बताया है कि वहाँ पर कृषि विभाग के कर्मचारी, लेखपाल एवं विकास खण्ड के ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित मिलेगें। उन्होने प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक एवं समस्त जिला समन्वयक को निर्देशित किया है कि अपने समस्त ग्रामो के सम्बन्धित बैंक के सहयोगी बैंक सखी एवं फील्ड अधिकारी को निर्धारित तिथि में भेजने की व्यवस्था करे तथा जिन कृषको का किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बना है तथा किसान क्रेडिट बनवाने के इच्छुक कृषको का फार्म भरवाकर एवं आवश्यक अभिलेख मौके पर लेकर किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना सुनिश्चित करे।

## पेंशनर्स दिवस का आयोजन 17 दिसम्बर को

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस का आयोजन आगामी 17 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11.00 बजे विकास भवन सभागार में किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य कोषाधिकारी अशोक प्रजापति ने बताया है कि उक्त बैठक में जनपद के समस्त कार्याल्याध्यक्षों द्वारा प्रतिभाग अनिवार्य है।

## कच्ची शराब के साथ दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मालीपुर थाने की पुलिस ने दो अलग अलग स्थानो से दो लोगो को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पहले मामले में बीते रविवार की शाम साढ़े छः बजे मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर सलाहुद्दीनपुर चौराहे के सुरहुरपुर रोड पर प्लास्टिक की पिपिया में तरल द्रव्य के साथ खड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की जामा तलाशी लेने पर उसने अपना नाम अखिलेश पुत्र भगेलू निवासी नेमपुर थाना मालीपुर बताया। पिपिया में भरे तीक्ष्ण गंध वाले द्रव की जांच करने पर उसमें कच्ची शराब पाई गई जिस पर मुख्य आरक्षी राजबहादुर यादव व आरक्षी अमर सिंह द्वारा अभियुक्त अखिलेश को हिरासत में ले लिया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई ठीक आधे घंटे बाद लगभग उसी स्थान पर की गई जिसमें क्षेत्र की गश्त पर निकले मुख्य आरक्षी मुहम्मद रसूल तथा आरक्षी कुलदीप को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति 10 लीटर की पिपिया में कच्ची शराब दिए हुए खड़ा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति को मय पिपिया गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के उसके दौरान उसने अपना नाम राकेश कुमार गौड़ पुत्र लालजी गौड़ निवासी सुरहुरपुर उम्र लगभग 52 वर्ष बताया।

## 75वें पीआरडी स्थापना दिवस पर किया पुरस्कृत

**कानपुर।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में वित्तीय वर्ष में 75वॉ पीआरडी स्थापना दिवस (हरिक वर्षगांठ) का आयोजन स्थान युव केन्द्र चकरपुर में मनाया गया। उक्त कार्यकम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अरूण पाठक, मण्डल मंत्री भाजपा विकान्त सिंह तथा विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी कानपुर नगर कमल किशोर द्वारा उदघाटन किया गया। उक्त स्थापना दिवस में जनपद की 04 पीआरडी टोलियों में 88 पीआरडी जवानों ने प्रतिभाग किया तथा जवानों द्वारा तिरंगे व विभाग के ध्वज को सलामी दी गई। परेड में टोली नम्बर 01 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसका नेतृत्व आशीष शुक्ला द्वारा किया गया तथा समस्त परेड का नेतृत्व विनोद कुमार द्वारा किया गया। उक्त कार्यकम में पीआरडी जवानों के बीच रस्सा कसी तथा 100 मी व 400 मी दौड़ की प्रतियोगिताओ का आयोजन किया। जिसमें प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया गया।

# जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंगः सांसद

अवधनामा संवाददाता

**मोदी सरकार के फैसले पर लगी सुप्रीम कोर्ट की मुहरः सांसद**

**कानपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने आज अनुच्छेद 370 पर सुनाई करते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट की संवैधानिक पीठ द्वारा कहा गया आर्टिकल-370 को बेअसर कर नई व्यवस्था से जम्मू-कश्मीर को बाकी भारत के साथ जोड़ने की प्रक्रिया मजबूत हुई है। आर्टिकल 370 हटाना संवैधानिक रूप से वैध है। सुप्रीम कोर्ट की इस फैसले का स्वागत करते हुए कानपुर सांसद ने देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मोदी सरकार के एतिहासिक और साहसिक फैसले पर देश की सबसे बड़ी अदालत की भी मुहर लग चुकी है।

सांसद ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कोर्ट के इस फैसले से विपक्ष का मिथ्या प्रचार जनता के सामने आ गया है। कोर्ट की बात को दोहराते हुए सांसद पचौरी ने बताया कि जब राजा हरि सिंह ने भारत के साथ विलय समझौते पर दस्तखत किए, तभी जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता खत्म हो गई थी। सांसद ने कहा कि पिछले 70 सालों में कभी भी किसी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में निवास करने वाले हमारी माताओं, बहनों, बेरोजगार युवाओं तथा गरीबी में जीवन यापन करने वाले किसानों की पीड़ा को नही समझा, उनके दर्द को नही महसूस किया, लेकिन मोदी द्वारा उनकी चिंता करते हुए उन्हें इस नारकीय जीवन से मुक्ति दिलाने का कार्य किया जा रहा है, आज जम्म-कश्मीर में निवास करने वाले लोग सुरक्षित महसूस कर रहे है, लोगों का प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर विश्वास बढ़ रहा है और यही कारण है कि विपक्षी परेशान है और लोगों को झूठ बोलकर उक्साने का प्रयास कर रहे है।

# सपा ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी द्वारा भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में सोमवार को 10 सूत्री जन समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश में गिरती हुई कानून व्यवस्था, पुलिसिया उत्पीड़न, बढ़ती हुई महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है देश और प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार का सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास तथा किसानों की आय दोगुने करने का नारा एकदम झूठा एवं छलावा है।

किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहा है और सरकारी धान क्रय केंद्र जो सिर्फ कागजो में चल रहे हैं जिसके कारण किसान अपने धान को नहीं बेच पा रहा है। जिसका फायदा विचोलिये उठा रहे हैं और किसान अपने धान को व्यापारियों के हाथों बेचने को मजबूर है छुट्टा पशुओं से जहां किसान के फसलों को भारी नुकसान के साथ-साथ जान माल की छति हो रही है जर्जर ग्रामीण सड़कों पर चलना दुश्वार हो चुका है सड़कों में बड़े-बड़े गडढो के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

इन्हीं सब 10 सूत्री जन समस्याओं के समाधान हेतु सपा कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के माध्यम से द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम 10 सूत्रीय मांग पत्र समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लालजी यादव, उप्र विधानसभा के पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडे, पूर्व सांसद आलोक तिवारी, विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, पूर्व विधायक अनिल सिंह, पूर्व विधायक विजय पासवान व जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी आदि सैकड़ो समाजवादी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग किया।

# दिव्यांगजनों को सशक्तिकरण विभाग ने बांटी ट्राईसाईकिल

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृतिम अंग सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत आज उनकी आवश्यकतानुसार, 60 ट्राई साईकिल, 05 व्हील चेयर, 05 बैसाखी, 7 कान की मशीन वितरित की गयी। इस अवसरजिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने मुख्य अतिथि सुरेन्द मैथानी का स्वागत किया। मंच का संचालन करते हुए वीरेंद्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजन को आत्म निर्भर बनाने में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की भूमिका अहम है। समाज व सरकार को मिलकर दिव्यांगजन के पूनर्वास के लिए काम करना चाहि। विधायक सुरेन्द मैथानी ने कहा की सरकार दिव्यांगजनो के प्रति संवेदनशील है। दिव्यांगजन को समाज में बराबरी का दर्जा मिले इसके लिए प्रयासरत है विधायक ने कहा दिव्यांगजन को जहाँ मेरी जरूरत महसूस हो हमे याद करे। हम आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है। सरकार दिव्यांगजन के उत्थान के लिए कृत संकल्प है। कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया की सरकार दिव्यांगजन को विवाह पुरस्कार के रूप में दोनो व्यक्तियों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रूपया, रोजगार के लिए दुकान संचालन के लिए दस हजार रूपया, दुकान निर्माण के लिए बीस हजार रूपया देती है। दिव्यांग पेंशन के लिए प्रति माह 1000 रूपया दिव्यांगजनों को सरकार की तरफ से मिलते है। जो दिव्यांगजन ट्राई साईकिल व अन्य योजनाओं का लाभ लेना चाहते है वो तत्काल सम्पर्क कर सकते है। जिन दिव्यांगजन पेंशनर ने अपना राशन कार्ड नहीं बनवाया है वो राशन कार्ड बनवा कर विभाग में जमा करवा दे जिससे उनकी पेंशन बाधित न हो। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम, वीरेन्द्र कुमार, राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय विकलांग पार्टी, पार्षद दीपक सिंह, पूर्व पार्षद प्रेम सिंह, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, आनन्द तिवारी आदि उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में बीडीओ ने दिलाई शपथ

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत रमवापुर व पटखौली में हुआ। अपने ग्राम पंचायत कार्यक्रम की अध्यक्षता रमवापुर प्रधान ज्योत्सना पाण्डेय ने किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश सुनाए गए।कार्यक्रम में सभी संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा लाभार्थियों को चयन किया गया।

प्राथमिक विद्यालय पटखौली व रमवापुर में प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना के लाभार्थियों के संबंध में बताया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में स्टाल लगाकर लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई।और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 125 लोगों की



जांच की गई। ग्राम पंचायत पटखौली में भी स्वास्थ्य की जांच की गई । कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा। मुख्य अतिथि सदर विधायक श्याम धनी रही ने भाजपा सरकार के योजनाओं के बारे मे जानकारी दी उन्होंने ने कहा उज्जवल गैस कनेक्शन के जरिए महिलाओं को फ्री गैस व गरीबों को फ्री राशन दे रही है गरीबों के प्रति सरकार चिंतित हैं। सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह ने रमवापुर व पटखौली में सरकार के योजनाओं को विस्तृत जानकारी दी सांसद के द्वारा जिले में लाये गये सड़क व रेल बजट जैसे योजनाओं की जानकारी दी लोग सरकार के योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी राम प्रवेश ने रमवापुर व पटखौली में एकता एवं अखंडता की शपथ भी दिलाई। पटखौली ग्राम प्रधान कमलेश चौरसिया ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की अध्यक्षता करते हुए सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराये व आये हुए मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान सचिव मनोज कुमार,पटखौली प्रधान कमलेश चौरसिया, प्रधान ज्योत्सना पाण्डेय, प्रधान प्रतिनिधि अरविन्द पाण्डेय, शैलेश कुमार चौरसिया, रोजगार, अजय कुमार, सेवक कृपा शंकर, मनोज कुमार शिक्षामित्र युनुस एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, एडीओ कापरेटिव यूनूस अंसारी, मोश आरीफ राम कृष्ण मिश्रा, मुरारी सिंह, आरबीएस के टीम डा.प्रियंका त्रिपाठी, डा.जनार्दन मणि त्रिपाठी राजन मिश्रा, प्रीती भुषण, प्रवीन दुबे एल टी, आयुष्मान मित्र रमा सिंह पटेल, चुन्नु गौड़, निजाम जिलानी, राहुल सिंह, नितू सोनू सिंह, योगेन्द्र भारतीय, विनय वर्मा, बाल मुकुंद मिश्रा, आरिफ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हज आवेदकों को आवेदन में किसी प्रकार की असुविधा न हो : धर्मपाल

अवधनामा संवाददाता



■ प्रत्येक जिले में ऑनलाइन आवेदन के लिए हज सुविधा केन्द्र स्थापित किया जाय

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में हज यात्रा-2024 की व्यवस्थाओं के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिये कि हज आवेदन के लिए विस्तृत गाइडलाइन्स का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय, ताकि हज आवेदकों को आवेदन करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि हज यात्रा हेतु सभी तैयारियां अभी से शुरू कर दी जायें और हज यात्रा के कार्यों में किसी भी स्तर पर कोई भी लापरवाही या कमी न होने दी जाय।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने निर्देश दिया कि हज आवेदकों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर ऑनलाइन आवेदन करने हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों द्वारा हज सुविधा केन्द्र स्थापित कराया जाय। इसके साथ ही हज सत्र के कार्यों के सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु कर्मियों के मध्य कार्य आवंटित किया जाय। हज आवेदन की प्रोसेसिंग से सम्बंधित कार्यों को सुचारू एवं सफलतापूर्वक सम्पादित करने हेतु सम्बंधित कर्मचारियों के मध्य जनपदवार आवंटन भी किया जाय। हज सत्र 2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट- पद व मोबाइल एप 'हज सुविधा' पर 04 दिसम्बर से आरम्भ होकर 20 दिसम्बर तक भरे जा सकेंगे।

बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हज यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाय ताकि बिना किसी बाधा के हज यात्रा 2024 सकुशल सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों की यात्रा सुखद हो, इसलिए प्रत्येक स्तर पर सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण किया जाय और यदि कहीं कोई कमी दृष्टिगत होती है तो उससे तत्काल अवगत कराते हुए उसका निराकरण कराया जाय। बैठक में अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मोनिका एस गर्ग ने मंत्री को हज यात्रा 2024 के सम्बंध में की जा रही व्यवस्थाओं से अवगत कराया और उन्हें आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

## प्रदेश में अब तक 16.50 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रूपये प्रति कुं0 और धान ग्रेड-ए 2203 रूपये प्रति कुं0 की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 16.50 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान किसानों से सीधे क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 246172 किसानों को लाभान्वित करते हुए 3063.46 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है।

246172 किसान हुए लाभान्वित

खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 87791 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। खरीद केन्द्रों पर किसानों को कोई असुविधा न हो, इसका पूरा-पूरा ध्यान रखते हुए खरीद की जा रही है।

## समस्याओं के त्वरित निस्तारण हो : केशव

### उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना।

जनता दर्शन मे 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। उपमुख्यमंत्री ने फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार आपके साथ है, प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। प्रकरणो को सम्बंधित अधिकारियों को सन्दर्भित करते हुये निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराया जाए। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

## सेवानिवृत्त पीसीएस अफसर की बेटी से चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म

अवधनामा संवाददाता

■ नशीला पदार्थ पिलाकर की वारदात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में रहने वाले सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी की बेटी को तीन युवक बहाने से अपने साथ ले गए और जबरन नशीला पदार्थ पिलाया कर चलती कार में गैंगरेप किया। घटना के बाद आरोपियों ने उसे मुंशीपुलिया के पास छोड़ा और भाग निकले। रविवार को वजीरगंज थाने में गैंगरेप का केस दर्ज किया गया और पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कार बरामद कर ली है।

डीसीपी पश्चिम राहुल राज के मुताबिक विभूतिखंड इलाके में सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी की 22 साल की बेटी रहती है। उनका केजीएमयू मानसिक रोग विभाग में इलाज चल रहा है। युवती अक्सर इलाज के लिए वहां अकेले आया करती थी। इस दौरान बाहर चाय की दुकान पर काम करने वाले मड़ियांव निवासी सत्यम मिश्र से उसकी जान-पहचान हो गई। पांच दिसंबर को युवती इलाज के लिए पहुंची। डॉक्टर को दिखाने के बाद वह सत्यम की दुकान चाय पीने पहुंच गई। इस दौरान उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। उसने सत्यम से मोबाइल चार्ज करने के लिए कहा तो सत्यम ने एंबुलेंस चालक बाजारखाला निवासी मोहम्मद असलम की एंबुलेंस में मोबाइल को चार्जिंग पर लगवा दिया।

कुछ देर के बाद युवती ने सत्यम से अपना मोबाइल लेकर आने की बात कही तो उसने बताया कि एंबुलेंस चालक गाड़ी लेकर डालीगंज चला गया है। सत्यम युवती को ई-रिक्शे से डालीगंज लेकर पहुंचा तो युवती को बताया गया है कि एंबुलेंस आईटी चौराहे पर है। वह लोग वहां पहुंचे तो कोई नहीं मिला। इस बीच वैगनआर कार सवार चाय दुकान मालिक बाजारखाला निवासी मोहम्मद सुहैल और असलम पहुंचे।

## प्राचीन विरासत को संरक्षित करने की जरूरत : जयवीर

### चन्द्रिका देवी मंदिर के समीप उत्तर प्रदेश संस्कृति संग्रहालय की स्थापना होगी : मुकेश

अवधनामा संवाददाता



■ प्राचीन धरोहरों के संरक्षण, अभिलेखीकरण के लिए संस्कृति विभाग तथा नेशनल ट्रस्ट फार प्रमोशन आफ नालेज के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरब से पश्चिम तक विभिन्न सांस्कृतिक विविधताओं से भरा हुआ है। यहां पर धार्मिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक विरासत के चिन्ह हर जगह पाये जाते हैं। इनको संरक्षित एवं परिरक्षित करके भावी पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि इन सभी धरोहरों का अभिलेखीकरण करके शोधार्थियों एवं जिज्ञासुओं तक पहुंचाने तथा प्राचीन विरासत को संरक्षित रखने के लिए आज एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है।

पर्यटन मंत्री आज यहां पर्यटन भवन के सभागार में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं नेशनल ट्रस्ट फार प्रमोशन आफ नॉलेज लखनऊ के मध्य किये गये एक एमओयू के निष्पादन के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि इस एमओयू से संस्कृति विभाग के अधीनस्थ संचालित संग्रहालयों, पुरातत्व तथा अभिलेखागारों में संकलित धरोहरों के संरक्षण, 3 डी मैपिंग, शोध कार्यों, अभिलेखीकरण तथा उससे जुड़ी जानकारी के प्रकाशन का कार्य नेशनल ट्रस्ट फार प्रमोशन आफ नालेज लखनऊ के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा।

जयवीर सिंह ने कहा कि यूपी की विरासत इस एमओयू के माध्यम से आगे बढ़ेगी। इसके साथ ही इसके बहुआयामी, महत्वाकांक्षी सोच तथा आधुनिक तकनीकी का लाभ आम जनता को भी प्राप्त होगा। एमओयू से दोनों संस्थानों के लोग अपने अनुभव को साझा करते हुए सांस्कृतिक विविधता की धारा को आगे बढ़ायेंगे तथा इसके उद्देश्य को धरातल पर उतारने का काम करेंगे। उन्होंने एमओयू निष्पादन के लिए नेशनल ट्रस्ट फार प्रमोशन आफ नालेज तथा संस्कृति विभाग के अधिकारियों को बधाई दी।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री विजय कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व के धरोहरों को संरक्षित करने का कार्य भावी पीढ़ी के लिए बहुत उपयोगी होगा। इससे आम जन मानस को भी लाभ पहुंचेगा। उन्होंने एमओयू के लिए दोनों संस्थाओं को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धमार्थ कार्य श्री मुकेश कुमार मेश्राम ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश में पुरातात्विक महत्व के प्राचीन मन्दिर जो अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुके हैं उनको संस्कृति विभाग चिन्हित करके संरक्षित कर रहा है। इस बहुमूल्य विरासत को बचाये रखना जरूरी है क्योंकि इनका इतिहास में अहम योगदान रहा है।

## रोजगार मेले 503 युवाओं को मिले जॉब ऑफर

अवधनामा संवाददाता

■ अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए किया गया प्रेरित

**लखनऊ।** सर्वप्रथम संयुक्त निदेशक, भगवत दयाल के आकस्मिक निधन पर स्टॉफ, कम्पनियों के प्रतिनिधियों एवं रोजगार मेले में आये अभ्यर्थियों के द्वारा उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया उसके बाद रोजगार मेले का प्रारम्भ हुआ। संस्थान में राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एमए खाँ, ट्रेनिंग काउंसलिंग एवं प्लेसमेन्ट आफिसर एवं सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ ने किया तथा अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हिमांशु, जिला सेवायोजन अधिकारी एवं प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला सेवायोजन अधिकारी, लखनऊ ने अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की।

एमए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि रोजगार मेले आईटीआई एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के द्वारा आमंत्रित गयी कुल 48 कम्पनियों में कुल 503 अभ्यर्थियों को रूपये 10,000 से 40,000 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, फ्री कैन्टीन एवं फ्री ट्रांसपोर्ट की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये इस अवसर पर संस्थान के कार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह एवं कामराज वर्मा उपस्थित रहे तथा श्री खाँ ने बताया कि रोजगार से वंचित रह गये अभ्यर्थी 21 दिसम्बर को होने वाले रोजगार दिवस में प्रतिभाग कर सकते है।

## एसडीएम ने बच्चों को दिखाई फिल्म



अवधनामा संवाददाता

■ 160 स्कूल के बच्चो ने फिल्म देखी

**रूदौली अयोध्या।** रूदौली स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत डी एस एम लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चो व स्वीप वालंटियर के उत्साहवर्धन हेतु विक्रम मैसी की फिल्म आस्कर अवार्ड के लिए नामित 12वीं फेल... मूवी जो एक आईपीएस ऑफिसर के संघर्ष पूर्ण जीवन की कहानी है जो 12 वीं कक्षा में फेल होने का बावजूद हिम्मत नही हारा।

एसडीएम ने बटन दबा कर के पी मॉल रूदौली में उद्घघाटन किया, 5 बच्चों को एंट्री पास भी दिए। स्वीप बुलावा टोली का भी गठन किया ताकि मतदाता वाले दिन मतदान के लिए लोगो को घरों से बुला कर मतदान कराने में सहायता कर सके। एक डिफरेंटली एबिल्ड व्यक्ति पिछले 25 वर्षो से लगातार स्वयं व्हील चेयर से मतदान करने और दर्जनों अन्य लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु एस डी एम ने स्वीप कैप पहना कर प्रशंसा की। पूरा हाल मतदाता जागरूकता के बैनर से सजा हुवा था तथा जगह जगह सेल्फी प्वाइंट भी बने हुए थे।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार अनूप कुमार श्रीवास्तव, डिस्ट्रिक्ट स्वीप आइकन डा. निहाल रज़ा, डी एस एम लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चे, स्वीप वालंटियर, के पी मॉल मैनेजर तेज बहादुर यादव भी मौजूद थे लगभग 160 स्कूल के बच्चो ने फिल्म देखी।

## शायरा प्रतिभा व शायर प्रमोद श्रीवास्तव सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में एक अनागत काव्य एवं सम्मान गोष्ठी राम दुलारे सिंह सुजान की अध्यक्षता में त्रिवेणी नगर, सीतापुर रोड, लखनऊ में समपन्न हुई। मुख्य अतिथि उपेन्द्र बाजपेई एवं सत्येन्द्र तिवारी थे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती रत्ना बापुली एवं उमेश प्रकाश उमेश रहे। अति विशिष्ट अतिथि प्रवीण पाण्डेय एवं राम राज भारती थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन श्रीमती नमिता सिंह नमी की सुमधुर वाणी वन्दना व पण्डित बेअदब लखनवी के कुशल संचालन से हुआ। इस अवसर पर शायर प्रमोद श्रीवास्तव को अनागत मार्तंड सम्मान एवं शायरा श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव को अनागत कविता चंद्रिका सम्मान माल्यार्पण, शाल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर किया गया व गोष्ठी में उपस्थित समस्त साहित्यकार बंधुओं को अनागत सहयात्री सम्मान से सम्मान पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## उनो मिंडा ने लॉन्च की दोपहिया वाहनों की सुरक्षा के लिए एलईडी ब्लिंकर की नई रेंज

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पिछले साल 4.6 लाख से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिनमें से सबसे ज्यादा मौतें दोपहिया वाहनों पर हुई। सड़क सुरक्षा की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए यातायात कानूनों का पालन और पैदल चलने वालों और ड्राइवरों के बीच प्रभावी संचार सुनिश्चित करना अपरिहार्य है। बाइक और स्कूटर पर एलईडी संकेतक ड्राइवरों को उनके मुड़ने की दिशा के बारे में सचेत करके इस सुरक्षा को बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। दृश्यता, संचार और अनुपालन की इस बढ़ती आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए, मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के लिए मालिकाना ऑटोमोटिव समाधान के अग्रणी टियर 1 आपूर्तिकर्ता, उनो मिंडा ने हाल ही में दोपहिया वाहनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले एलईडी ब्लिंकर की



एक श्रृंखला लॉन्च की है। सड़क सुरक्षा चिंताओं के लिए एक प्रभावी समाधान प्रदान करना।

आराम, दक्षता और जवाबदेही के लिए डिज़ाइन किए गए, उनो मिंडा के एलईडी संकेतक अपनी असाधारण कार्यप्रणाली और गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं। बेहतर रोशनी और उच्चतम गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उपयोग प्रतिकूल मौसम और पर्यावरणीय परिस्थितियों के लिए उच्च स्तर की प्रतिरोधक क्षमता के साथ-साथ औसत से अधिक जीवनकाल प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, ब्रांड पसंद के अनुसार सिलवाया और अनुकूलित एलईडी ब्लिंकर की एक विविध श्रृंखला प्रदान करता है। इसका मतलब यह है कि चाहे कोई चिकना, न्यूनतम रंग या अधिक विस्तृत विकल्प की तलाश में हो, यूनो मिंडा के पास समान चमक और स्पष्टता बनाए रखते हुए उपभोक्ता की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक ब्लिंकर है।

इस पर टिप्पणी करते हुए, श्री आनंद कुमार, उत्पाद और रणनीति प्रमुख, आफ्टरमार्केट डोमेन, उनो मिंडा लिमिटेड ने कहा, दोपहिया वाहनों का भारतीयों के दिल में एक विशेष स्थान है। हम अब एक नया चलन देख रहे हैं जहां लोग वे न केवल अपने दोपहिया वाहनों से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं, बल्कि यात्रा के दौरान सुरक्षा उपकरणों को लेकर भी काफी सतर्क रहते हैं, जिसमें ब्लिंकर का रखरखाव भी शामिल है। एक समय हुआ करता था जब कई लोग अपने खराब ब्लिंकर को बदलवाने में भी लापरवाही बरतते थे, लेकिन अब हम देखते हैं कि लोग पर्याप्त सतर्क हैं और ब्लिंकर को नियंत्रण में रखते हैं।

## क्लैट परीक्षा में सीएमएस के श्रेयस पाण्डेय बने 'यूपी टॉपर'

अवधनामा संवाददाता

■ सर्वाधिक 37 छात्र सी.एम.एस. से चयनित

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्र श्रेयस पाण्डेय ने क्लैट परीक्षा में ऑल इण्डिया 25वीं रैंक अर्जित कर 'यूपी टॉपर' का खिताब अपने नाम किया है। इस वर्ष सी.एम.एस. के सर्वाधिक 37 छात्रों ने कॉमन लॉ एडमीशन टेस्ट (क्लैट) में चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। कन्सोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज ने क्लैट परीक्षाफल जारी किये हैं। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सी.एम.एस. छात्रों की अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन एवं सी.एम.एस.गोमती नगर द्वितीय कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री मंजीत बत्रा व प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता बनर्जी ने भी श्रेयस की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि क्लैट परीक्षा में सी.एम.एस. से चयनित 37 छात्रों में श्रेयस पाण्डेय, अग्रिमा साहू, मरियम रिजवी, कनिष्क मित्तल, सात्विक गुप्ता, अर्चित यादव, अनन्या राज, प्रखर मिश्रा, तवीषा साहनी, यश रावत, धवल गर्ग, यशी किशोर, सुरभि कुमार, अनुष्का झा, नंदिनी श्रीवास्तव, आर्य उपाध्याय, अंतरा शुक्ला, श्रुति, निर्विका शुक्ला, वरीशा उपाध्याय, कार्तिकेय माहेश्वरी, दीप वर्मा, मोहिनी राज श्रीवास्तव, सूर्यांश कुशवाहा, श्रीयांसी सिंह, कृष्ण अनुराग पाण्डेय, देवल तिवारी, समृद्धि वर्मा, एश्वर्य प्रताप सिंह, हिमांशी वर्मा, स्नेहा सिंह, जानवी वधेरा, अवि वर्मा, नव्या सिंह, आयुषी राठौर, प्रज्ञा रानी एवं पियूष शामिल है।

क्लैट में चयन के उपरान्त सी.एम.एस. के ये मेधावी छात्र बंगलुरु, कोलकाता, नई दिल्ली, लखनऊ, जोधपुर और पटियाला समेत देश भर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में अण्डर-ग्रेजुएट लॉ कोर्स एवं पोस्ट ग्रेजुएट लॉ कोर्स में दाखिला ले सकेंगे एवं कानून स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकेंगे।

## युवाओं को पर्यावरण के लिए प्रेरित कर रहा सीएमएस

### अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड (आई.ई.ओ.-2023) का भव्य उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड (आई.ई.ओ.-2023) का उद्घाटन आज सायं प्रख्यात पर्यावरणविद् डा. हीरालाल पटेल, आई.ए.एस., विशेष सचिव, सिंचाई विभाग, उ.प्र., ने विद्यालय के ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए डा. पटेल ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड के माध्यम से सी.एम.एस. छात्रों, किशोरों व युवा पीढ़ी को पर्यावरण सरंक्षण हेतु प्रेरित कर रहा है। पर्यावरण सुधार आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। छात्र शक्ति व युवा जोश का सम्मिलित प्रयास ही दुनिया को पर्यावरण जैसी विषम समस्या से उबार सकता है। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, अमेरिका, रूस, यू.ए.ई., सऊदी अरब एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों के प्रतिभागी छात्रों व उनके शिक्षकों के सम्मान में शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्दुधनुषी छटा बिखेरकर सभी का दिल जीत लिया। विदित हो कि आई.ई.ओ.-2023 का आयोजन 11 से 14 दिसम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।

इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य हस्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें प्रकृति को साथ लेकर चलना है, ऐसे में पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने हेतु जन-जन को सक्रिय सहयोग की महती आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ओलम्पियाड किशोर एवं युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति उनके दायित्वों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

संयोजिका एवं सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री मंजीत बत्रा ने कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड छात्रों व युवा पीढ़ी को बदलते पर्यावरण की नवीनतम जानकारियों से अवगत कराने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित करेगा। सह-संयोजिका एवं प्रधानाचार्या संगीता बनर्जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आई.ई.ओ. में प्रतिभाग हेतु देश-विदेश से लखनऊ पधारे प्रतिभागी छात्र आज प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से मिले और दिल खोलकर अपने विचार रखे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सेंट जोसेफ हायर सेकेण्डरी स्कूल, ढाका, बांग्लादेश से पधारे छात्रों ने कहा कि इस ओलम्पियाड में हम स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए तो आये ही हैं पर्यावरण संवर्धन के प्रति हम सभी नये-नये विचारों से अवगत हो सकेंगे।

## 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव के समापन समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

■ सुब्रमण्यम भारती तमिलनाडु के समाज सुधारक थे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव के समापन समारोह आयोजन किया गया। समापन समारोह में बहुभाषीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

समापन समारोह में संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने कहा कि तमिल के प्रख्यात कवि सुब्रमण्यम भारती एक सुप्रसिद्ध भारतीय लेखक, कवि और पत्रकार, भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और तमिलनाडु के समाज सुधारक थे।

'महाकवि भारती' के रूप में लोकप्रिय, वे आधुनिक तमिल कविता के अग्रदूत थे। भारत सरकार द्वारा उनके जन्म दिवस दिनांक 11 दिसम्बर को भारतीय भाषा दिवस घोषित करते हुए 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। भारतीय भाषा उत्सव के 75 दिवस पूर्ण होने के पश्चात आज भव्य समापन समारोह का आयोजन यहां किया जा रहा है। भारतीय भाषा उत्सव में अपनी मातृभाषा के साथ-साथ विभिन्न भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए अनुकूल वातावरण एवं भाषायी सौहार्द विकसित करने तथा अपनी भाषा के साथ-साथ सभी भाषाओं का सहभागी विकास इस भारतीय भाषा उत्सव का प्रमुख उद्देश्य है। इस 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव के अवसर पर कवि सम्मेलन, व्याख्यान गोष्ठी, नाटक, भाषण, गायन, लेखन आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु पुस्तक प्रदर्शनी स्टॉल आदि कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश भर में किया गया।

# उ.प्र. सरकार किसानो की आय दोगुना करने हेतु कटिबद्धः आशीष

अवधनामा संवाददाता

- किसान आय दोगुनी करने हेतु गेहूं-धान के साथ सब्जी, फल, फूल की खेती करें: सीडीओ
- सेमीनार में उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं से किसानों को जागरूक किया गया: सुभाष



**हरदोई।** बिलग्राम खण्ड विकास अधिकारी प्रांगण में उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास 30-नान एन.एच.एम. जनपदों की औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत दो दिवसीय कृषक गोष्ठी/सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आशीष सिंह आशू विधायक बिलग्राम-मल्लांवा ने फीता काटकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सौम्या गुरूरानी, मुख्य विकास अधिकारी ने विधायक के साथ दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया। जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चन्द्र ने विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया का स्वागत एवं अभिनन्द कर मंच से किसान गोष्ठी / सेमिनार का संचालन प्रारम्भ किया। मेले में उमेश कुमार साहू, जिला कृषि अधिकारी, डा. रचना दीक्षित, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, डा. आर.एस. सिंह, उपचिकत्साधिकारी पशुपालन विभाग वि.ख. बिलग्राम, डा. डी.बी. सिंह, सीनियर वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, डा. सी.पी.एन. गौतम, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, निधि गुप्ता, जिला गन्ना अधिकारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। किसान गोष्ठी में जनपद के समस्त विकास खण्डों के किसान मौजूद रहे। सेमीनार में उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं से किसानों को जागरूक करने के लिए उद्यान विभाग, माइक्रोइरीगेशन फर्मो, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, फल संरक्षण विभाग, गन्ना विभाग, पशुपालन विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, यू.पी.नेडा आदि विभागों के स्टाल लगाये गये। इसके साथ ही मेले में उद्यान विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकासा योजना एवं अन्य योजनाओं में संकर शाकभाजी बीज हेतु नोटिफाइड कम्पनियों के लिए भी व्यवस्था थी। जिसमें से इन्डो-अमेरिकन हाईब्रिड सीड्स (इण्डिया) प्रा.लि. द्वारा स्टाल लगाकर संकर शाकभाजी बीजों का प्रचार प्रसार किया। किसानों ने समस्त विभागों के स्टालों पर जाकर योजनाओं की जानकारी के साथ विभाग से सम्बंधित प्रदर्श भी देखे । विधायक ने भी मुख्य विकास अधिकारी के साथ विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने मंच से उ.प्र. सरकार द्वारा किसानो की आय दोगुना करने सम्बंधी योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र से आए वैज्ञानिकों ने फसलों में लगने वाले कीटो से निदान पाने के सुझाव, कीटनाशकों आदि के विषय में कृषकों को जानकारी प्रदान की। उद्यान विभाग, हरदोई द्वारा संचालित इस प्रकार के किसान गोष्ठी/सेमिनार से किसानों को उद्यान विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों में संचालित योजनाओं की भी जानकारी मिल जाती है। अन्त में जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चन्द्र ने विधायक व मुख्य विकास अधिकारी और किसान मेले में आये समस्त किसानों का मेले में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। किसान गोष्ठी / सेमिनार के दूसरे दिन 12.12.2023 को कृषकों को सेंटर आफ एक्सीलेंस फार वेजिटेबल उर्मदा, कन्नौज में भ्रमण कराया जाएगा। जहां किसानों को विशष विशेषज्ञों द्वारा उत्तम किसम की पौध बनाने, बीज जर्मीनेशन, कीटों से निदान आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### निःशुल्क शिविर में 70 मरीज़ों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया



**इटावा।** रविवार को सुशीला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर,184 ड्रीमलैंड कॉलोनी, रेलवे स्टेशन रोड पर सैफई मेडिकल कॉलेज की पूर्व वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ममता सिंह द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मरीजों का निःशुल्क परामर्श एवं अल्ट्रासाउंड और जांचो पर विशेष छूट दी गई। शिविर में विभिन्न रोगों के लिए दवाइयां भी निःशुल्क वितरण की गई। निःशुल्क शिविर में लगभग 70 मरीजो को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर डी.के.सिंह ने बताया सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में प्रसूति एवं स्त्री रोग से संबंधित सभी तरह की सुविधा जिसमें नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन ऑपरेशन निःसंतान दंपति का इलाज आईयूआई, बच्चेदानी व रसौली का ऑपरेशन, अल्ट्रासाउंड तथा सभी तरह की जांचों की सुविधा उपलब्ध है।

### मनीष यादव के विवाह समारोह में पहुँचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सपा नेता मनीष यादव पतरे के विवाह समारोह में पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सैफई के नगला मरदान स्थित मनीष यादव के स्कूल में बने विवाह स्थल पहुँचने से पहले मंदिर में भगवान शंकर जी को जल चढ़ा कर बजरंगबली से आशीर्बाद लिया। इसके बाद मनीष यादव पतरे को विवाह की शुभकामनाएं दी। मनीष यादव के परिजन सहित कई सपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया




**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार दिनांक 11 दिसंबर को विकास खंड ताखा के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला पंछी में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में सबसे पहले विद्यार्थियों ने मेरी भाषा मेरे हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को श्री सुब्रमण्यम भारती जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला जो कि तमिल कवि थे उनकी कविताओं में राष्ट्र भक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। भारत की सांस्कृतिक एकता के विषय मे अंजुल यादव ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वह एक कवि होने के साथ साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा उत्तर भारत में दक्षिण भारत के मध्य एकता सेतु के समान थे। समस्त बच्चों द्वारा सोमवार को इस अवसर पर उनको याद किया गया और पोस्टर पर सभी बच्चों द्वारा हिंदी भाषा में हस्ताक्षर किए गए।

## खरमास में लग जाएगी मांगलिक कार्यक्रमों पर रोक

**मथुरा।** देव उठानी एकादशी से शादी जैसे शुभ कार्य शुरू हुए थे जिन पर 16 दिसंबर को खरमास शुरू होने के साथ ही रोक लग जाएगी। शास्त्रों के अनुसार खरमास के दौरान विवाह, सगाई आदि जैसे कोई भी शुभ अनुष्ठान और समारोह नहीं करने चाहिए। ज्योतिषाचार्य छैल बिहारी शास्त्री ने बताया कि धनु एवं मीन राशि में सूर्य देव के प्रवेश करने से खरमास लगता है। इस वर्ष 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो रहे हैं और 15 जनवरी को मकर संक्रांति तक रहेंगे। धनु संक्रांति से लेकर मकर संक्रांति से पूर्व तक सूर्य धीमी गति से चलता है और इस समय में बृहस्पति ग्रह का प्रभाव भी कम होता है, ऐसे में कोई भी मांगलिक कार्य करने से उसका फल नहीं मिलता। खरमास में विवाह संबंधी कार्य करने पर दांपत्य जीवन पर बुरा असर पड़ता है।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा जनपद के गोकुल में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के तत्वावधान में विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी एवं उत्कृष्ट सम्मान समारोह का आयोजन शीतला माता मंदिर के सामने, मेन बस अड्डा, गोकुल, जिला-मथुरा (उ0प्र0) पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजेश टण्डन द्वारा माँ सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीटण्डन ने कहा कि जो लोग इस संगठन से जुड़े हुए हैं तथा नवनियुक्त हुए है वे सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की खूबियों को बतायें एवं मानवीय अधिकारों के प्रति जागरुक करें ताकि किसी के मानवाधिकारों को हनन न हो । कार्यक्रम आयोजक एवं संगठन के प्रदेश सचिव लवजोशी द्वारा में मुख्य अतिथियों को पटुका ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं कार्यक्रम के उपरान्त स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित सभी पत्रकार बन्धुओं एवं गणमान्य नागरिकों को प्रशस्ति पत्र एवं कृष्ण भगवान की तस्वीर प्रदान कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्नेहभोज एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ लवजोशी ने कार्यक्रम का समापन किया।

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में हुआ सुधारः रजनी

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने अपने विधानसभा क्षेत्र शाहाबाद के विकास खण्ड- शाहाबाद की ग्राम पंचायत- मिठनापुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय के साथ केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के विषय मे सम्वाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। गरीब को अब आयुष्मान के रूप में बहुत बड़ा सहारा प्राप्त हुआ है। माननीय मंत्री के समक्ष विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपनी जुबानी सुनाई। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष देवराज सिंह, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, जिलाध्यक्ष प्रधान संघ शरद सिंह, प्रधान सुमित सिंह, एसडीएम, सीओ, बीडीओ, प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे।

## आजीवन कारावास के आरोपी को हाईकोर्ट ने किया बरी

अवधनामा संवाददाता

- विशेष अदालत पास्को ने सुनाई थी
- आजीवन कारावास की सजा
- नाबालिक से सामूहिक बलात्कार के बाद आत्महत्या का है मामला

**मथुरा।** स्पेशल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो प्रथम की अदालत ने 3 वर्ष पूर्व थाना कोसीकला क्षेत्र के अंतर्गत हुई नाबालिक के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद पीड़िता ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी थी जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई पुलिस ने इस मामले में दो बाल अपचारियों सहित तीन के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था इस मामले में बाल अपचारियों को बरी करते हुए एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी जिसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय की दो सदस्यों वाली खंडपीठ ने जनपद न्यायालय के फैसले को अपील की सुनवाई करते हुए खारिज कर आजीवन कारावास की सजा पाये आरोपी को बरी कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना कोसीकला क्षेत्र के अंतर्गत 19 अप्रैल 2015 को शाम के वक्त नाबालिक लड़की के साथ नामजदौ ने जबरन बलात्कार की घटना को कार्य किया था। इस घटना की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने थाने पर दर्ज कराई पीड़िता ने आत्मग्लानि के चलते रात के समय अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली , जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान दिल्ली सफदरगंज अस्पताल में पीड़िता ने दम तोड़ दिया इस घटना में मृत्यु पूर्व पीड़िता का बयान तत्कालीन छाता तहसीलदार रजितराम यादव के द्वारा लिया गया था। मृतका के शव का पोस्टमार्टम दिल्ली पुलिस के द्वारा ही कराया गया था इस मामले में पुलिस ने दो बाल अपचारियों के अलावा सुखबीर उर्फ लाला सहित 5 के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। स्पेशल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पास्को एक्ट के द्वारा 19 सितंबर 2020 को बाल अपचारियों को और दिनेश, विनय उर्फ छोटू को दोषमुक्त मुक्त करते हुए सुखवीर उर्फ लाला निवासी गुहेता दसविशा नगरिया थाना कोसी को आजीवन कारावास की सजा के अलावा अर्थ दंड से दंडित किया गया था।

## डीएम ने इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

वहाज अली निहाल



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया। यह प्रदर्शनी एक महीने तक चलने वाली एवं महोत्सव के विधिवत शुभारंभ परंपरागत बेदी पूजन कार्यक्रम पंडित जी द्वारा कराया गया एवं शहीद स्मारक स्तंभ के पास तिरंगा झंडा का राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण करने के बाद सभी अधिकारियों ने शहीद स्तंभ पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। महोत्सव में बैंड बाजे के साथ सभी का स्वागत करते हुए महोत्सव पंडाल में कार्यकारिणी की ओर से प्रशासनिक व अन्य अधिकारियों का सम्मान किया गया। उन्होंने ने कहा कि यह प्रदर्शनी 113 वर्ष पुरानी है यह महोत्सव जनपद इटावा का लोक पर्व है आज इसका शुभारंभ किया गया है, मैं इटावा वासियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं प्रदर्शनी में ज्यादा से ज्यादा लोग आए और इस महोत्सव का आनंद लें। उन्होंने कहा कि एक माह तक पंडाल और प्रदर्शनी के मैदान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि यहां अधिक से अधिक संख्या में आए और कार्यक्रमों का आनंद ले। उन्होंने यह भी कहा कि महोत्सव में आने वाले लोग हमारे द्वारा की गई तैयारी में अगर कुछ परिवर्तन की चाह रखते हो तो अपने विचार व फीडबैक भी जरूर दे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कहा कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन इस आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है ऐसे आयोजन में आने वाले लोग विशेष रूप से महिला सुरक्षा को वरीयता दी गई है। उन्होंने कहा कि आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए 24 घंटे पुलिस बल भी तैनात रहेगी। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जनरल सेक्रेटरी विक्रम सिंह राघव, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मतदान प्रत्येक भारतीय का अधिकार न चूके मतदान करने में: चौधरी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मतदाता साक्षरता क्लब,चमेली देवी इंटर कॉलेज सिहोरा के द्वारा मतदाता जागरूकता मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीमती किरण चौधरी व श्री हेमंत नायब तहसीलदार महावन एवं मास्टर ट्रेनर डॉक्टर अखिलेश यादव के सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों के द्वारा विद्यार्थियों व ग्रामीण नागरिकों को प्रजातंत्र में वोट का महत्व तथा इसकी आवश्यकता के विषय में जागरूक किया गया। वोट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती चौधरी ने समस्त मतदाताओं का अनिवार्य मतदान आवश्यक बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी की सहभागिता सुनिश्चित होना आवश्यक है, तभी चुनाव आयोग का मोटो- ÷कोई मतदाता ना छूटे÷ हमें प्राप्त हो सकता है। डीपीआरओ किरण चौधरी ने कहा कि मतदान करना सभी का अधिकार है तथा मतदान से हम अपनी मनपसंद सरकार को चुन सकते हैं तथा सरकार में अपनी सहभागिता दर्ज कर सकते हैं। डॉ अखिलेश यादव ने बताया कि कोई मतदाता ना छूटे इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार समस्त विद्यालय व महाविद्यालय में वोटर तथा फ्यूचर वोटर के लिए एवं कामकाजी लोगों के लिए वोटर अवेअरनेस फोरम तथा अन्य युवा बुजुर्ग तथा ग्रहणी मतदाताओं के लिए चुनाव पाठशाला बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर चलाई जाती है। स्वीप नोडल ने बताया कि सभी शहरी व ग्रामीण मतदाता इन संस्थाओं के माध्यम से स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक मतदान के अपने अधिकार को जानकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना संपूर्ण सहयोग कर सकते हैं। नायब तहसीलदार महावन हेमंत कुमार ने लोकतंत्र के इस महापर्व को अपने सहयोग के साथ सफल बनाने के लिए सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। डॉ कमल कौशिक ने सपनों का भारत बनाने में सभी की सहभागिता पर बल दिया। इस अवसर डॉ कमल कौशिक, श्याम वीर सिंह,भवानी शंकर जागिड़, उमेश जी, हरीश कुमार श्रीमती रश्मि शर्मा सहित ग्रामीण नागरिक व समस्त विद्यालय स्टाफ छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्री राम प्रकाश निषाद ने उक्त कार्यक्रम का संचालन किया।

## 100 करोड़ से स्मार्ट बनेगी स्मार्ट सिटी की विद्युत व्यवस्था

अवधनामा संवाददाता

- 10 नये बिजली घर बनाये जाने का भेजा गया विभाग की ओर से प्रस्ताव
- ट्रिपिंग, ओवर लोड, कम वोल्टेज की समस्याओं का होगा स्थायी समाधान

**मथुरा।** कान्हा की नगरी की विद्युत व्यवस्था को स्मार्ट बनाया जा रहा है। धर्म नगरी में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। साथ ही कॉलोनियों का फैलाव हो रहा है और जनसंख्या घनत्व भी बढ़ रहा है। बिजली की मांग बढ़ रही है और खपत में भी इजाफा हो रहा है। इसके चलते विद्युत विभाग के लिए स्मार्ट सिटी की होड में दौड़ रही कान्हा की नगरी को सुचारू और निर्बाध बिजली आपूर्ति चुनौती पूर्ण हो गई है। गर्मियों के मौसम में अतिरिक्त लोड बढ़ जाता है। ट्रिपिंग, ओवर लोडिंग, ब्रेकडाउन जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। इस प्रकार की तमाम समस्याओं से उपभोक्ताओं को छुटकारा दिलाने के लिए विद्युत विभाग की ओर से 10 नए बिजली घरों के निर्माण के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। इनके निर्माण पर लगभग 100 करोड रूपये की लागत आने का अनुमान है। विभाग द्वारा 7981 कनेक्शनों पर लोड भी बढ़ाया गया है। इसमें घरेलू और कमर्शियल दोनों प्रकार के उपभोक्ता शामिल हैं। इस प्रकार शहरी क्षेत्र में लगभग 14 मेगावाट का लोड बढा है। नये प्रस्तावित बिजलीघर रॉल, सुनरख बांगर, राजपुर, सराय आजमाबाद, गणेशरा रोड, डेम्पीयर, सदर, बालाजीपुरम आदि स्थानों पर नये बिजली घर प्रस्तावित हैं। इनके बनने से जो पहले से बिजलीघर चल रहे हैं उन पर लोड घटेगा, मौजूदा समय में एक बिजली घर से 100 से 150 एंपियर तक का लोड होना चाहिए जो कि मौजूदा वक्त में 250 से 260 एंपियर तक जा रहा है, जिससे कि ब्रेक डाउन जैसी समस्याएं आती रहती हैं। नए बिजली घर बनने के बाद समस्त शहरी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सकेगी।

## दो पक्षों में हुआ झगड़ा, नगर पंचायत सभासद घायल

**मथुरा।** थाना कोतवाली छाता के वार्ड 11 के मोहल्ला बीच का थोक में दो पक्षों में हुए झगडे में वार्ड सभासद घायल हो गया। कई अन्य लोगों को भी चोट लगी है। भाजपा सभासद त्रिलोकी सिंह और उनका साथी चोटिल हुआ है। त्रिलोकी सिंह ने बताया कि वे अपने आवास पर शाम पांच बजे बैठे हुए थे। तभी अचानक मुकेश पुत्र हरिकिशन और उसके साथ तीन अन्य लोग लाठी ओर लोहे की सरिया लेकर आ गये और उन्होंने अचानक गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे और सरिया से हमला कर दिया। जिसमें त्रिलोकी सिंह के सर और पैर में छोटे भाई उनकी पत्नी के शोर मचाने पर वे सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष के मुकेश का कहना है कि झगड़े में उनके सर में भी चोट आई है। उन्होंने भी शिकायत पत्र थाना कोतवाली में दिया है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के शिकायत पत्र थाने में आने के उपरांत पुलिस ने दोनों पक्षों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया था।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सिंचाई संघ कार्यालय पर भोगनीपुर प्रखण्ड निचली गंगा नहर इटावा एवं नलकूप खंड प्रथम का संयुक्त रूप से समय 11:00 से 3:00 बजे तक सम्पन्न हुआ। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर पांच सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार, माननीय सिंचाई एवं जल शक्ति मंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार एवं अपर मुख्य सचिव सिंचाई उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के मध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन की प्रतिलिपि अधिशासी अभियंता भोगनीपुर प्रखण्ड निचली गंगा नहर इटावा/अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम के माध्यम से प्रमुख अभियंता विभागाध्यक्ष/ प्रमुख अभियंता यांत्रिक सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष रिजवान अहमद वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरन सिंह जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजय कुमार, भोगनीपुर प्रखण्ड के अध्यक्ष अवधेश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप कांत यादव मंत्री नरेन्द्र सिंह सेंगर संप्रेक्षक अरुण कुमार कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं अनुज कुमार, नलकूप खण्ड प्रथम के अध्यक्ष राम तेज यादव उपाध्याय अजय प्रताप सिंह मंत्री अखिलेश कुमार कोषाध्यक्ष मनीष बाबू मीडिया प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह नीरज यादव कृष्ण गोपाल सरल कुमार सर्वजीत गुप्ता लव कुश त्रिपाठी नीरज कुमार अनिकेत कुमार आँसू ओझा श्याम गुप्ता राम जी गोस्वामी राहुल कुमार चन्द्रशेखर अंकित कुमार बॉबी विवेक कुमार अंकुश कुमार संदीप नरेंद्र सिंह कुशवाह सौरव कुमार प्रदीप कुमार पुष्पेंद्र सिंह राजेश कुमार ललित प्रजापत आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने देगी सपा

**इटावा।** समाजवादी व्यापार सभा के तत्वावधान में समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू का स्वागत कार्यक्रम शहर के एक होटल में आयोजित किया गया। इस मौके पर व्यापारियों नें उनका भव्य स्वागत किया, जिलाध्यक्ष नें कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न समाजवादी पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी, समाजवादी पार्टी सरकार नें हमेशा व्यापारी हित का काम किया है, नेताजी नें प्रदेश से इस्पेक्टर राज, चुंगी खत्म कर व्यापारियों को बहुत बड़ी राहत दी थी वहीं भाजपा नें नोटबंदी, जीएसटी जैसे कानून लाद कर व्यापारियों को बर्बाद करनें का काम किया है। जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल आलोक दीक्षित ने कहा आज भाजपा देश पूजीपतियों के हाथ बेचनें का काम कर रही है, आनलाइन मार्केटिंग से छोटे व्यापार बर्बादी के कगार पर हैं। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी व्यापार सभा के अध्यक्ष राजीव चन्देल एंव संचालन बरिष्ठ सपा नेता प्रदीप सोनी नें किया। इस अवसर पर राहुल गुप्ता गींजा, सदाशिव श्रीवास्तव, श्रवण गुप्ता, अखिलेश वर्मा प्रधान, कामिल कुरैशी, अनिल सोनी, हाजी शेख आफताब, लखन सोनी, बंटी मंसूरी, रियाज अहमद, कामरान खान, गोरखनाथ वर्मा, शाकिर भाई, विक्की गुप्ता आदि सैकड़ों व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## स्ट्रीट चिल्ड्रन को मिले स्वेटर तो खिलखिलाए चेहरे

अवधनामा संवाददाता

- डीपीआरओ बोली, समाज की मुख्य धारा से जोड़े झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों के बच्चे
- सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा की डीआईआरओ ने की सराहना

**मथुरा।** शहर के गोपाल नगर स्थित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल में बच्चों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। दरअसल, गोपाल नगर में झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के लिए जस्टिस फ़ॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल में निःशुल्क शिक्षा मुहैया कराए जाने का कार्य किया जा रहा है। जहां करीब 300 बच्चे पंजीकृत हैं। इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का यह कार्य सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किया जा रहा है। शनिवार को स्कूल के बच्चों को स्वेटर बांटे गए। स्वेटर मिलने के बाद बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखने को मिली। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा सैकडो बच्चो को शिक्षा , संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य सराहनीय है। वर्तमान में जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र लाजपत नगर, गोपाल नगर, भीम नगर एवम पन्ना पोखर मथुरा पर लगभग 300 बच्चे शिक्षा संस्कार एवम समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे है। इस अवसर पर कार्यक्रम में जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी संस्थापक एवम किशोर न्याय बोर्ड मथुरा सदस्य सतीश चंद्र शर्मा,जिला बाल कल्याण समिति मथुरा सदस्य सीमा शर्मा , सलाहकार हरीश बाली, कॉर्डिनेटर तनू चौहान, कुमकुम, निशा राजपूत, गौरी राजपूत , पुष्पा सिंह ,मोनू राजपूत पीयूष, सविता, झलक चौहान, पूजा, सोनम आदि मौजूद रहे।

# अश्विनी-तनीषा ने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 खिताब जीता

रविवार को अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने सुंग शुओ युन और यू चिएन हुई की चीनी ताइपे की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर गुवाहाटी मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता जो इस जोड़ी का दूसरा सुपर 100 खिताब है।

भारतीय महिला युगल जोड़ी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो ने रविवार को यहां सुंग शुओ युन और यू चिएन हुई की चीनी ताइपे की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर गुवाहाटी मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता जो इस जोड़ी का दूसरा सुपर 100 खिताब है। पिछले हफ्ते लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट की उप विजेता रही अश्विनी और तनीषा की दूसरी वरीय जोड़ी ने दुनिया की 81वें नंबर की जोड़ी को 40 मिनट में 21-13 21-19 से हराया।

भारतीय जोड़ी का यह तीसरा खिताब है। इस जोड़ी ने इससे पहले अबु धाबी मास्टर्स सुपर 100 और नांतेस अंतरराष्ट्रीय चैलेंज का खिताब भी जीता था। अश्विनी और तनीषा को पहले गेम में विरोधी जोड़ी टक्कर देने में नाकाम रही। भारतीय जोड़ी ने 6-2 की बढ़त बनाई और ब्रेक तक 11-7 से आगे थी। अश्विनी और तनीषा को इसके बाद पहला गेम जीतने में अधिक परेशानी नहीं हुई। दूसरे गेम में भी दुनिया की 28वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और फिर इसे 12-6 तक पहुंचाया। चीनी ताइपे की जोड़ी ने हालांकि इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 11-12 कर दिया। शुओ और चिएन की जोड़ी ने 16-16 पर बराबरी हासिल की और फिर स्कोर 19-19 से बराबर रहा। अश्विनी और तनीषा ने इसके बाद लगातार दो अंक के साथ गेम और मैच अपने नाम किया।



चौंतीस साल की अश्विनी और 20 साल की तनीषा ने इस साल जनवरी में ही एक साथ खेलना शुरू किया है और वे सितंबर-अक्टूबर में चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। अश्विनी ने मैच के बाद कहा, हम जिस तरह खेले उससे मैं खुश हूं। फाइनल में पहुंचने और जीतने के लिए आभारी हूं। हमने अपने शरीर का ख्याल रखा और अपनी योजनाओं को लागू किया। पिछले दो हफ्तों में हमारी एकाग्रता और प्रतिबद्धता शानदार रही। उन्होंने कहा, हम दोनों आक्रामक हैं और वे नेट पर अच्छा खेल दिखाती है। मुझे कोर्ट के पिछले हिस्से से स्मैश मारने के लिए जाना जाता है। इसलिए मुझे लगता है कि हम एक दूसरे का अच्छा साथ देते हैं।

अश्विनी ने कहा कि दूसरे गेम में उन्होंने गलतियां की लेकिन उन्होंने और तनीषा ने धैर्य बरकरार रखते हुए करीबी जीत दर्ज की। भारत की सबसे बेहतरीन युगल महिला खिलाड़ियों में से एक अश्विनी ने ज्वाला गुट्टा के साथ काफी सफलता हासिल की। इस जोड़ी ने 2011 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य और 2010 तथा 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। अश्विनी और ज्वाला ने 2012 और 2016 में क्रमशः लंदन और रियो डि जनेरियो में हुए ओलंपिक में भी हिस्सा लिया था लेकिन दोनों बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकीं। दोनों 2016 के खेलों के बाद अलग हो गए और अश्विनी ने एन सिक्की रेड्डी के साथ जोड़ी बनाई। इस जोड़ी ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता जबकि अश्विनी ने गोल्ड कोस्ट में भारत को पहली बार मिश्रित टीम स्वर्ण दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। अश्विनी और सिक्की जब पिछले पिछले साल अलग हुए तो अश्विनी ने तनीषा के साथ जोड़ी बनाई।

# भारतीय महिला और पुरूष हॉकी टीमें पांच देशों के टूर्नामेंट के लिये स्पेन रवाना

पांच देशों का टूर्नामेंट खेलने के लिए भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें स्पेन रवाना हो गई जहां पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह की नजरें टीम की एफआईएच रैंकिंग में सुधार पर होंगी जबकि महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया अगले महीने होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सभी कमियों को दूर करने पर फोकस करेंगी। भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें पांच देशों का टूर्नामेंट खेलने स्पेन रवाना हो गई जहां पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह की नजरें टीम की एफआईएच रैंकिंग में सुधार पर होंगी जबकि महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया अगले महीने होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सभी कमियों को दूर करने पर फोकस करेंगी।

दोनों टीमें 15 दिसंबर को स्पेन के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगी। पुरूष टीम के लिये यह दौरा



2023. 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिये अहम है। भारत को स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से खेलना है। महिला टीम 13 जनवरी से रांची में ओलंपिक क्वालीफायर खेलेगी जिसकी तैयारी के लिये यह टूर्नामेंट अहम है। महिला टीम पहले मैच में स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम से, 19 दिसंबर को जर्मनी से और 21 दिसंबर को आयरलैंड से खेलेगी।

टीम पहले मैच में स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम से, 19 दिसंबर को जर्मनी से और 21 दिसंबर को आयरलैंड से खेलेगी। पुरूष टीम 15 दिसंबर को स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी पुरूष टीम 15 दिसंबर को स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और 20 दिसंबर को फ्रांस से खेलेगी।

# आईपीएल 2024 में खेलते हुए नजर आ सकते हैं ऋषभ पंत, बतौर इम्पैक्ट प्लेयर उतर सकते हैं

दरअसल, पंत आईपीएल 2024 में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर उतर सकते हैं। रेवस्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार आगामी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ऋषभ पंत के स्वागत की तैयारी कर रहा है।

भारतीय टीम के स्टार विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के फैंस के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, पंत आईपीएल 2024 में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर उतर सकते हैं। रेवस्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार आगामी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ऋषभ पंत के स्वागत की तैयारी कर रहा है। हालांकि, उनके पूरे आईपीएल में खेलने पर संदेह है। उनकी रिकवरी को देखते हुए फ्रेंचाइजी इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे हैं।

दिल्ली कैपिटल्स के सूत्रों के मुताबिक, वह पंत के कमबैक की उम्मीद कर रहे हैं। उनके जैसे लीडर का ड्रेसिंग रूप में फिर से होने की



उम्मीद कर रहे हैं। सूत्रों ने पुष्टि की है कि ह पंत को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं। पंत की रिकवरी को लेकर फ्रेंचाइजी अभी फूंक-फूंक कर पैर रखना चाहती है और उन्हें ज्यादातर मैचों में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने के बारे में विचार कर रहे हैं।

फिलहाल, ऋषभ पंत विकेट कीपिंग करने के लिए तैयार नहीं है और ये उनकी रिकवरी पर निर्भर करेगा कि वह विकेटकीपिंग कर पाते हैं या नहीं।

लेकिन इस खबर से जो एक बड़ा अपडेट निकल कर आ रहा है वह ये है कि पंत को दिल्ली कैपिटल्स बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने पर जोर देगी।

# रोहित शर्मा की फिटनेस पर ये क्या बोल गए भारतीय स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच, कोहली का भी किया जिक्र

रोहित शर्मा को उनके बढ़े हुए वजन के कारण अक्सर ट्रोल किया जाता है। लेकिन टीम इंडिया के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच अंकित कलियर का कहना है कि रोहित शर्मा विराट कोहली की तरह फिट हैं। इसी के साथ उन्होंने रोहित की गिनती दुनिया के सबसे फिट क्रिकेटरों में की है।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को उनके बढ़े हुए वजन के कारण अक्सर ट्रोल किया जाता है। लेकिन टीम इंडिया के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच अंकित कलियर का कहना है कि रोहित शर्मा विराट कोहली की तरह फिट हैं। इसी के साथ उन्होंने रोहित की गिनती दुनिया के सबसे फिट क्रिकेटरों में की है। रोहित शर्मा दिखने में भले ही थोड़े भारी-भरकम लगते हैं लेकिन जब बात फिटनेस लेवल की आती है तो वह हर टेस्ट में पास होते हैं। एशिया कप 2023 से पहले भारतीय टीम का यो-यो टेस्ट हुआ था जिसमें सभी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस टेस्ट में रोहित शर्मा ने आसानी से पास कर लिया था।

बता दें कि, भारतीय टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच अंकित कलियर ने रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि, रोहित शर्मा एक फिट खिलाड़ी हैं। उनकी फिटनेस अच्छी है। वह थोड़े मोटे दिखते हैं लेकिन वह हमेशा यो-यो टेसट पार कर लेते हैं। वह विराट कोहली की तरह फिट हैं। ऐसा लगता है कि वह भारी-भरकम हैं लेकिन हमने उन्हें मैदान पर देखा है। उनकी एक्टिवनेस और गलिशीलता अद्भुत है। वह सबसे फिट क्रिकेटरों में से हैं।

वहीं जब कोच अंकित कलियर से पूछा गया कि मौजूदा क्रिकेट टीम में कौन सा खिलाड़ी शारीरिक रूप से सबसे ज्यादा फिट है और क्यों?



तो इस पर उन्होंने विराट कोहली का नाम लिया।

उन्होंने कहा कि, विराट कोहली भारतीय टीम और दुनिया के सबसे फिट खिलाड़ी हैं। इसके पीछ कारण ये है कि वह एक सख्त शेड्यूल का पालन कर रहे हैं। चाहे वह खेल रहा है या नहीं, वह अपने न्यूट्रीशन, ट्रेनिंग, सप्लिमेंट और कंडीशनिंग भाग का वास्तव में बेहतरीन तरीके से पालन करता है या उसका ख्याल रखता है।

# शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन बड़ी मुसीबत में फंसे, अदालत ने तंबाकू के प्रचार में भेजा कानूनी नोटिस

डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ को सूचित किया कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने 20 अक्टूबर को तंबाकू कंपनियों का समर्थन करने के लिए अभिनेता शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन को नोटिस दिया था। तंबाकू ब्रांड से जुड़े होने के कारण बॉलीवुड के तीन सुपरस्टार शाहरुख खान, अजय देवगन और अक्षय कुमार को इलाहाबाद कोर्ट ने कानूनी नोटिस जारी किया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण तंबाकू विज्ञापनों में भागीदारी के लिए अभिनेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इस मामले की सुनवाई 9 मई, 2024 को होनी है। इसके अलावा, एक अलग याचिका में मशहूर हस्तियों, खासकर पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों के बारे में चिंता जताई गई है, जो स्वास्थ्य जोखिम पैदा करने वाले उत्पादों का समर्थन कर रहे हैं। एक अवमानना याचिका का जवाब देते हुए, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ



पीठ को सूचित किया कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने 20 अक्टूबर को तंबाकू कंपनियों का समर्थन करने के लिए अभिनेता शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन को नोटिस दिया था। वकील मोतीलाल यादव ने कुछ उत्पादों या वस्तुओं के विज्ञापनों या समर्थन में मशहूर हस्तियों, विशेष रूप से पद्म पुरस्कार विजेताओं की कथित भागीदारी से संबंधित मुद्दों को उठाते हुए एक याचिका दायर की थी, जो बड़े पैमाने पर जनता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। अदालत ने अगस्त 2023 में कैबिनेट सचिव, मुख्य आयुक्त और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को नोटिस जारी किया था, जिसमें सितंबर 2022 के आदेश का अनुपालन न करने पर अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी, जिसमें उसने याचिकाकर्ता को भारत सरकार से संपर्क करने के लिए कहा था। नोटिस का जवाब देते हुए डिप्टी सॉलिसिटर जनरल ने न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की पीठ को बताया कि 20 अक्टूबर को अभिनेता शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि अमिताभ बच्चन ने उनका विज्ञापन दिखाने वाली तंबाकू कंपनी को कानूनी नोटिस भेजा था, हालांकि उन्होंने अपना कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया था। कोर्ट ने अगली सुनवाई 9 मई 2024 तय की है।

# एक्टिंग के साथ साथ फिल्मों का निर्माण भी करेंगी सामंथा रुथ प्रभु, प्रोडक्शन हाउस ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स का किया एलान

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स लॉन्च किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लोगो क्लिप के साथ इसकी घोषणा की।

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स लॉन्च किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लोगो क्लिप के साथ इसकी घोषणा की। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, अपने प्रोडक्शन हाउस, त्रालाला मूविंग पिक्चर्स की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हूं.. त्रालालामूविंगपिक्चर्स। त्रालाला मूविंग पिक्चर्स का लक्ष्य नए जमाने की अभिव्यक्ति और विचार का प्रतिनिधि कंटेंट तैयार करना है। एक पोषण स्थान जो उन कहानियों को आमंत्रित और प्रोत्साहित करता है जो हमारे सामाजिक ताने-बाने की ताकत और जटिलता को बयां करती हैं। और फिल्म निर्माताओं के लिए ऐसी कहानियां बताने का एक मंच जो सार्थक, प्रामाणिक और सार्वभौमिक हैं। उन्होंने आगे कहा जैसे ही यह खबर सामने आई, मशहूर हस्तियों और प्रशंसकों ने उन्हें उनके नए उद्यम के लिए शुभकामनाएं दीं।

सामंथा रुथ प्रभु दक्षिण भारतीय सिनेमा की सबसे ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री जो इस समय मायोसिटिस के इलाज के लिए काम से छुट्टी पर हैं, एक दुर्लभ सार्वजनिक उपस्थिति में दिखीं और पैपराज़ी को हाथ हिलाते हुए देखा गया। सामंथा रुथ प्रभु को आखिरी बार विजय देवराकोंडा के साथ कुशी में देखा गया था। उन्होंने आराध्या की भूमिका निभाई। यह एक अज्ञेयवादी परिवार के एक युवक की कहानी बताती है जिसे अपने पिता के कट्टर प्रतिद्वंद्वी, एक कट्टर हिंदू नेता की बेटी से प्यार हो जाता है। फिल्म को मिश्रित समीक्षा मिली। शिव निर्वाण द्वारा निर्देशित कुशी में सचिन खेडेकर, सरन्या पोनवन्नन और मुरली शर्मा ने भी सहायक भूमिकाएँ निभाई।

अभिनेत्री ने हाल ही में वरुण धवन के साथ सिटाडेल की भारतीय किस्त पूरी की है। शो का प्रीमियर प्राइम वीडियो पर होगा। इस साल की शुरुआत में, प्रियंका चोपड़ा ने अपने शो के भारतीय रीमेक के बारे में खुलासा किया और खुलासा किया कि कहानियां जुड़ी हुई हैं। उन्होंने आगे बताया कि वह राज और डीके का



काम देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकतीं। हालाँकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर किसी भी आगामी परियोजना की घोषणा नहीं की है, लेकिन उनके प्रशंसक बेसब्री से अपडेट का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि वह अपनी भलाई को प्राथमिकता देना जारी रखती हैं।

# आदित्य रॉय कपूर ने कॉफी विद करण 8 में बताया किसके साथ करना चाहते हैं आशिकी, श्रद्धा कपूर या अनन्या पांडे में से कौन है वो एट्रेस?

करण जौहर ने अपने सेलिब्रिटी शो कॉफी विद करण 8 के आगामी एपिसोड के लिए मेहमानों के अगले सेट का अनावरण किया। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और अर्जुन कपूर अगले गुरुवार को कॉफी काउच की शोभा बढ़ाएंगे।

करण जौहर ने अपने सेलिब्रिटी शो कॉफी विद करण 8 के आगामी एपिसोड के लिए मेहमानों के अगले सेट का अनावरण किया। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और अर्जुन कपूर अगले गुरुवार को कॉफी काउच की शोभा बढ़ाएंगे। करण जौहर ने आगामी एपिसोड का एक स्निपेट साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, बैठिए, लड़के यानी अर्जुन कपूर और आदित्य रॉय कपूर इस हफ्ते कॉफी काउच पर हैं और वे घर को बर्बाद कर रहे हैं! हाल ही में जारी किए गए टीज़र ने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया है क्योंकि गतिशील जोड़ी ने अपने मसालेदार जवाब और संक्रामक सौहार्द का प्रदर्शन किया है। एक यूजर ने कहा, लड़के महाकाव्य हैं!! सिड और वरुण का एपिसोड बहुत पसंद आया और अब इसके लिए इंतजार नहीं कर सकता। एक अन्य यूजर ने कहा, अब मैं यही देखना चाहता हूं।

वहीं करण जौहर ने आदित्य से पूछा, अगर आप श्रद्धा कपूर और अनन्या पांडे के साथ जिंदगी में फंस गए तो आप क्या करेंगे? जबकि ऐसा लगता है कि सवाल आदित्य रॉय कपूर की ओर निर्देशित किया गया था, अर्जुन ने उनकी ओर से इसका उत्तर दिया और कहा,




आशिकी तो जरूर करता, अब किसके साथ वह नहीं पता। उनकी प्रतिक्रिया बहुत कुछ कहती है लेकिन बताती भी नहीं। दूसरी ओर अर्जुन से उनके जीवन के बारे में अफवाहों के बारे में पूछा गया, जिस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि वह वास्तव में काउच पर कुछ अफवाहों को स्पष्ट करना चाहेंगे।

पिछले एपिसोड में विक्की कौशल और कियारा आडवाणी नजर आए थे. कॉफ़ी विद करण 8 का नवीनतम सीज़न रहस्योद्घाटन, मसाला, नाटक और गपशप से भरा है।

# बिग बॉस 17 के मास्टरमाइंड विक्की जैन की पुरानी वीडियों हुई वायरल

विक्की जैन इस सीजन के सबसे चर्चित प्रतियोगियों में से एक बनें हुए हैं। लेकिन जाहिर तौर पर, रियलिटी शो में यह जैन का पहला कार्यकाल नहीं है। वह इससे पहले सीजन 4 में नजर आए थे। एक पुराना वीडियो इसका सबूत है।

विक्की जैन इस सीजन के सबसे चर्चित प्रतियोगियों में से एक बनें हुए हैं। लेकिन जाहिर तौर पर, रियलिटी शो में यह जैन का पहला कार्यकाल नहीं है। वह इससे पहले सीजन 4 में नजर आए थे। एक पुराना वीडियो इसका सबूत है। इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें विक्की जैन को बिग बॉस 4 के अंदर मशहूर सारा खान और अली मर्चेंट की शादी में शामिल होते देखा जा सकता है। वायरल वीडियो में जैन को टीवी होस्ट और अभिनेता जय भानुसाली के साथ बैठे देखा जा सकता है। यह वीडियो पिछले कुछ वर्षों में उनके शारीरिक परिवर्तन का भी प्रमाण है।



यह वीडियो कुछ ही समय में इंटरनेट पर छा गया और इस पर प्रतिक्रियाएं आने लगीं। बिग बॉस के प्रशंसक एक साथ आए और वीडियो पर टिप्पणी की। जबकि एक ने लिखा, विक्की अच्छा दिखता है, एक अन्य उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की, मुझे कुछ हद तक विक्की भैया का स्वभाव पसंद है... इसलिए मैं नकारात्मक टिप्पणी नहीं करूंगा। तीसरे ने टिप्पणी की विक्की भैया ने अपना समय निवेश किया जो पैसे के बराबर है। समय निवेश करना अपने दोस्तों और परिवार को समय देना है। मैं विकी भैया के साथ खड़ा हूं। उन्होंने अपना समय अच्छे दोस्त बनाने में निवेश किया। लोग पैसा निवेश करते हैं लेकिन विक्की भैया अपना समय रिश्ते में निवेश करते हैं।

जैन ने अपनी पत्नी अंकिता लोखंडे के साथ रियलिटी शो में प्रवेश किया। शुरुआत से ही, वह इस सीज़न के सबसे व्यस्त प्रतियोगियों में से एक रहे हैं और उन्हें अक्सर घर के मास्टरमाइंड के रूप में टैग किया जाता है। अपनी पत्नी के साथ उनका रिश्ता कई कारणों से जांच के दायरे में रहता है, हालांकि, यह जोड़ी रियलिटी शो में टिकी हुई है।

# निज्जर की हत्या के लिए सीक्रेट मेमो जारी करने के आरोप को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सिख अलगाववादियों के खिलाफ गोपनीय पत्र (सीक्रेट मेमो) जारी करने की रिपोर्ट को रविवार को खारिज करते हुए इसे फर्जी और मनगढ़ंत बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि यह रिपोर्ट भारत के खिलाफ निरंतर दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि हरदीप सिंह निज्जर सहित कुछ सिख अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अप्रैल में नई दिल्ली ने उत्तरी अमेरिका में दूतावासों को गोपनीय पत्र जारी किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बागची ने कहा कि

**आरोप**

**गौरतलब है कि सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 18 जून को खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था।**





ऐसा कोई पत्र (मेमो) जारी नहीं किया गया है। ऐसी खबरें फर्जी और पूरी तरह से मनगढ़ंत हैं। बागची ने कहा कि जिस संस्थान ने यह रिपोर्ट जारी की है वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की ओर से फैलाए जाने वाले फर्जी नैरेटिव के प्रचार करने के लिए जाना जाता है। ऑनलाइन अमेरिकी मीडिया द इंटरसेप्ट ने रिपोर्ट जारी की थी। गौरतलब है कि सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 18 जून को खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था। भारत ने आरोपों को बेतुका बताते हुए खारिज कर दिया था। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की इस साल जून में कनाडा के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। निज्जर भारत में वांछित था, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उस पर नकद इनाम की घोषणा की थी।

# क्या जम्मू-कश्मीर को फिर से मिलेगा स्पेशल स्टेटस?



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा। जम्मू और कश्मीर की स्वायत्तता छीनने वाले केंद्र सरकार के पांच अगस्त, 2019 को संसद में पारित कराए इस फैसले की संवैधानिक वैधता क्या है, इसको स्पष्ट किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट में 11 दिसंबर (सोमवार) के लिए अपलोड की गई मामलों की सूची में जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने का जिक्र है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में पांच जजों की संविधान पीठ इस मामले पर अपना अहम फैसला सुनाएगी। खंडपीठ के अन्य जजों में जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत शामिल हैं। सर्वोच्च अदालत में 16 दिन की सुनवाई के बाद दो अगस्त को बहस पूरी हुई थी और विगत पांच सितंबर को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से अटार्नी जनरल आर.वेंकटरमानी, सालिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी.गिरी और अन्य ने दलीलें दीं। जबकि, याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रह्मण्यम, राजीव धवन, जफर शाह व दुष्यंत दवे ने बहस की है। याचिकाकर्ताओं में नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी के सुप्रीमो भी शामिल हैं। सर्वोच्च अदालत ने सुनवाई के दौरान पूछा था कि क्या बिना निर्वाचित विधानसभा के जम्मू और कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाना संवैधानिक है? साथ ही यह भी पूछा कि संविधान में जिस प्रविधान (अनुच्छेद 370) को अस्थायी बताया गया था, उसे 1957 में जम्मू और कश्मीर विधानसभा के कार्यकाल के अंत स्थायी कैसे कर दिया।

# एक राज्य से दूसरे राज्य में ठिकाना बदलते रहे हत्यारे, चार दिनों तक पुलिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की बीते मंगलवार उनके जयपुर आवास पर अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या दी गई। इस मामले में अब तक दो शूटर्स और एक सहायता प्रदान करने वाले व्यक्ति को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। यह सभी देश से भागने के लिए चंडीगढ़ में पासपोर्ट का इंतजार कर रहे थे।

इस मामले में शामिल तीनों आरोपी में से नितिन फौजी और रोहित राठौड़ शूटर्स थे जबकि तीसरा, उधम सिंह इन दोनों को सहायता प्रदान कर रहा था। उधम सिंह ही वह व्यक्ति है जो सभी को भागने में मदद कर रहा था। यह सभी आरोपी हत्या के बाद से ही एक राज्य से दूसरे राज्य में छिप रहे थे। आरोपी नितिन फौजी महेंद्रगढ़ निवासी हैं तो रोहित राठौड़, मकराना, राजस्थान का रहने वाला है और उधम सिंह, हिसार के रहने वाले हैं। मकराना के 24 वर्षीय आरोपी रोहित राठौड़ और हरियाणा के महेंद्रगढ़ के 26 वर्षीय नितिन फौजी को राजस्थान पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) और दिल्ली पुलिस अपराध शाखा द्वारा



किए गए संयुक्त अभियान के दौरान चंडीगढ़ के सेक्टर 22 में एक शराब की दुकान से पकड़ा गया। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त अपराध रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि टीम उनके सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के उपयोग के माध्यम से उन पर नजर रख रही थी। उन्होंने आगे कहा कि फौजी और राठौड़ शूटर थे जिन्होंने सेना प्रमुख पर कम से कम 27 बार गोलियां चलाईं। जबकि उधम सिंह, फौजी के पुराने दोस्तों में से एक था जिसने हिसार में उनके लिए वाहन की व्यवस्था की और उन्हें भागने में मदद की। फौजी और राठौड़ गोगामेड़ी से मिलने के बहाने उसके घर में घुसे थे और कुछ मिनट बात करने के बाद उन्होंने गोगामेड़ी पर गोलियां चला दीं। यहां तक कि उन्होंने अपने साथी नवीन शेखावत की भी गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके माध्यम से उन्होंने करणी सेना प्रमुख के आवास तक पहुंच हासिल की थी।

पुलिस ने हत्यारों को लेकर बताया कि हत्या करने के बाद आरोपी भारत से भागने की योजना बना रहे थे। हालांकि, उनके पासपोर्ट उन तक पहुंचने से पहले, पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। हत्या करने के बदले में उन्हें विदेश में एक अच्छा और बेहतर जीवन देने का वादा किया गया था।

# दिल्ली में आठ डिग्री तो श्रीनगर में शून्य से नीचे लुढ़का पारा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड बढ़ने लगी है। सोमवार सुबह दिल्ली एनसीआर का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक,



11 दिसंबर की सुबह राष्ट्रीय राजधानी में कोहरे छाए रहे। हालांकि, दिल्ली में फिलहाल कड़ाके की ठंड ने दस्तक नहीं दी है। वहीं, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार की सुबह तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। उत्तराखंड और हिमाचल के कई इलाकों में बर्फबारी की वजह से भी उत्तर भारत में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पीटीआई एजेंसी के मुताबिक, रविवार को जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में पारा शून्य से -4 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। बारामूला जिले में भी पारा -4 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब में पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर साफ दिख रहा है। राज्य में रविवार को फरीदकोट और फिरोजपुर सबसे ठंडे रहे इसके अलावा अन्य इलाके के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। रात में हो रही ठिठुरन से लोग बेहाल हैं।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। हालांकि, राज्य में हल्के से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार को भी हिमाचल प्रदेश में मौसम के सभी जगह साफ बने रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

# 1947-2019 तक अनुच्छेद 370 पर कब क्या हुआ?

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के भविष्य पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार आखिरकार आज खत्म हो गया है। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने जम्मू-कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद-370 को

**चुनौती**

**केंद्र के प्रस्ताव को जम्मू-कश्मीर के कुछ दलों और अन्य लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।**

हटाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुना दिया है।बता दें कि केंद्र सरकार ने संसद में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम लाकर अनुच्छेद-370 और 35ए के विभाजनकारी प्रस्तावों को खत्म कर दिया था और इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

केंद्र के प्रस्ताव को जम्मू-कश्मीर के कुछ दलों और अन्य लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में 16 दिन की सुनवाई के बाद कोर्ट ने 5 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



हालांकि, आज कोर्ट का फैसला आ गया है। ऐसे में एक नजर डालते हैं इस विवादास्पद मुद्दे की टाइमलाइन पर।

1947: 1947 को जम्मू और कश्मीर के आखिरी राजा महाराजा हरि सिंह ने भारत में शामिल होने को लेकर एक विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। 1950: 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ। जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद-1 के तहत भारत का एक राज्य घोषित किया गया। जबकि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा आर्टिकल 370 ने दिया।

1951: जम्मू-कश्मीर के संविधान का मसौदा तैयार करने को लेकर संविधान सभा की पहली बैठक हुई। इसमें सभी सदस्य शेख अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी से थे।

1952:जम्मू-कश्मीर संविधान सभा में कश्मीर के नेताओं ने केंद्र सरकार के साथ चर्चा की। इसमें केंद्र और राज्य के संबंधों को लेकर एक समझौता भी हुआ।

1956: जम्मू-कश्मीर ने साल 1956 में खुद को भारत का अभिन्न अंग घोषित कर दिया और अपना संविधान अपनाया।

1975: इंदिरा गांधी और शेख अब्दुल्ला ने कश्मीर समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसमें आर्टिकल 370 और जम्मू-कश्मीर की स्थिति को भारत के अभिन्न अंग के रूप में फिर से पुष्टि की गई।

## चक्रवात मिचौंग के बाद हुआ था तेल रिसाव, तटरक्षक बल ने दुष्प्रभावों से बचाया

**चेन्नई।** चक्रवात मिचौंग के कारण समुद्र में तेल रिसाव हुआ था, लेकिन भारतीय तट रक्षक ने तेल रिसाव से होने वाले दुष्प्रभावों से बचा लिया। मिचौंग तूफान के बाद एर्नावुर चेन्नई क्षेत्र में बाढ़ के पानी के साथ तेल रिसाव की सूचना मिली थी। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने रिसाव के स्त्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू की। रिसाव के बाद तेल ने कोसाथलैयार नदी के मुहाने के माध्यम से शहर की नालियों और पूरे तटीय समुद्री क्षेत्र को चपेट में ले लिया।

भारतीय तटरक्षक के हेलीकाप्टर ने नौ और 10 दिसंबर को क्षेत्र की टोह ली और बताया कि रिसाव कोसथलैयार नदी के मुहाने से लेकर कासिमेडु बंदरगाह तक समुद्र में लगभग 20 वर्ग किलोमीटर तक फैल गया है।

# हारने के लिए लड़ी जाती हैं कुछ लड़ाइयां



**नई दिल्ली।**जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 को निरस्त किए जाने के सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने वैध ठहराया है। पीठ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अगले साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने से पहले याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था।

सिब्बल ने इस पोस्ट के जरिए पहले ही अपनी हार मान ली थी।कपिल सिब्बल ने एक्स पर लिखा, कुछ लड़ाइयां हारने के लिए लड़ी जाती हैं। इतिहास को पीढ़ियों के जानने के लिए असुविधाजनक तथ्यों को दर्ज करना होगा। संस्थागत कार्रवाइयों के सही और गलत होने पर आने वाले सालों में बहस होती रहेगी।

इतिहास ही अंतिम निर्णायक है। बता दें कि इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और अन्य ने दलीलें दीं। जबकि याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल और राजीव धवन ने बहस की थी। सुप्रीम कोर्ट में 16 दिन की सुनवाई के बाद दो अगस्त को बहस पूरी हुई थी और पांच सितंबर को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था।

# मिस्त्र में राष्ट्रपति के लिए मतदान शुरू, अल-सीसी की जीत लगभग तय

**काहिरा।** गंभीर वित्तीय संकट से ग्रस्त मिस्त्र में राष्ट्रपति पद के लिए मतदान रविवार से शुरू हो गया जो तीन दिन तक चलेगा। नतीजे 18 दिसंबर को आएंगे। इन चुनावों में वर्तमान राष्ट्रपति आब्देल फतह अल-सीसी के सामने कोई भी कद्दावर प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी नहीं होने से उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है। वैसे अल-सीसी के खिलाफ तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें विपक्षी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख फरीद जहरान, वफद पार्टी के अध्यक्ष आब्देल सनद यामामा और रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी के प्रमुख हेजेम उमर शामिल हैं। अल-सीसी जीते तो वह लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे। इन दिनों देशवासियों का ध्यान अपने देश की पूर्वी सीमाओं पर चल रहे युद्ध पर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 10.50 करोड़ आबादी वाले इस देश में लगभग एक तिहाई लोग गरीब हैं। इस चुनाव में छह करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं और अधिकारियों को उम्मीद है कि इस बार भारी संख्या में मतदान होगा। मिस्त्र के राष्ट्रीय चुनाव प्राधिकरण के अनुसार यदि कोई भी उम्मीदवार 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल नहीं कर पाता है तो आठ से 10 जनवरी तक फिर से मतदान होगा। बता दें कि मिस्त्र की सेना से सेवानिवृत्त फील्ड मार्शल अल-सीसी देश के पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मोर्सी को सत्ता से उखाड़ फेंकने के बाद 2013



में पहली बार राष्ट्रपति बने थे।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 25 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रलंकाई नौसेना ने 25 भारतीय मछुआरों को हिरासत में ले लिया और उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा कि शनिवार रात हिरासत में लिए गए मछुआरे गैरकानूनी रूप से मछली पकड़ रहे थे। मछुआरे तमिलनाडु के नागपट्टिनम और पुडुचेरी के कराइकाल जिले के निवासी हैं। पकड़े गए मछुआरों को कंकासांतुरै बंदरगाह ले जाकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मैलादी मत्स्यपालन निरीक्षक को सौंप दिया गया।इस बीच मछुआरों को हिरासत में लिए जाने को लेकर तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने रविवार को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर को पत्र लिखा है।

## यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस ने किया हवाई हमला, दो लोग घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव में बड़ा धमाका हुआ है। यूक्रेन की राजधानी में कीव में कई विस्फोट हुए। यूक्रेन की राजधानी के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने सोमवार को कहा कि रूस ने कीव पर रात भर हवाई हमला किया गया। इस हमले में गिराए गए हथियारों का मलबा कई जिलों पर गिरा और एक आवासीय इमारत को इससे नुकसान पहुंचा।

क्लिट्स्को ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा कि आपातकालीन सेवाओं को कीव के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में होलोसिवस्की जिले में भेजा गया था, जहां एक मिसाइल का हिस्सा एक आवासीय इमारत की छत से टकराया था।उन्होंने बताया कि शहर के दो अन्य जिलों में भी आपातकालीन सेवाएं भेजी गईं हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा कि शहर के दक्षिणपूर्वी हिस्से में डार्निट्स्की जिले में एक पुरुष और एक महिला इस हमले में घायल हो गए हैं।

# मुल्तान में कबाड़ की दुकान में विस्फोट से बच्चे की मौत, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुल्तान में एक स्क्रैप दुकान में भीषण विस्फोट की खबर सामने आई है। विस्फोट के चलते एक बच्चे की मौत हो गई और एक महिला सहित चार अन्य घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक, यह विस्फोट मुल्तान के तवाकल कस्बे में एक कबाड़ी की दुकान में हुआ। एआरवाई न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल लोगों को मुल्तान के निश्तार अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान अहमद अली के रूप में हुई है। उन्होंने आगे कहा कि घटना की जांच की जा रही है। इससे पहले, खुजदार काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के एसएचओ

**घटना**

**पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान अहमद अली के रूप में हुई है। उन्होंने आगे कहा कि घटना की जांच की जा रही है।**

की उनके वाहन को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, घटना खुजदार के इब्राहिम रोड पर हुई जब साह्न छ्ज्ञ्ठ खुजदार मुहम्मद मुराद के वाहन को निशाना बनाया गया। पुलिस ने कहा कि छ्ज्ञ्ठ अधिकारी के वाहन में बम रखा गया था।

पुलिस और सुरक्षा बल बम



निरोधक दस्ते के साथ विस्फोट स्थल पर पहुंचे जो विस्फोट के पैमाने का आकलन कर रहे थे। सीटीडी पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि मृतक साह्न के शव को जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया।

एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले हफ्ते खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर में वारसाक रोड पर एक बम विस्फोट में तीन बच्चों सहित कम से कम सात लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया कि धमाका बाबू गढ़ी चौक के पास हुआ था।

पुलिस ने कहा कि विस्फोट में सड़क के किनारे रखे गए चार किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। घायलों को इलाज के लिए लेडी रीडिंग अस्पताल ले जाया गया।

## अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए पाकिस्तानी सेना प्रमुख, कई सैन्य अधिकारियों से है मिलने का कार्यक्रम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर नकदी संकट से जूझ रहे अपने देश की गंभीर आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच अमेरिका की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर रविवार को वाशिंगटन के लिए रवाना हुए।

सेना की मीडिया मामलों की शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान जनरल मुनीर का अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य और अन्य सरकारी अधिकारियों से मिलने का कार्यक्रम है। उनकी यात्रा ऐसे समय हो रही है जब पाकिस्तान विभिन्न कानूनी मुद्दों के कारण देरी के बाद आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, सुरक्षा मुद्दों और भीषण सर्दी के कारण चुनाव समय पर होंगे या नहीं, इसे लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है।

# जीवाश्म ईंधन समाप्त करने पर जोर

## जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए COP28 में जारी किए गए डॉक्यूमेंट्स

**दुबई।** कॉप-28 सम्मेलन में जीवाश्म ईंधन पर बड़ा विभाजन दिख रहा है। कॉप-28 के अध्यक्ष ने रविवार को जलवायु शिखर सम्मेलन के वार्ताकारों से आग्रह किया है कि वह सम्मेलन में एक आम सहमति बनाने के लिए प्रयास और तेज करें।

यह सम्मेलन दुनिया में तेल, गैस और कोयले के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए प्रस्तावित अपनी तरह के पहले समझौते पर केंद्रित बातचीत के अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है। वार्ता में जीवाश्म ईंधन के भविष्य की भूमिका पर गहरे अंतरराष्ट्रीय विभाजन उजागर हुए हैं।

यह 12 दिसंबर को शिखर सम्मेलन के समापन से पहले एक समझौते पर पहुंचने में लगभग 200 देशों के प्रयासों को जटिल बना रहा है। कॉप-28 के अध्यक्ष सुल्तान अल-जबर ने सम्मेलन में कहा कि अब सभी पक्षों के लिए रचनात्मक रूप से जुड़ने का समय आ गया है। असफलता कोई विकल्प नहीं है। जाबेर ने कहा कि वह सभी देशों से जीवाश्म ईंधन पर आम सहमति के



लिए समाधान सुझाने के लिए कह रहे हैं। अमेरिका, यूरोपीय संघ और छोटे द्वीप देशों सहित 80 से अधिक देशों का गठबंधन एक समझौते पर जोर दे रहा है, जिसमें जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की बात शामिल है, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का मुख्य स्त्रोत है।

हालांकि, उन्हें तेल उत्पादक समूह ओपेक और उसके सहयोगियों के नेतृत्व में कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सऊदी अरब, रूस और अन्य का तर्क है कि कॉप-28 का ध्यान उत्सर्जन को कम करने पर होना चाहिए, न कि उन ईंधन स्त्रोतों को लक्षित करने पर जो उत्सर्जन का कारण बनते हैं।

कॉप-28 जलवायु सम्मेलन के दौरान रविवार को एक मसौदा दस्तावेज जारी किया गया। इसमें जलवायु परिवर्तन से निपटने के अनुकूल प्रयासों और सामूहिक प्रगति पर नजर रखने के लिए देशों का मार्गदर्शन किया गया है। वैश्विक अनुकूलन लक्ष्यों पर जारी यह मसौदा निर्धारित करेगा कि गरीब देश सूखे, गर्मी और तूफान जैसे जलवायु परिवर्तन से प्रेरित मौसम की चरम स्थितियों के लिए खुद को कैसे तैयार करेंगे।

हालांकि, मसौदा प्रस्ताव अनुकूलन के लिए आवश्यक धन और देशों को मिल रहे धन के बीच अंतर पर चिंता तो व्यक्त करता है, लेकिन यह नहीं बताता कि जलवायु परिवर्तन के अनुकूल देशों को कितनी नकदी की आवश्यकता है। मसौदे में एक विकल्प 2025 तक जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रत्येक देश की संवेदनशीलता का आकलन करने और 2027 तक चरम मौसम की घटनाओं के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित करने का प्रस्ताव है। दूसरा विकल्प, देशों के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन योजनाओं के साथ आना और उन्हें 2030 तक लागू करना है।

# अवैध प्रवासियों पर ईरान की कड़ी कार्रवाई, 13 हजार से अधिक अवैध अफगान प्रवासियों को देश से निकाला

**काबूल।** ईरान से 13,204 अवैध अफगान प्रवासियों को देश से निष्कासित कर दिया है। खुरासान रजावी में सीमा सुरक्षा के कमांडर माजिद शोजाई ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अवैध प्रवासियों के निष्कासन पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रवासियों की पहचान पिछले सप्ताह में की गई थी और वे डोघरौन में बारह सीमा क्रासिंग के माध्यम से अपने देश वापस लौट गए। सीमा सुरक्षा के कमांडर ने कहा कि अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले अफगान नागरिकों को गिरफ्तार कर निष्कासित कर दिया जाता है। खामा प्रेस के अनुसार, हाल के महीनों में ईरान और पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों को निकालने की प्रक्रिया तेज हुई है।

हाल ही में ईरान के गृह मंत्री ने चार लाख अफगान प्रवासियों को



देश से बाहर निकालने की घोषणा की थी। इससे पहले करमानशाह प्रांत में विदेशी नागरिकों और अप्रवासी मामलों के महानिदेशक ने देश के 16 प्रांतों में अफगान नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) के अनुसार, ईरान में छह प्रतिशत अफगान नागरिक निवास करती है। वहीं, काबुल में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने रविवार को मानवाधिकार दिवस और मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 75वीं वर्षगांठ पर कहा कि तालिबान को अफगानिस्तान में मानवाधिकार दायित्वों को स्वीकार करना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए। 2021 में सत्ता पर कब्जा करने के बाद तालिबान ने बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता को खत्म किया है, जिसका महिलाओं और लड़कियों पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

# खुदरा महंगाई स्थिरः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

## ऋण माफी के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर आरबीआई ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति अब स्थिर है और कुछ मौकों पर मुद्रास्फीति में अस्थायी



वृद्धि वैश्विक झटकों और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण मांग-आपूर्ति में अंतर के कारण हुई है। लोकसभा में एक लिखित जवाब में, सीतारमण ने कहा कि भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल-अक्टूबर 2022 में 7.1 प्रतिशत के औसत से घटकर 2023 की इसी अवधि में 5.4 प्रतिशत हो गई है।

उन्होंने कहा, ÷खुदरा मुद्रास्फीति अब स्थिर है और दो से छह प्रतिशत के अधिसूचित दायरे में है। खुदरा मुद्रास्फीति से अस्थिर खाद्य और ईंधन वस्तुओं को हटाने के बाद मुख्य मुद्रास्फीति में लगातार गिरावट का अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के दबाव को कमजोर करने में महत्वपूर्ण रहा है।÷ कोर महंगाई दर अप्रैल 2023 के 4.3 फीसदी से घटकर अक्तूबर 2023 में 4.3 फीसदी पर आ गई। मंत्री ने कहा कि 2016 में मुद्रास्फीति सहिष्णुता बैंड की अधिसूचना के बाद भारत में खुदरा मुद्रास्फीति ज्यादातर स्वीकार्य सीमा के भीतर रही है।

सीतारमण ने कहा, कुछ मौकों पर मुद्रास्फीति में अस्थायी वृद्धि वैश्विक झटकों और प्रतिकूल मौसम स्थितियों से उत्पन्न मांग-आपूर्ति में अंतर के कारण होती है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से आपूर्ति पक्ष की सक्रिय पहल और भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से मांग में स्थिरता लाने के प्रभावी उपायों से मांग-आपूर्ति में अंतर को दूर करने और मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में मदद मिली है।

दूसरी ओर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा कि भारत की जैव अर्थव्यवस्था पिछले आठ साल में आठ गुना बढ़कर 80 अरब डॉलर हो गई है। देश ने 2030 तक इसके 600 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। मंत्री वाइब्रेंट गुजरात से पहले जैव प्रौद्योगिकी विकास भारत के लिए नवाचार और कल्याण का मार्ग% विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जनता को प्रिंट मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया मंच पर ऋण माफी की पेशकश से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सोमवार को आगाह किया।

आरबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, उसने ऋण माफी की पेशकश करके उधारकर्ताओं को लुभाने वाले कुछ भ्रामक विज्ञापनों पर गौर किया है। ये संस्थाएं प्रिंट मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया मंच पर भी ऐसे कई अभियानों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही हैं।

ऐसी संस्थाओं द्वारा बिना किसी अधिकार के ''ऋण माफी प्रमाणपत्र'' जारी करने के लिए सेवा/कानूनी शुल्क वसूलने की भी खबरें हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कुछ स्थानों पर कुछ लोगों द्वारा कर्ज माफी की पेशकश से संबंधित अभियान चलाए जा रहे हैं, जो अपने अधिकारों को लागू करने में बैंकों के प्रयासों को कमजोर करते हैं।

आरबीआई ने कहा, '' ऐसी संस्थाएं गलतबयानी कर रही हैं कि बैंकों सहित वित्त संस्थानों का बकाया चुकाने की जरूरत नहीं है। ऐसी गतिविधियां वित्त संस्थानों की स्थिरता और सबसे अधिक जमाकर्ताओं के हित को कमजोर करती हैं।'' आरबीआई ने आगाह किया कि ऐसी संस्थाओं के साथ जुड़ने से सीधे तौर पर वित्तीय नुकसान हो सकता है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जनता को आगाह किया जाता है कि वे ऐसे झूठे व भ्रामक अभियानों का शिकार न बनें और ऐसी घटनाओं की शिकायत कानून प्रवर्तन एजेंसियों से करें।

पूर्ववर्ती सरकार ने 1.41 लाख करोड़ रुपये के तेल बॉंड जारी किए थे, चुकाई गई ढाई गुना राशि, बोले हरदीप सिंह पुरी

सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस नीत पूर्ववर्ती सरकार के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों पर काबू के लिए 1.41 लाख करोड़ रुपये के तेल बॉंड जारी किए गए थे जिसके लिए मौजूदा सरकार ने 3.50 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि उस समय पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों पर काबू पाने के लिए ऐसा कदम उठाया गया जिसका भार अगली सरकार को उठाना पड़ा।

# सोना 900 रुपये सस्ता हुआ चांदी 200 रुपये फिसली




**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 900 रुपये टूटकर 61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी 200 रुपये सस्ता होकर 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिका में रोजगार के सकारात्मक आंकड़े आने के बाद अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल और डॉलर में तेजी से सोमवार के सत्र में सोने की कीमतें तीन सप्ताह के निचले स्तर पर आ गईं। वैश्विक बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,995 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी 22.98 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही। कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 10 डॉलर की गिरावट के साथ 1,995 डॉलर प्रति औंस रह गया। कारोबारियों का अनुमान है कि पिछले सप्ताह सोने के रुख में तेज बदलाव के बाद आने वाले समय में सोने की कीमतों में मंदी बने रहने का अनुमान है। गांधी ने कहा कि हालांकि अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े जारी होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक जैसे वृहद घटनाक्रमों का इस सप्ताह सोने की कीमत पर असर पड़ेगा।

## लखनऊ में आयोजित हो रहा है 68वां वार्षिक आईओए कॉन्फ्रेंस 2023 विश्व-प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ उपस्थित होंगे एक मंच पर

**लखनऊ।** इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का 68वां वार्षिक सम्मेलन आईओए कॉन्फ्रेंस 2023



14 से 17 दिसंबर, 2023 तक राजधानी लखनऊ में एकाना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। इस मेगा इवेंट में ऑर्थोपेडिक्स के क्षेत्र के वैश्विक विशेषज्ञ एक साथ एक मंच पर आयेंगे, जो अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे और नए मेडिकल तकनीकों पर विचार विमर्श करेंगे। आईओए कॉन्फ्रेंस 2023 का विषय, नेविगेटिंग इनटू द फ्यूचर÷ भारत और दुनिया भर में आर्थोपेडिक स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने के लिए आईओए की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वैज्ञानिक कार्यक्रम में भारत और विदेश के प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की संगोष्ठियाँ, केस स्टडीज और निर्देशात्मक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 13 दिसंबर को कई प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशालाओं के आयोजन से होगी। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य ज्ञानवर्धन और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। डॉ. ललित मैनी के नेतृत्व में 3डी प्रिंटिंग एवं ऑगमेंटेड रियलिटी वर्कशॉप का आयोजन डॉ. सैफ शाह द्वारा किया जाएगा। डॉ. राजेश मल्होत्रा ??आर्थ्रोप्लास्टी हिप सेशन का नेतृत्व करेंगे और डॉ. सौरव शुक्ला संयोजक होंगे। डॉ. सचिन तपस्वी की अध्यक्षता में आयोजित आर्थ्रोस्कोपी नी वर्कशॉप का संचालन डॉ. आशीष कुमार द्वारा किया जाएगा।

डॉ. अजय सिंह पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स वर्कशॉप का नेतृत्व करेंगे, जबकि डॉ. रमेश सेन पेलवी-एसिटाबुलर (कैडेवेरिक) सेशन की अध्यक्षता करेंगे, डॉ. धर्मेंद्र कुमार इस सत्र संयोजक होंगे। डॉ. अनुप अग्रवाल के मार्गदर्शन में एओ बेसिक कोर्स के संयोजक डॉ. मयंक महेंद्र होंगे।

डॉ. एस.के.एस. मार्या आर्थ्रोप्लास्टी नी वर्कशॉप के प्रमुख होंगे और डॉ. संदीप कपूर संयोजक के रूप में काम करेंगे। डॉ. संजय रस्तोगी नी ऑस्टियोटॉमी एंड प्रिजर्वेशन वर्कशॉप की अध्यक्षता करेंगे और डॉ. संतोष सिंह संयोजक होंगे।

## जुलाई 2020 से दिसंबर 2023 तक देश में कुल 3.16 करोड़ एमएसएमई रजिस्टर हुए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि 1 जुलाई, 2020 से 04 दिसंबर, 2023 के बीच भारत में कुल 3,16,05,581 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पंजीकृत किए गए। एमएसएमई राज्य मंत्री एस भानु प्रताप सिंह वर्मा ने एक सदस्य की ओर से देश में पंजीकृत एमएसएमई की कुल संख्या और पिछले पांच वर्षों से पंजीकरण में साल-दर-साल वृद्धि और कमी के बारे में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि सभी 3,16,05,581 एमएसएमई में अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यम शामिल हैं। सभी एमएसएमईउद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत थे। वर्मा ने डेटा भी साझा किया जो 2020 में 28,47,544; 2021 में 51,47,993; 2022 में 85,82,179 और 2023 में 1,50,27,865 एमएसएमई के पंजीकरण को दर्शाता है। निर्दलीय सांसद कार्तिकेय शर्मा के सवाल के जवाब में, मंत्री ने आगे कहा कि देश में 1 जुलाई, 2020 से 4 दिसंबर, 2023 तक पंजीकृत महिलाओं के स्वामित्व वाले एमएसएमई की कुल संख्या 1,17,36,406 (उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों सहित) थी। दूसरी ओर, सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के लाभार्थियों को अब तक कुल 9,790 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। यह योजना कोविड-19 के प्रकोप के दौरान शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक माइक्रो-क्रेडिट योजना के रूप में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य 50,000 रुपये तक संपार्श्विक-मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करना है।

## एमवे इंडिया ने एक स्वस्थ ओरल माइक्रोबायोम को पोषित करने की दिशा में कदम बढ़ाया

**लखनऊ।** मुंह के स्वास्थ्य और समग्र स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को पहचानते हुए अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट-सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने हाल ही में कई लाभों के साथ एकदम नए ग्लिस्टर मल्टी-एक्शन टूथपेस्ट को लॉन्च किया। नए लॉन्च के बारे में बताते हुए एमवे इंडिया के सीएमओ अजय खन्ना ने कहा, ÷विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 95त्न से अधिक भारतीय वयस्क दांतों में सड़न का अनुभव करते हैं, जबकि 50त्न से अधिक गम रिसेशन, यानी मसूड़ों के दांत से अलग होने, दांतों की संवेदनशीलता, यानी ठंडा-गर्म लगना और मुंह की दुर्गंध से पीड़ित हैं। जैसा कि हम समग्र कल्याण की ओर बढ़ते रुझान को देख रहे हैं, एमवे के सबसे ज्यादा बिकने वाले ब्रांडों में से एक ग्लिस्टर, जिसने दुनिया भर में लाखों उपभोक्ताओं का विश्वास जीता है, गर्व से मुंह की देखभाल को व्यापक मिसाल के तौर पर एकीकृत करने का मार्ग प्रशस्त करता है। स्वास्थ्य और कल्याण की भव्य फुलकारी में मुंह की देखभाल एक ऐसे धागे की तरह है, जो हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ती है और जो हमारे समग्र




कल्याण के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करती है। पांच दशकों से अधिक की विरासत के साथ ग्लिस्टर उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार विकसित हुआ है। हमारी नवीनतम पेशकश ग्लिस्टर मल्टी-एक्शन टूथपेस्ट का उद्देश्य कई लाभ प्रदान करते हुए आपकी ओरल केयर माइक्रोबायोम के नाजुक संतुलन का पोषण और समर्थन करना है, जैसे कि - इनेमल की सफेदी को 42त्न तक बढ़ाना, 12 घंटों के लिए सांस को तरोताजा करना, प्लाक को कम करना, इसके स्वाद में पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल होता है, जो न्यूट्रीलाइट सॉर्स्ड/सर्टिफाइड है, जो सांसों को ताजा करने में मदद करता है और पौधे-आधारित गुणों से भरपूर होता है। इसके अलावा प्राकृतिक और हर्बल सामग्री वाले टूथपेस्ट के लिए बढ़ती प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए हमारे पास ग्लिस्टर मल्टी-एक्शन टूथपेस्ट हर्बल्स भी है, जो 11 प्राकृतिक अवयवों के साथ आता है। ये टूथपेस्ट केवल मुस्कुराहट चमकाने के लिए नहीं हैं; बल्कि वे लोगों को उनके समग्र कल्याण के साथ मुंह की स्वच्छता के अंतर्संबंध को स्वीकार करके उनके स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने के लिए सशक्त बनाते हैं।

# लखनऊ में रैंकर्स बनायेंगे, भारत का नंबर 1 टेस्ट प्रेप इंस्टीट्यूट इनफिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या

**लखनऊ।** नवाबों के शहर-लखनऊ में इन्फिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या भारत का एकमात्र हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफॉर्म, जो बड़े पैमाने पर परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करता है, अपने नए कोचिंग सेंटर के उद्घाटन की घोषणा के साथ अपने विस्तार को लेकर अत्यंत उत्साहित है। अपने स्कूलों के माध्यम से श्री चैतन्या, पहले से ही लखनऊ शहर के शैक्षिक परिदृश्य का एक अभिन्न अंग है। शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति अपने समर्पण को दर्शाते हुए एशिया के सबसे बड़े शैक्षणिक समूह श्री चैतन्या, ने अब हार्ट ऑफ़ द सिटी हजरतगंज के मध्य में एक अत्याधुनिक परीक्षा तैयारी केंद्र शुरू करके अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत बना दिया है। IIT JEE और NEET जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में टॉपर्स तैयार करने के अटूट लक्ष्य के संग, इन्फिनिटी लर्न अब लखनऊ में भी महत्वाकांक्षी शिक्षार्थियों को सशक्त बनाने के लिए तैयार है। यह कोचिंग सेंटर शिक्षार्थियों को ऐसे शिक्षा




विशेषज्ञों से लाभ उठाने का अनोखा अवसर प्रदान करेगा, जिन्होंने 2023 में JEE Advanced, JEE Main और NEET में अखिल भारतीय रैंक 1 हासिल कर ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। अब इसी प्रकार से लखनऊ शहर में भी उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को तैयार किया जायेगा। इन्फिनिटी लर्न की सह-संस्थापक और श्री चैतन्या समूह की अकादमिक निदेशक सुश्री सुषमा बोप्पाना, ने इस विस्तार के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, श्री चैतन्या में, हमारा मिशन सीखने का ऐसा अनुकूल माहौल बनाना है, जो शिक्षार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करता है। लखनऊ में हमारे नए कोचिंग सेंटर की स्थापना, इच्छुक शिक्षार्थियों को सर्वोत्तम संभव संसाधन प्रदान करने की हमारी 38 वर्षों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारे राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त शिक्षार्थी, जिन्होंने इस वर्ष NEET, JEE Mains, JEE Advanced में AIR-1 हासिल किया है, वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति हमारे वर्षों के समर्पण के साक्षी हैं। हमारा लक्ष्य लखनऊ में उसी सफलता को दोहराना है ताकि शहर में शैक्षणिक समुदाय का विकास हो सके।

इन्फिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या के संस्थापक सीईओ श्री उज्ज्वल सिंह, ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, उच्च कॉम्पीटिशन एग्जाम की तैयारी की चुनौतियों का सामना करने में शिक्षार्थियों को अटूट समर्थन प्रदान करने में माता-पिता एक अपरिहार्य भूमिका निभाते हैं। इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान माता-पिता की निकटता और सक्रिय भागीदारी अमूल्य है, जो शिक्षार्थी की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देती है। इस महत्वपूर्ण रिश्ते को पहचानते हुए, लखनऊ में हमारे रणनीतिक विस्तार का अहम् उद्देश्य कॉम्पीटिशन एग्जाम की तैयारी हेतु शिक्षार्थियों के कोटा एवं दिल्ली या इन जैसे अन्य क्षेत्रों में जानें के ट्रेंड को रोकना है।

## अगले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में नौ और हवाई अड्डों का होगा निर्माण, सिंधिया ने किया एलान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में अगले दो साल में नौ और हवाई अड्डों का निर्माण किया जाएगा। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार नागरिक उड्डयन क्षेत्र को बहुत महत्व दे रही है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 65 वर्षों में केवल 74 हवाई अड्डों का निर्माण किया गया था, जबकि मोदी सरकार के पिछले नौ वर्षों में 75 हवाई अड्डों का विकास किया गया है जिससे कुल संख्या 149 हो गई है। इनमें हवाई अड्डे, हेलीपोर्ट और वाटरड्रोम शामिल हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि 149 वर्षों में केवल तीन ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों का निर्माण किया गया था, जबकि 20214 से वर्तमान सरकार की ओर से 12 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे विकसित किए गए हैं। सिंधिया ने कहा कि 65 साल में उत्तर प्रदेश में छह हवाई अड्डे विकसित किए गए। उसके बाद मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले नौ वर्षों में राज्य में तीन नए हवाई अड्डों का निर्माण किया गया। सिंधिया ने कहा, हम उत्तर प्रदेश में अगले दो वर्षों में नौ और हवाई अड्डों का निर्माण करेंगे। मेरठ हवाई अड्डे के बारे में एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त 115 एकड़ जमीन उपलब्ध कराए जाने के बाद वीएफआर (विजुअल फ्लाइट रेटिंग) का उपयोग करने वाले एटीआर विमानों के साथ परिचालन शुरू किया जा सकता है।

सिंधिया ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, मेरठ एक बिना लाइसेंस वाला हवाई अड्डा है और आरसीएस उड़ानों के विकास और संचालन के लिए उड़ान योजना के तहत बोली के तीसरे दौर के दौरान इसकी पहचान की गई थी। उड़ान 4.2 दौर की बोली के तहत मेरठ-लखनऊ-मेरठ मार्ग पर 19 सीटों वाले विमान और प्रति सप्ताह 119 सीटों की फ्रिक्वेंसी वाली आरसीएस उड़ानों के संचालन के लिए फ्लाईबिग को ठेका दिया गया है, न कि एटीआर 72 के लिए।

## उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान पर क्लोजिंग, सेंसेक्स 106 अंक चढ़ा, निफ्टी 20900 के पार

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को अच्छे वैश्विक संकेतों के बाद खरीदारी दिखी। दिन के कारोबार के दौरान प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स अपने रिकॉर्ड हाई पर पहुंचे। इस दौरान सेंसेक्स पहली बार 70,057 और निफ्टी ने 21,026 का ऑल टाइम हाई पर पहुंचा।

हालांकि ऊपरी स्तरों को छूने के बाद बाजार में उतार-चढ़ाव दिखा। आखिरकार क्लोजिंग के दौरान सेंसेक्स 102.93 (0.14%) अंकों की बढ़त के साथ 69,928.53 के स्तर पर जबकि निफ्टी 27.70 (0.13%) अंक की बढ़त के साथ 20,997.10 के स्तर पर बंद हुआ।

बाजार में सबसे ज्यादा खरीदारी सरकारी बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में दिखी। इससे पहले शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 303 अंकों की मजबूती के साथ 69,825 के स्तर पर पर बंद हुआ था।

## मैक्स लाइफ ने लॉन्च किया स्मार्ट टोटल एलीट प्रोटेक्शन टर्म प्लान

**नई दिल्ली।** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने स्मार्ट टोटल एलीट प्रोटेक्शन प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक कम्प्रेहेंसिव लाइफ इंश्योरेंस टर्म प्लान है, जिसे मौजूदा दौर की बदलती जीवनशैली एवं जरूरतों के अनुरूप उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें कम्प्रेहेंसिव कवरेज मिलती है। नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, इंडीविजुअल प्योर रिस्क प्रीमियम लाइफ इंश्योरेंस प्लान मैक्स लाइफ स्मार्ट टोटल एलीट प्रोटेक्शन टर्म प्लान में पॉलिसीधारकों को क्लेम इंटीमेशन पर तत्काल पेमेंट, कवर कॉन्टीन्यूएंस बेनिफिट और स्पेशल एक्जिट वैल्यू जैसे कई लाभ मिलते हैं। इस प्लान का उद्देश्य मौजूदा दौर में फाइनेंशियल सिक्योरिटी बढ़ाना और बेहतर कवरेज सॉल्यूशंस के साथ आधुनिक ग्राहकों की प्रोटेक्शन संबंधी बढ़ती जरूरतों को पूरा करना है।

मैक्स लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, ÷वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलती फाइनेंशियल तस्वीर के साथ-साथ फ्लेक्सिबिलिटी एवं पर्सनलाइज्ड प्रोटेक्शन को लेकर बढ़ती मांग के इस दौर में मैक्स लाइफ स्मार्ट टोटल एलीट प्रोटेक्शन टर्म प्लान (स्टेप) भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किए गए सॉल्यूशन के रूप में सामने आया है। एडैप्टेबल और कम्प्रेहेंसिव कवरेज की बढ़ती जरूरत को देखते हुए यह प्लान हमें ऐसे भविष्य की ओर ले जाता है, जहां बेहतर फाइनेंशियल सिक्योरिटी के लिए फ्लेक्सिबल एवं हायर कवरेज प्लान जरूरी हैं। मैक्स लाइफ एक ऐसा भविष्य सुनिश्चित करना चाहती है, जहां लोग लंबी अवधि में अपने परिवार की वित्तीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने में पूरी तरह से सक्षम हों और इस दिशा में यह प्लान एक महत्वपूर्ण कदम है।÷

भारत में बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के साथ प्रीमियम प्रोडक्ट एवं सर्विसेज को लेकर लोगों की प्राथमिकताओं में भी उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। 5 में से 3 भारतीयों ने अपनी मौजूदा बचत के भरोसे आगे चलकर अपनी लाइफस्टाइल एवं खर्च को वहन कर पाने को लेकर चिंता जताई है। अपने परिवार के कल्याण के लिए ग्राहकों के बीच हायर कवरेज सॉल्यूशंस को लेकर बढ़ती मांग से भी यह ट्रेंड दिख रहा है। उदाहरण के तौर पर, इस साल मैक्स लाइफ के एक तिहाई ग्राहकों ने 2 करोड़ रुपये से ज्यादा कवरेज वाला टर्म प्लान चुना है। पिछले साल एक चौथाई ग्राहकों ने ऐसा किया था। इस रुझान को देखते हुए एसटीईपी शानदार सॉल्यूशन के रूप में सामने आया है। इस प्लान में उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 2 करोड़ रुपये की कवरेज दी गई है। साथ ही इसमें कुछ अतिरिक्त फ्लेक्सिबिलिटी भी दी गई है। इसके कवर कॉन्टीन्यूएंस बेनिफिट के तहत ग्राहकों को हर पांच साल में प्रीमियम ब्रेक का मौका मिलेगा।

पॉलिसी के टर्म्स एवं कंडीशंस' के आधार पर इस प्लान के महत्वपूर्ण फीचर्स निम्नलिखित हैं

1. कवर कॉन्टिन्यूएंस बेनिफिटरू इस फीचर के तहत पॉलिसीधारक को बेस प्लान के अंतर्गत मिलने वाले फुल रिस्क कवर और राइडर्स (यदि राइडर्स हैं तो) को बनाए रखते हुए प्रीमियम को पहले अनपेड प्रीमियम से 12 महीने तक के लिए ड्यू करने का विकल्प मिलता है।

## इंद्राणी मुखर्जी की अनब्रोकनः द अनटोल्ड स्टोरी को ऑडियो बुक लॉन्च के साथ मिला एक नया रूप

इंद्राणी मुखर्जी की अनब्रोकनः द अनटोल्ड स्टोरी अब अपनी ऑडियो बुक के रिलीज के साथ एक नया कदम उठाने जा रही है, जहां यह एक श्रव्य अनुभव श्रोताओं को ऑडिबल.इन और



अमेज़न पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। यह ऑडियो बुक एक व्यक्तिगत आत्मकथा में न ही केवल नई जान फूंकती है, बल्कि इसकी आत्मीयता से दर्शक ऐसे जुड़ जाते है की उनमें एक अटूट भावनात्मक बंधन बन जाता है। ऑडियो बुक रिलीज के बारे में बोलते हुए, इंद्राणी मुखर्जी ने साझा किया, ÷अनब्रोकन में, मैंने अपनी असुरक्षाओं और अपने रिश्तों की जटिलताओं को दुनिया के सामने उजागर किया। अब, इस ऑडियो प्रारूप में, मैं श्रोताओं को उस अनुभवात्मक और गहन आंतरिक यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती हूं, जिससे अनगिनत महिलाएं एक जुडाव महसूस करेंगी।, मेरी इस यात्रा से मैं उन लोगों से जुड़ने की उम्मीद करती हूं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों का सामना किया है और मैं उन्हें अपने शब्दों के माध्यम से उनके सबसे कठिन क्षणों में ताकत खोजने के लिए प्रेरित करना चाहती हूं। भारतीय मूल की ब्रिटिश मीडिया दिग्गज, इंद्राणी मुखर्जी ने मीडिया व्यवसाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की 50 वुमेन टू वॉच में से एक के रूप में पहचानी जाने वाली इंद्राणी सिर्फ एक व्यवसायी महिला नहीं हैं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की वकालत करती हैं। जेल प्रणाली में निष्पक्षता, न्याय और पुनर्वास को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता, भारत भर के जेलों में बंद, विचाराधीन कैदियों के जीवन को बेहतर बनाने के, उनके अथक प्रयासों में परिलक्षित होती है।

## मिंत्रा ईओआरएस-19 सभी श्रेणियों में 23 लाख से अधिक शैलियों के साथ मौजूद है

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े फैशन शॉपिंग कार्यक्रमों में से एक, मिंत्रा की एंड ऑफ रीज़न सेल (ईओआरएस) का 19वां संस्करण, देश भर में लाखों फैशन प्रेमियों को लुभाने के लिए, शादी, पार्टी और छुट्टियों के मौसम के बिलकुल ठीक समय पर लौटने के लिए तैयार है। 6000 से अधिक प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांडों के फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल के 23 लाख से अधिक प्रोडक्ट्स को फीचर करता यह संस्करण एक बेहतरीन स्केल पर खरीदारी के बेहतर अनुभव का वादा करता है।

ईओआरएस के 19वें संस्करण के बारे में बात करते हुए, मिंत्रा की हेड ऑफ़ ग्रोथ एंड रेवेन्यू, नेहा वाली ने कहा, ÷मिंत्रा की एंड ऑफ रीज़न सेल की स्थायी लोकप्रियता हमें लगातार अपने ग्राहकों के लिए कुछ नया करने के लिए प्रेरित करती है, जो उत्सुकता से ईओआरएस के प्रत्येक संस्करण के साथ अपने स्टाइल को बेहतर बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। । भारत के ट्रेंड-फर्स्ट ग्राहकों को एक बेहतरीन खरीदारी अनुभव प्रदान करने के हमारे प्रयास में, ईओआरएस-19 खरीदारों की मांगों को पूरा करने के लिए एक टॉप सिलेक्शन लाएगा। इस शॉपिंग महाकुंभ के दौरान लगभग 1




मिलियन नए ग्राहकों के प्लेटफार्म पर आने की उम्मीद है, इस कार्यक्रम में भारतीय पहनावे , ब्यूटी , ट्रेवल , फुटवियर , होम और वेस्टर्न ड्रेसेस और पार्टी सहित विभिन्न श्रेणियों के ब्रांडों द्वारा शानदार पेशकश देखने को मिलेगी, जिससे ग्राहकों के खरीदारी अनुभव निश्चित रूप से आनंदमय होगी।÷

ईओआरएस 19 के दौरान जिन श्रेणियों पर ग्राहकों का ज़्यादा ध्यान आकर्षित होने की उम्मीद है, उनमें पुरुषों के कैजुअल कैजुअल वियर, पुरुषों और महिलाओं के एथनिक, महिलाओं के वेस्टर्न वियर, ब्यूटी और पर्सनल केयर, घड़ियां और वियरेबल्स , विंटर एसेंशियल, एक्सेसरीज, स्पोर्ट्स फुटवियर और किड्स वियर शामिल हैं। कई ब्रांडों में एच एंड एम, नाइकी, एडिडास, मैक, जैक एंड जोन्स, लेवीज, लैक्मे, रेयर रैबिट, प्यूमा, बोट, वाइल्डक्राफ्ट, मेबेलिन, वनप्लस, मैंगो, फॉरएवर 21 और रोडस्टर शामिल हैं।

शादी के मौसम की शुरुआत के साथ, प्लेटफार्म ने मसाबा, तरूण तहिलियानी, त्वामेव और अन्य जैसे टॉप डिजाइनर ब्रांडों के ड्रीमी कलेक्शन्स स्वपनमय संग्रह के साथ अपनी वेडिंग ऑफरिंग्स बढ़ा दी है। हल्दी, संगीत, कॉकटेल पार्टियों और बैचलरेट सहित अलग-अलग अवसरों के लिए टॉप फैशन ट्रेंड निश्चित रूप से शॉपरस की तस्वीरों को आकर्षक बनाएंगे। शादी के सीज़न के कुछ ट्रेंडिंग स्टाइल, जिनमें महिलाओं के लिए लगभग 2 लाख स्टाइल हैं, उनमें प्रिंटेड फ्यूज़न लहंगा, पेस्टल लहंगा, रेडी टू वियर साड़ियां, लेयर्ड को-ऑर्ड्स आदि शामिल हैं। मिंत्रा पर इंडियन वियर केटेगरी में 4.5 लाख से अधिक स्टाइल की रेंज है, जिसमें अनोउक, बीबा, डबलयू जैसे ब्रांड और कोस्की और सुता जैसे डिज़ाइनर लेबल शामिल हैं। एल्डो, पोलो राल्फ लॉरेन और कार्ल लेगरफेल्ड जैसे ब्रांडों के संग्रह के अलावा, खरीदार विक्टोरिया सीक्रेट के नए लॉन्च किए गए हैंडबैग के साथ अपनी शादी के लुक को पूरा कर सकते हैं।

# हाफिज ए कुरान हुए सुफीद, ज़श्न-ए-दास्तारबंदी का हुआ आयोजन

## आपसी प्रेम, सौहार्द व शांति का रास्ता बताता है इस्लामः हाफीज कामरान



- दुनिया और आखिरत में कामयाब बनाती इल्मः मौलाना मुस्तफीज

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** विशुनपुरा विकास ख.ड के ग्राम सभा नंदलाल छपरा के मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज में 17 वर्षीय सुफीद द्वारा कुरान मुकम्मल हिफ्ज करने पर जश्न-ए-दास्तार हिफ्ज व इस्लाहे मोआशरा कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें उलेमाओं द्वारा दीनी तालीमी, इस्लामी रिवायात, मदरसों की शिक्षा और उलेमा के योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना मुस्तफीज रजा ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा खजाना है अपने औलाद को ईल्मदार बना देना है।

जन्नत की कुंजी ईमान रोजा नमाज है अपनों ही नहीं दुसरों की भलाई के लिए जिद करें यानी जिद अच्छाई के लिए करें, बुराई के लिए नहीं। नंदलाल छपरा मदरसा के पेश इमाम हाफीज कामरान ने कहा कि इस्लाम धर्म, भाईचारा, आपसी प्रेम, सौहार्द व शांति का रास्ता बताता है। नमाज गुनाह और बुरे, ऐब से बचाती है, बच्चों को मोबाइल से नहीं किताबों से प्रेम होना चाहिए, साथ ही मुस्लिम लड़कियों और महिलाओं को पर्दा करना चाहि। अन्य उलेमाओं ने नात पढ़कर वाहवाही लुटी। कान्फ्रेंस को मौलाना आश मोहम्मद, मौ0 नुरालम, मौ0 अफजल, लकमुद्दीन, मौ0 अब्दुल कादिर, आदि ने संबोधित किया। अंत में शक्ति नगर कसया के 17 वर्षीय सुफीद पुत्र मो0 मुनीब द्वारा कुरान मुकम्मल हिफ्ज करने पर उसे फुल, माला, नकदी भेंट किया किया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना समशुल हसन ने किया।

इस मौके पर सपा नेता व समाजसेवी मु0 इकबाल अंसारी, यासीन अंसारी, समिऊल्लाह (गोधन), मौलाना वशिउल्लाह, ग्यासुद्दीन अंसारी, जलील अंसारी, मोबारक अंसारी, मो0 लियाकत अंसारी, मो0 इस्लाम अंसारी, सेताबुल इस्लाम, लड्डू उर्फ अफरोज, अब्दुल मजीद, भोला आजाद, जब्बार, फैजूल, मोनू, सोनू , हदीस अंसारी, क्यामुद्दीन, शाजिद, माजिद, अल्ताफ आदि लोग मौजूद रहे।

## विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी है

**देवरिया।** लार के राउतपार रघेन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योजनाओं के लाभ को वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना है। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। 15 नवम्बर को बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रांची के खूंटी से किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार से संचालित योजनाओं से जोड़ा जाये। वहीं जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ। इसकी कहानी उनके जुबानी से ही सुना जाये। इसके लिए केन्द्र सरकार ने लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को लाभान्वित करने की योजना बनायी है।

# गन्ने के खेत में मिला लापता बालक का शव, हत्या की आशंका



- नौ दिन पूर्व लापता हुआ था बालक, खोजबीन में जुटी थी पुलिस
- हाटा कोतवाली क्षेत्र के सकरौली गांव का मामला

**अवधनामा संवाददाता**

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र के सकरौली गांव से नौ दिन पहले लापता एक बालक का शव सोमवार को दोपहर बाद गन्ने के खेत में मिला। इससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही गांव और आसपास के लोग खेत की ओर दौड़ पड़े। बड़ी संख्या में पुलिस वहां पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एएसपी और सीओ ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव सड़ जाने के कारण हत्या के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, परिजनों ने अभी किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जा रहा है कि हाटा कोतवाली क्षेत्र के सकरौली गांव के निवासी इंदल प्रसाद का दस वर्षीय पुत्र गोलू तीन दिसंबर की शाम को गांव से जा रही बरात में बाजा देखने गया था। देर शाम को जब घर नहीं लौटा तो परिजन उसे ढूंढने लगे। काफी प्रयास के बाद भी वह नहीं मिला। दूसरे दिन उसके पिता ने हाटा कोतवाली पुलिस को इसकी लिखित सूचना दी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी थी। परिवार के लोगों और पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। सोमवार को गांव से पूरब दिशा में स्थित गन्ने के एक खेत में गन्ना की कटाई हो रही थी। उसी दौरान एक महिला खेत में कुछ और अंदर गई तो उसे दुर्गंध महसूस हुई। उसने बढ़कर देखा तो वहां शव दिखाई दिया। शोर मचाते हुए वह बाहर आई। इसकी जानकारी होते ही और भी बहुत से लोग खेत के अंदर गए तो शव की पहचान नौ दिनों पहले गांव से लापता गोलू पुत्र इंदल प्रसाद के रूप में हुई। परिवार के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई तो उनका रो-रो के बुरा हाल हो गया। इस संबंध में हाटा कोतवाल राज प्रकाश सिंह ने बताया कि शव मिलने की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार के लोग अभी कुछ भी कहने की हालत में नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां हुई तेज, टीमों की चयन प्रक्रिया पूरी



- 17 दिसंबर से होगी कृष्णा साहा व विमलेश मल्ल स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के उदित नारायण पीजी कॉलेज के खेल मैदान में छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा साहा व छात्रनेता विमलेश मल्ल की स्मृति 16वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसंबर से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का 24 दिसंबर को पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा। इसको लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। टीमों की चयन प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। पिच को तैयार कर ग्राउंड सजाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है।

एक सप्ताह तक चलने वाली प्रतियोगिता में इस बार पैनल के अंपायर मैच कराएंगे। प्रतियोगिता में दिल्ली पुलिस टीम के अलावा रणजी के खिलाड़ियों से सजी हुई आठ टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। पडरौना क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में प्रतिवर्ष दिसंबर महीने में छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा साहा व छात्रनेता विमलेश मल्ल की याद में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस बार यह प्रतियोगिता 17 दिसंबर रविवार से दिन के 10 बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता में दिल्ली पुलिस टीम, मुज्जफरपुर, समस्तीपुर, गोपालगंज, भदोही, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज व मेजबान टीम पडरौना को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी प्रिंस तिवारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस टीम के अलावा विभिन्न टीमों में रणजी के खिलाड़ी भी शामिल हैं। पिच को तैयार कर खेल मैदान को सजाया जा रहा है। पैनल के अंपायर पूरे प्रतियोगिता को अपनी देखरेख में संपन्न कराएंगे। पहले दिन उद्घाटन मैच से पूर्व शहर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसमें मेजबान टीम के खिलाड़ियों के अलावा बाहर से आई टीम के खिलाड़ी भी शामिल होंगे। शहर भ्रमण के बाद पुनः खेल मैदान में आने के बाद वृहद कार्यक्रमों के बीच प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आठ टीमों को दो ग्रुपों में बांटकर प्रतियोगिता कराई जाएगी। टीमों के चयन के बाद ग्रुप ए व ग्रुप बी में अलग-अलग टीमों को शामिल किया जा रहा है।

## पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर पीटा

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के सीहापार निवासी शम्भु शरण यादव पुत्र स्व राम आसरे यादव सीहापार दक्षिणी टोला जिनका गांव के एक परिवार से जमीन को लेकर रंजिश चलता है। 28 नवंबर को सुबह 8 बजे के करीब विपक्षी का लड़का बार बार ट्रैक्टर लेकर आ जा रहा था। जिसका विरोध किया तो इसके परिजन लाठी डंडा लेकर दरवाजे पर चढ़ आए और गाली गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। जान बचाकर घर में भागा तो आरोपी घर में घुस कर मारपीट और जान मारने की धमकी दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी राम प्रकाश मौर्य, संतोष मौर्य, अमन मौर्य के खिलाफ़ में घुसकर मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही सीहापार निवासी साधना पुत्री पुरुषोत्तम जो गाय को चारा देने गई थी। तो चाचा के लडके देखकर गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने आरोपी नितेश, अमित, आकाश, गुलाब के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ मिलेः मोहन वर्मा

**विकासखंड मोतीचक के बरवा में आयोजित था विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम**




विकसित भारत संकल्प यात्रा में शपथ दिलाते हाटा विधायक मोहन वर्मा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा है। हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि हर नागरिक तक हमारी योजनाओं की जानकारी पहुंचे और लोगों को बताए कि जो सरकार ने वादा किया है वो गारंटी के साथ पूरा किया और करेगी। उक्त बातें सोमवार को विकास खंड मोतीचक के गांव बरवा बावन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले लाभार्थियों और जनता तक पहुंचने का ये आखिरी मौका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ को उन लोगों तक पहुंचाना है, जो पीछे रह गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। उन्होंने समस्त योजनाओं का जिक्र किया जिसमें स्वच्छ भारत मिशन कि सुविधाएं, आवश्यक वित्त पोषण सुविधाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेय जल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन सहित अटल पेंशन आदि योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को जोड़ते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता संजय सिंह मुन्ना, बीडीओ मोतीचक, फूलचंद सरोज, सचिव बृज कुमार वर्मा, समरजीत सिंह, ग्राम प्रधान शकुंतला देवी, प्रधान प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह, रामक्यास सिंह, बृजेश कुमार, शिवेंद्र गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आईजीएल में मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** जेडइंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन में सोमवार को कंपनी परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। और यह आयोजन प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय के उपस्थिति में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने किया। आईजीएल कंपनी में आनसाइट इमरजेंसी प्लान के तहत मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल मेंआपात स्थिति से बचाव के उपायों को परखा गया। मॉक ड्रिल में एथेनॉल टैंक में आग की घटना एवं गैस रिसाव तथा फायर नियंत्रण के तरीकों को परखा गया। सुबह 11.00 बजे मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल में कंपनी के कर्मचारियों एवं अधिकारियो को संभावित जानमाल की हानि रोकने के तरीके को उत्तर प्रदेश फायर सर्विसेस के उप निरीक्षक लाल साहब यादव द्वारा बताया गया । साथ ही आपात स्थिति में इन स्थिति से कैसे निपटा जाएं इस विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान मॉक ड्रिल में कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधकगण, कर्मचारी व अग्निशमन अधिकारी, अन्य प्रतिस्थित कंपनियों के सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। मॉक ड्रील की समस्त कार्य योजना सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश शुक्ल एवं सब्बीर अहमद, के साथ अनंत शुक्ल ने किया। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने सभी के प्रति आभार जताया।

## पूर्व सांसद की 85वीं जयंती मनाई गई

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पूर्व सांसद पूर्व विधायक पूर्व मंत्री स्वर्गीय हरिवंश सहाय की 85वीं जयंती सहाय निवास पर मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने स्वर्गीय सहाय के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर वहां उपस्थित समूह को संबोधित किया और स्वर्गीय सहाय के जीवन वृत्त के बारे में विस्तार से बताया, स्वर्गीय हरिवंश सहाय के बड़े पुत्र सेवानिवृत न्यायधीश अशोक कुशवाहा ने भी अपने पिता के आदर्श पर चलने का संकल्प लिया और समाज की सेवा के लिए अपने आप को समर्पित करने के लिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया इस अवसर पर डॉ अरविंद सहाय कुशवाहा सुरेंद्र सिंह टुनटुन मूसा राज लारी नगर अध्यक्ष पंचायत लार लाल बाबू यादव पूर्व प्रमुख राजेश गुप्ता सुरेश यादव पूर्व प्रधानाचार्य रामायण सिंह रामाशंकर यादव अश्वनी सिंह भाजपा नेता सुनील सिंह जितेंद्र सिंह हरिशंकर मौर्य विचार शिक्षक नरसिंह यादव मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल संजय पटेल अशोक गुप्ता अमरेंद्र मौर्य गोरख चौरसिया ग्राम प्रधान संजय सिंह कुशवाहा लक्ष्मण सिंह कुशवाहा विजय बहादुर चौरसिया जिला पंचायत सदस्य आनंद पियूष उपाध्याय प्रभु यादव निर्मल मालवीय सिद्धेश्वर तिवारी रितिक गुप्ता रजत कुशवाहा अंतरिक्ष सिंह शासकीय अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट सभासद राजेश गुप्ता दुर्गेश्वरी सोनी सुरेंद्र चौहान सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।



## हीरक दिवस का हुआ आयोजन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जीआईसी के ग्राउंड में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा प्रांतीय रक्षक दल के 75वे स्थापना दिवस (हीरक दिवस) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न ब्लॉक से आए हुए 66 जवानों ने 3 टोलियो (2 पुरुष एवं 1 महिला टोली) ने प्रतिभाग करते हुए परेड किया एवं मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में जीआईसी प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा एवं सहायक ज़िला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे। परेड समाप्त होने के उपरांत उन्हें टी शर्ट, प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

# 370 पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्यः गंगा कुशवाहा



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से 370 हटाने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सही करार देने पर भाजपा तथा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कोऑपरेटिव चौराहे पर खुशी का इजहार किया। इस दौरान जिलाउपाध्यक्ष भाजपा गंगा कुशवाहा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के फैसले को आज सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दिखाते हुये फैसले को सही ठहराया और कहा भारत सरकार का फैसला बना रहेगा, यह एक न एक दिन होना ही था।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जम्मू कश्मीर की महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आजाद, और फारुख एवं उमर अब्दुल्ला परिवार के साथ कुछ तथाकथित नेताओं के द्वारा 370 हटाए जाने के भारी विरोध को आज मुँह की खानी पड़ी हैं, इन नेताओं ने धारा 370 हटाए जाने का पुरजोर विरोध किया था और जम्मू कश्मीर मे माहौल बिगड़ने की धमकी तक दी थी। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि अपने फैसले मे सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि भारत में विलय के बाद जम्मू कश्मीर संप्रभु राज्य नहीं रहा। कोर्ट ने माना है कि इसकी आंतरिक संप्रभुता नहीं है, साथ ही जहां तक अनुच्छेद 370 का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट ने इसे संघवाद की विशेषता बताया है न कि संप्रभुता का। याचिकाकर्ताओं का मानना था कि 370 एक स्थाई प्रावधान है पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि आर्टिकल 370 एक अस्थायी प्रावधान है।कोर्ट ने फैसले में सितंबर 2024 तक राज्य में चुनाव कराने राज्य का दर्जा देने का आदेश दिया है सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है। इस दौरान रामअशीष प्रसाद, दुर्गेश पाण्डेय, अम्बिकेश पाण्डेय, राजेश कुशवाहा, अजय दूबे वत्स, सूरज पटेल, पप्पू तिवारी, संदेश, अरविन्द आदि रहे।

## जाम से निजात दिलाने के लिए पहुंचे डीएम व एसएसपी

**गोरखपुर।** सहजनवा से कालेसर तक लगातार जाम से आमजन को रही समस्या को देखते हुए प्रशासन से जाम से निजात दिलाने के लिए स्थित का जायजा लेना शुरू कर दिया है। वर्तमान समय में देखा जाय तो सहजनवा मुख्य चौराहे, ट्रांसपोर्ट नगर, बोकटा और कालेसर तक फोरलेन पर बने कट की वजह से जाम की स्थित बनी रहती है। इसका मुख्य वजह कट के दोनो छोर से गुजर रहे वाहन के कारण होता है।

जाम की स्थित से निजात दिलाने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने सहजनवा, ट्रांसपोर्ट नगर, बोकटा, कालेसर फोरलेन पर बने कट का निरीक्षण किए। उन्होंने जिम्मेदारो को निर्देश दिए की कुछ समय तक कट को बंद रखा जाय। यदि बंद रखने से जाम से निजात मिल जाता है। तो आगे के बारे में निर्णय लिया जायेगा। यदि जाम की स्थित इसके बंद होने के उत्पन्न हो रही है। समय आने पर कट को खोल दिया जायेगा।

# गौतम मुनि पांडेय, राजेश शुक्ल मधुसूदन मिश्र बने निक्षय मित्र

- नयी दिशा से जुड़कर टीबी मरीज को गोद लेने का लिया निर्णय

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के साथ मजबूती के साथ खड़ी नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान से जुड़कर कुशीनगर जनपद के पोखरभिंडा निवासी वर्तमान में लखनऊ में कार्यरत गौतम मुनि पांडेय, प्राथमिक विद्यालय भरटोली पकवाइनार के प्रधानाध्यापक राजेश शुक्ल व श्री गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रवक्ता मधुसूदन मिश्र ने निक्षय मित्र बनते हुए टीबी उन्मूलन हेतु मरीज को गोद लेकर उसे स्वस्थ होने तक पोषण सामग्री भेंट करने का निर्णय लिया है। संस्था अध्यक्ष प्रो सीमा त्रिपाठी, सचिव डॉ हरिओम मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा सुरेश पटारिया, जिला क्षयरोग अधिकारी डा एसएन त्रिपाठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के अधीक्षक डा0 मार्कण्डेय चतुर्वेदी, वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र, एसटीएस शाहिद अंसारी सहित प्रबुद्ध जनों ने इस सार्थक कार्य हेतु तीनों की प्रशंसा करते हुये साधुवाद दिया। बताते चलें कि नयी दिशा द्वारा जन सहयोग से अब तक बड़ी संख्या में टीबी मरीजों को पोषण सामग्री भेंट कर स्वस्थ किया जा चुका है। संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने टीबी उन्मूलन हेतु सक्षम लोगों से आगे आकर निक्षय मित्र बनते हुए मरीजों को पोषण सामग्री भेंट करने का आग्रह किया है।



# दूसरों की सेवा में खुद को समर्पित करना ही नर्स हैः बिशप थोमस




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** फातिमा अस्पताल, मदर तेरेसा रोड, पादरी बाजार, गोरखपुर में फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बी.एस.सी. द्वितीय बैच, जी.एन. एम. पंद्रहवे बैंच एवं ए.एन.एम तृतीय बैच की नवागंतुक छात्र छात्राओं का दीप प्रज्जवलन तथा फातिमा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्री के तेरहवों बैच तथा डी.एन.एल.टी. पंद्रहवे बैच के छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैथोलिक धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप थोमस थुरूट्टीमट्टम के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रमा का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा, दूसरों की सेवा में खुद को समर्पित करना आसान नही होता है आप जैसी समर्पित एक नर्स ही इतना उल्लेखनीय कार्य कर सकती है। कार्यकम का आंरभ फातिमा कॉलेज आफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं परम्परागत तरीके का अनुसरण करते हुए प्रार्थना नृत्य के द्वारा किया गया। इसके बाद आये हुए सभी अतिथिगणों का स्वागत अस्पताल के निदेशक फादर साबू पी.एल. ने किया। दी लेडी विथ दी लैंप के नाम से प्रसिद्ध फ्लोरेंस नाइटिंगल की स्मरण में बीएससी नर्सिंग जी.एन.एम. एवं ए.एन.एम. के कुल 120 नवागंतुक छात्र छात्राओं ने दीप लेकर शपथ लिया कि वे निःस्वार्थ सेवा, उत्तम भाव एवं बिना भेदभाव से वे मरीजों की सेवा करेंगी। नर्सिंग की 120 नवागंतुक छात्र छात्राओं को गोरखपुर डायसिस के धर्माध्यक्ष विशप थोमस शुरूट्टीमट्टम ने जलते दीप प्रदान करते हुए आर्शीवाद भरी शुभकामनाएं दी।

# रक्तदान शिविर का आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** नागरिक सुरक्षा के 61 वें स्थापना दिवस के अवसर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में नागरिक सुरक्षा, कोतवाली प्रखंड, गोरखपुर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के 61 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में जिन लोगों ने रक्तदान किया है, वे अत्यंत पुण्य के भागी हैं। रक्तदान भी राष्ट्रभक्ति है। हमें निरंतर रक्तदान करते रहना चाहिए।

इसी क्रम में डिवीजनल वार्डेन, कोतवाली विकास जालान ने कहा कि आज हम सभी नागरिक सुरक्षा साथियों से सपनों का भारत के निर्माण में योगदान के लिए आह्वान किया। इसी क्रम में चीफ वार्डेन डॉ संजीव गुलाटी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के एक-एक वार्डेनों को समाज में जवानों की तरह सक्रिय भूमिका निभाता है। समाज को नई दिशा देने में योगदान देकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हम लोग कर सकते हैं। उप नियंत्रक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि भारत देश ने अनेक झंझावतों का सामना किया है, इसके बावजूद विश्व के मंच पर लगातार अपना लोहा मनवा रहा है। हमें आजादी को अक्षुण्ण रखने हेतु सतत सतर्क रहना होगा। सहायक उप निरीक्षक वेद प्रकाश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी, डॉ.ममता जायसवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर में नागरिक सुरक्षा कोर के कीर्ति रमन दास, सौरभ सिंह, साधना श्रीवास्तव, रितिका मिश्रा, जितेन्द्र नाथ अग्रवाल, जाकिर हुसैन, अमन जायसवाल सहित 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है। ब्लड बैंक परिवार के लिए यह आनंद का विषय है। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करते हुए रक्तदान हेतु आह्वान किया। रक्तदान शिविर में गोरखनाथ मंदिर के वीरेंद्र सिंह एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लड बैंक टेक्निकल सुपरवाइजर अमित मिश्रा ने किया। ब्लड बैंक के टेक्नीशियन चन्द्रेश्वर यादव, गिरीश पाठक, तूलिका श्रीवास्तव, घनश्याम पाण्डेय, सतीश, कौशल, संदीप, वार्डेन सेवा से महबूब सईद, संतोष श्रीवास्तव, नैय्यर आलम का सहयोग सराहनीय रहा। अतिथियों, वक्ताओं व रक्तदाताओं के प्रति आभार ज्ञापन निदेशक डॉ सी. पी. चंद्र ठाकुर व अपर निदेशक डॉ. कामेश्वर सिंह ने की।

## श्रीमद्भागवत कथा से समाज का होता है कल्याण

**गोरखपुर।** तहसील क्षेत्र के तेनुहारी शुक्ल में चल रहें नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को हवन व भण्डारे के साथ समापन हुआ। व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराते हुए आचार्य विद्याधर भारद्वाज ने कहा श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के साथ साथ देवताओं का भी कल्याण करती है। मनुष्य ही नहीं देव भी श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करते है। कहा कि मां भक्ति से जब संत नारद जी ने पूछा कि आप के दुख का कारण क्या है ? तो भक्ति ने कहा कि मेरे सामने दोनों मेरे पुत्र बूढ़े हो गए हैं।तब सनकादिऋषियों के सहयोग से जब संत मंडली मिल कर श्रीमद भागवत कथा का गुणगान करने लगे। जिससे ज्ञान-वैराग्य युवा हो गए। माता भक्ति प्रसन्न हो गयी। क्षेत्र के जनमानस का कल्याण होता है। कथा उपरांत हवन के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। कथा में यजमान सत्यनारायण शुक्ल, रंभा देवी, उमाशंकर शुक्ल, राजमति देवी, पंकज शुक्ल, पवन शुक्ल, धीरज शुक्ल, नीरज शुक्ल, अशोक शुक्ल समेत कई लोग मौजूद रहें।

# एक दूजे के हुए 116 जोड़े

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को बल्दीराय ब्लाक परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। इसमें 116 जोड़े विवाह बंधन में बंधे, जिसमें 114 वर-बधू ने विवाह मंडप के सात फेरे लिए तो 2 जोड़ों का निकाह हुआ। नवदंपतियों को गृहस्थी का सामान और आशीर्वाद देकर विदा किया गया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की इस पहल से देश की बेटियों व नारी शक्ति को बल मिला है। सरकार अंतिम व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर लाभ पहुंचाने का संकल्प ली है। इसके लिए कई लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। महिला सशक्तिकरण,नारी वंदन,मिशन शक्ति आदि के माध्यम से महिलाओं को सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाई जा रही है। बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब कन्याओं के विवाह के लिए 51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान करती है। जिसमें से 35 हजार रुपये कन्या के खाते में दिए जाते हैं। 10 हजार रुपये से गृहस्थी का सामान दिया जाता है। जबकि 6 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। तहसीलदार घनश्याम भारतीय ने परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी नव दाम्पत्य वर वधू को सुखमय जीवन की कामना की।इसके पूर्व खंड विकास अधिकारी सत्य नारायण सिंह ने सभी जोड़े और उनके स्वजनों का स्वागत किया। इस समारोह में पंडितों ने एक साथ मंत्रोच्चारण कर हवन-पूजन किया। इसके बाद 114 वर-वधू की विधिविधान से विवाह कराई, जबकि 2 अल्पसंख्यक जोड़ों का निकाह हुआ।

## तिकोनीबाग पुलिस चौकी से शमशान घाट तक बनने वाले डिवाईडर की बाधाएं हुई दूर

**बहराइच।** तिकोनीबाग पुलिस चौकी से त्रिमुहानी शमशानघाट के रास्ते में मार्ग के दोनों ओर बनने वाले डिवाईडर के सम्बन्ध में मोटर्स व्यापार मण्डल त्रिमुहानी रोड, बहराइच के अध्यक्ष मोहिउद्दीन खान द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रार्थना-पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि डिवाईडर बनने से स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों को काफी असुविधा होगी। डीएम मोनिका रानी ने जनता दर्शन में आये हुए मोटर्स व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों एवं व्यवसाईयों की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को समस्या का समाधान कराये जाने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के कक्ष में प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों एवं नगर पालिका प्रशासन के मध्य वार्ता के माध्यम से डिवाईडर निर्माण पर दोनो पक्षों के मध्य सहमति बन गई।

# आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत 10 दिसम्बर को विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकघरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं व्यक्तिगत शौचालयों के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, मनरेगा में 100 मानव दिवस का कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, पुष्टाहार वितरण एवं 6 माह के बच्चों का अन्नप्रासन के साथ-साथ अन्य योजनाओं से भी लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर एल.ई.डी. वैन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार आमजन को योजनाओं की पात्रता इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

शिविर को सम्बोधित करते हुए सीडीओ रम्या आर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत सरकार की मंशानुरूप अभियान के तहत आमजन को जोड़ा जाय ताकि लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी हो सके। सीडीओ ने कहा कि आयोजन के पीछे भारत सरकार की मंशा है कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े सभी पात्र असंतृप्त लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन में खुशहाली लायी जा सके। उन्होंने जिले के अधिकारियों का आहवान किया कि पूर्व आयोजित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के अनुभव का लाभ उठाते हुए शिविरों का आयोजन इस प्रकार से करें कि जिले के सभी वंचित पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

शिविर के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, शिक्षा, समाज कल्याण, कृषि, ग्राम्य विकास सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आये हुए लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाये गये शिविर में एमडीएम मेन्यू तथा उपयोग में आने वाले खाद्य पदार्थों, पुस्तकों, हस्तनिर्मित टी.एल.एम. मॉडल, बच्चों द्वारा तैयार किये गये मतदाता जागरूकता स्लोगन का प्रदर्शन किया गया। शिविर के अन्त में मौजूद लोगों को भारत संकल्प की शपथ भी दिलायी गयी।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की गंगोत्री, पीएम की गारंटी, भ्रष्टाचार मुक्त भारत: जिलाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

- कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से चलता भ्रष्टाचार का कारोबार
- कांग्रेस सांसद के भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपाइयों ने डीएम को दिया ज्ञापन।




**सुल्तानपुर।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां आयकर छापेमारी में अबतक मिली 300 करोड़ की भ्रष्टाचार की काली कमाई के मामले को लेकर भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.आरए वर्मा की अगुवाई में भाजपाई तिकोनिया पार्क में एकत्रित होकर धरना- प्रदर्शन किए और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट जाकर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना को दिया। तिकोनिया पार्क में धरना- प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ.आरए वर्मा ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की गंगोत्री है। उन्होंने कहा कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से भ्रष्टाचार का कारोबार चलता है। जहां से करोड़ो की काली कमाई होती है। इससे साफ होता है कि कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन का एक ही उद्देश्य है, भ्रष्टाचार करना। उन्होंने कहा पीएम मोदी की गारंटी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की है। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक - दूसरे के पूरक है। पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह,डॉ सीताशरण त्रिपाठी, आनन्द द्विवेदी ने संबोधित करते हुए कहा विगत 76 वर्षो से कांग्रेस आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त रही है। वक्ताओं ने कहा मोदी के नेतृत्व में सभी भ्रष्टाचारियों को जेल जाना होगा। धीरज साहू जैसे कई सांसद व नेता गांधी परिवार के करप्शन सेंटर है। संचालन जिला महामंत्री घनश्याम चौहान ने किया। इस मौके पर संजय त्रिलोकचन्दी, संदीप सिंह,पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, सुनील वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, बबिता तिवारी, प्रदीप शुक्ला, आशीष सिंह रानू,डॉ राम जी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख डिंपल सिंह, संजय सोमवंशी,रमेश शर्मा, आज़ादर हुसैन, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, इन्द्रदेव मिश्रा अरुण सिंह, रेखा निषाद, सभासद रमेश सिंह टिन्नू, प्रवीण मिश्रा, मंगरू प्रजापति, डावर खान, आत्मजीत सिंह टीटू, रवि श्रीवास्तव, मुकेश अग्रहरि मनोज श्रीवास्तव, मनीषा पाण्डेय, कमला सिंह, रेनू तिवारी, रीना जायसवाल, मंजू तिवारी, वीरेंद्र भार्गव, जयंत सिंह एडवोकेट, रामदेव अग्रहरि, मोहित साहू ,रामकेश यादव, डॉ राम चरित्र पाण्डे, मोहित साहू, अशोक वर्मा, रामदेव अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आये हुए जन सामान्य की समस्याओं/ शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में जन सामान्य से प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का ज्यादा से ज्यादा भला हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने जन सामान्य द्वारा प्रेषित किए गए विकास से संबंधित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किए जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी शैलेन्द्र मिश्र, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) कृष्ण करुणाकर पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राघवेन्द्र चतुर्वेदी सहित जनता दर्शन में आये हुए फरियादीगण उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा वाहनों की जांच हेतु संचालित किया अभियान

अवधनामा संवाददाता

- जांच में बंद किये गये 25 ई-रिक्शा

**बहराइच।** नगर को यातायात की समस्या से निजात दिलाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के मार्गदर्शन में अव्यवस्थित रूप से संचालित ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध संचालित किये गये चेकिंग अभियान के दौरान जांच में 25 ई-रिक्शा अनाधिकृत रूप से संचालित पाये जाने पर कठोर प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा को यातायात कार्यालय, पुलिस लाईन में निरूद्ध कर बन्द कर दिया गया है।

यह जानकारी देते हुए नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि डिगिहा तिराहे से गुरूनानक चौक(अस्पताल चौराहा) तक संचालित चेकिंग अभियान के दौरान बिना लाईसेंस, बिना पंजीयन, बिना फिटनेस एवं अव्यस्क आयु के वाहन चालकों द्वारा ई-रिक्शा संचालित किये जाने के कारण 25 ई-रिक्शा के विरुद्ध कार्रवायी करते हुए सीज किया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि भविष्य में भी अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों की जांच हेतु चेकिंग अभियान जारी रहेगा। अभियान के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह, यातायात निरीक्षक आनन्द यादव तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा स्वास्थ्य परिक्षण शिविर आयोजित

- 200 लोगों में कराया स्वास्थ्य परीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** श्रीसत्य साई सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय सिंचाई विभाग कॉलोनी के अंतर्गत विश्वेश्वरैया हाल के पास गोविंद सागर बांध की तलहटी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत 200 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के अंतर्गत लोगों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, एवं अन्य परीक्षण डॉ लाल पैथोलॉजी के माध्यम से मनीष पटवारी लैब टेक्नीशियन के नेतृत्व में किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिशासी अभियंता भूपेश कुमार सुहेरा, एवं अधिशासी अभियंता भागीरथ के मुख्य अतिथ्य एवं सहायक अभियंता नवाब सिंह एवं स्वामी अनुराग अमर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। श्रीसत्य साई सेवा समिति के वरिष्ठ सहयोगी एवं श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा श्रीसत्य साई बाबा जी ने अपने जीवन में सेवा को सर्वाधिक महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा ने मानव सेवा को माधव सेवा बताया है। उन्होंने कहा आज का स्वास्थ्य शिविर लोगों के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद हो ऐसी हमारी भगवान से कामना है। अलिशासी अभियंता भूपेश कुमार सुहेरा ने कहा शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने कहा हमें मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए प्रयास करने की अत्यंत आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा स्वामी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से श्री सत्य साई सेवा समिति ललितपुर सेवा के कार्यों में लगातार संलग्न है, उन्होंने कहा कि स्वामी ने कहा है की सेवा के माध्यम से हम अपने आत्मा की शुद्ध एवं विकास का कार्य करते हैं, इसलिए हमें सेवा करने पर किसी प्रकार का दिखावा करने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर बुंदेलखंड सेवा प्रमुख हरीश कपूर टीटू, कौमी एकता समिति के परवेज पठान, नामदेव समाज के अध्यक्ष दीपक नामदेव, साहू समाज के अध्यक्ष ध्रुव साह, कायस्थ सभा के मंत्री संजय श्रीवास्तव, सिंचाई विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अध्यक्ष आनंद रजक, अधिवक्ता राजेश देवरिया, विजय श्रीवास्तव, धर्मराज यादव, भारतलाल सेन, महेंद्र कुमार, भरत रावत, जगदीश पाराशर, रामबाब, अंगद रजक, आदि ने प्रमुख रूप से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्य ने किया।

# अभिराज टौटे ने पाया दूसरा स्थान

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव मथुरा में संपन्न हुए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में विरधा निवासी अभिराज पुत्र सुरेश कुमार टोंटे एड. ने अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में दूसरे स्थान प्राप्त किया। अभिराज ने इसके पूर्व भोपाल, विदिशा, अशोकनगर, नरसिंहपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रतियोगिताओं में अपना प्रथम स्थान बनाया। अभिराज को देश के 11 प्रतियोगी छात्रों में शामिल किया गया था। जिसमें संपूर्ण देश के छात्र मौजूद थे। संस्कृति महोत्सव में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वर्तमान में अभिराज शैक्षणिक संस्थान शारदा विहार भोपाल का दसवीं का छात्र है। इस सफलता के लिए शैक्षणिक संस्था शारदा विहार भोपाल के प्रबंधक, अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य सभी ने बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान राजेश तिवारी, विवेक शर्मा, रितेश, मनोज नेगी, अनंत संत, शिवबिहारी शुक्ला, आकाश शर्मा ने अभिराज का उत्साह बढ़ाया। विरधा किसान इंटर कॉलेज के प्राचार्य राजकुमार शर्मा, के.पी.सिंह बुंदेला, आर.एस.बुंदेला ने भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने और जिले सहित बिरधा का नाम राष्ट्रीय पटल पर अंकित करवाने के लिए बधाई दी। जिले के कई छात्र संगठनों ने भी अभिराज को नववर्ष पर भव्य कार्यक्रम में सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

# मानवीय मूल्यों की स्थापना हेतु जीवन समर्पित करने पर सम्मान समारोह आज

## महावरदानी हॉल का उदघाटन व वरदानेश्वर शिवलिंग का पूजन कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय वि.वि. के वरदानी भवन में होगा आयोजन



**ललितपुर।** सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वरदानी भवन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारवार्ता में बी.के. माया बहन व बी.के.प्रीति बहन ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्था है, जो पिछले 87 वर्षों से आध्यात्मिकता की मशाल सम्पूर्ण विश्व में मानव कल्याण हेतु मानवीय मूल्यों की स्थापना में संलग्न हैं और इसी तत्परता से कार्य कर रहीं हैं। इसी अभियान को लेकर संस्था पिछले 33 वर्षों से कार्य करते हुए संचालित है और 12 दिसंबर 2012 को स्थायी रूप से सेवा केन्द्र वरदानी भवन की स्थापना हुई। जहां हजारों भाई-बहनें विश्वविद्यालय की शिक्षाओं से अपने जीवन मे सकारात्मक जीवन, व्यसन मुक्त जीवन, तनाव जीवन जीने की कला सीखकर अपना जीवन बनाया है। यही खुशियां बिखेरने के लिए अनेक बहनों ने अपना जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित कर दिया है। इसी क्रम में ललितपुर जिले से 9 बहनों ने अपना जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित किया है और आज के दिन एक और कड़ी जुड़ने जा रही है। शहर के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी विन्द्रावन यादव की पुत्री ब्रह्माकुमारी निशा, जो कि विद्यालय की शिक्षाओं से प्रेरित होकर अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित करने जा रही हैं। जिसका दिव्य समर्पण, अलौकिक बंधन 12 दिसम्बर 2023 को ब्रह्माकुमारीज के मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय निर्देशिका एवं राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन के प्रशासनिक सेवा प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश बहिन की गरिमामयी उपस्थिति और जोन की वरिष्ठ दीदीयों बहनों के बीच परामात्मा शिव को अपना जीवन साथी स्वीकारते हुये आजीवन परमात्म सेवा में समर्पित करेंगी। साथ ही स्थानीय सेवा केन्द्र में नवनिर्मित महा वरदानी हॉल का उदघाटन एवं भवन के ऊपर वरदानेश्वर शिव लिंग का पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ललितपुर में आध्यात्मिक ज्ञान का बीज बोने वाली बी.पंचशिला बहनें एवं बी.प्रियंका बहन का आशीर्वाद समारोह होगा। साथ ही ललितपुर जिले से अपना जीवन समर्पित करने वाली बी.के.रानी बहन, बी.के.गीता बहन, बी.के.मनीषा बहन, बी.के. किरन बहन, बी.के.प्रीति बहन, बी.के.पुष्पा बहन, बी.के.रूबी बहन एवं बी.के.विद्यासागर भाई का सम्मान एवं बधाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान बी.के.माया बहन, बी.के.प्रीति बहन, रामस्वरूप भाई, राहुल जैन नवभारत भाई, लक्ष्मी नारायण भाई के अलावा प्रेस क्लब संरक्षक सदस्य मंजीत सिंह सलूजा, संतोष शर्मा, अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अंतिम जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू व कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार के अलावा अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर लामबंद हुये निविदा-संविदा कर्मचारी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे बिजली के आउटसोर्स कर्मचारियों को 18 हजार रुपये वेतन का भुगतान करने, मार्च 2023 में आन्दोलन के दौरान हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने। ई.पी.एफ. घोटाले की जांच कराने, दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु, मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण देने, कार्य के दौरान विकलांग हुए कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति देने, मेसर्स ओरियन सिक्योरिटी सलूशन प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स विद्युत मजदूर कल्याण समिति, मेसर्स टी.डी.एस.कम्पनी, मेसर्स एस.के. इलैक्ट्रिकलस, मेसर्स साधना सिक्योरिटी सलूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ई.पी.एफ. में किए गए घोटाले कि राशि को वसूल कर कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में जमा कराने, आउटसोर्स कर्मचारियों को पेट्रोल व मोबाइल भत्ता देने, मृतक कर्मचारियों के परिजनों को रुपया 10 लाख दुर्घटना हित लाभ देने, प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड शक्ति भवन लखनऊ द्वारा 14 अप्रैल 2023, 6 जून 2023 व 21 सितम्बर 2023 को किये गए आदेश को निरस्त करने, आउटसोर्स कर्मचारियों को 60 वर्ष कि अवस्था तक कार्य करने कि अनुमति देने, महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश देने, 30 नवम्बर 2023 को बिना किसी कारण शक्ति भवन मुख्यालय से मौखिक रूप से हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने सहित अन्य समस्याओं के तरफ पावर कारपोरेशन प्रबन्धन का ध्यान आकृष्ट करने हेतु संघ द्वारा 11 चरणों में किए जा रहे ध्यानाकर्षण कार्यक्रम के 8 वे चरण में प्रदेश के भिन्न भिन्न जनपदों में जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन भेजा गया। लखनऊ जनपद में संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद की अध्यक्षता में संघ पदाधिकारियों एवं संविदा कर्मचारियों द्वारा जिलाधिकारी लखनऊ के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन देकर उक्त समस्याओं का समाधान कराने कि मांग की गयी। इसी के साथ लगभग 4 माह पहले ड्यूटी पर तैनात विद्युत दुर्घटना में स्व. जगभान की असमय मृत्यु हुई थी। जिस पर अभी तक कोई मुआवजा बीमा क्लेम राशि मुहैया नहीं कराई गई। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत मंडल ललितपुर को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, महामंत्री अब्दुल हक के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# जीवन में महत्व संघर्ष का है: पुलिस अधीक्षक

अवधनामा संवाददाता

- नेमवि में अन्तर महाविद्यालयीय हैण्डवाल प्रतियोगिता संपन्न



**ललितपुर।** बुंदेखण्ड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा आवंटित अन्तर महाविद्यालयीन हैण्डवाल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू महाविद्यालय में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, प्राचार्य, संस्कृत विभाग प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने संयुक्त रूप से अतिवीर हनुमानजी के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने कहा कि जीवन में महत्व सफलता का नहीं, संघर्ष का है। जो हमें खेल भावना से मिलती है। प्रत्येक खिलाड़ी टीम भावना के साथ संबंधित क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करके महाविद्यालय, परिवार, समाज व देश व गौरान्वित करे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी श्रेष्ठ गुणों को आत्मसात कर तरक्की के आयाम तय करें। हार-जीत का खेल में महत्व नहीं होता। जहाँ एक ओर खेल में जीतने से खिलाड़ी को शिक्षा मिलती है कि जीवन में सफलता पर घमण्ड नहीं करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर हारे खिलाड़ी को असफलता में हिम्मत न हारने की प्रेरणा मिलती है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों का महत्वपूर्ण स्थान है। खेलों से न केवल विद्यार्थी का शारीरिक विकास होता है अपितु वे जीवन में चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी श्रेष्ठ खिलाड़ी बनने की दिशा में अग्रसर हैं। आपकी प्रबल इच्छाशक्ति तुम्हारा हौसला ही तुम्हें मुकाम हासिल करने में मदद करेगा। मनोविज्ञान विभाग के प्रो. अवधेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा और खेलों का समन्वय ही व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए खिलाड़ी अपने परिवेश में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर समाज को स्वस्थ्य रखने के लिए संदेश प्रेरित कर सकते हैं। संस्कृत विभाग के प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ खेलों की शिक्षा प्रदान की जाती थी। कक्षा, मंच और मैदान में सहभागिता ही विद्यार्थी जीवन का श्रेष्ठतम उद्देश्य होना चाहिए। जानकारी देते हुए प्रतियोगिता संयोजक प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि अन्तर महाविद्यालय टीमों में बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी कैम्पस, महर्रा महाविद्यालय, पनारी स्थित महिला महाविद्यालय, नेहरू महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय झांसी की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नेहरू महाविद्यालय ललितपुर, द्वितीय स्थान पर बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी कैम्पस एवं तृतीय स्थान पर पनारी स्थित महिला महाविद्यालय की टीम रही। इसमें कोच आसिफ खान, नीतेश राज, सुरेन्द्र कुमार, वेदिका रावत रहे। बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी से चयनकर्ता के रूप में विनोद बौद्ध रहे।

## बगैर शटडाउन लिए ठेकेदार ने की लापरवाही, श्रमिक की मौत

**सुल्तानपुर।** विद्युत पोल उखाड़ते समय जान गवाने वाले श्रमिक के मामले में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। पता चला है कि विद्युत ठेकेदार ने बड़ी ही गुपचुप तरीके से मजदूर के शव को शहर स्थित मेडिकल कॉलेज से उसके धंमौर स्थित घर सोमनाभार पहुंचा दिया है। क्षेत्र में चर्चा फैलाई गई कि रविवार की दोपहर पोल उखाड़ते समय मजदूर को हार्टअटैक आ गया और उसने दम तोड़ दिया। लेकिन अंदरखाने में चर्चा कुछ और ही है। प्रत्यक्षदर्शियों के कहे को सच मानें तो दुबेपुर ब्लॉक के निकट बगैर शट डाउन लिए पास के खंभे को कई श्रमिक लगाकर उखड़वाया जा रहा था।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (ट्रेन सेट), उत्तर रेलवे, चारबाग वर्कशाप, लखनऊ द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित है। **निविदा संख्या : डब्ल्यू–सीबी–12–3फेजमेमू–2023, कार्य का विवरण :** 110 किमी प्रति घंटे के परिचालन के अनुरूप 3 फेज मेमू बोगियों का संशोधन करना। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 71,43,667.40 मात्र, **अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा :** ₹ 1,42,900 मात्र, **निविदा फार्म का मूल्य :** ₹ 0/– मात्र, **कार्य पूरा होने की अवधि :** 12 माह, **निविदा भरने करने का समय :** दिनाँक– 18.12.2023 से 01.01.2024 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि तथा समय :** दिनाँक– 01.01.2024 को 15:15 बजे के बाद। • निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** द्वारा दिनाँक– **18.12.2023** से **01.01.2024** (15:00 बजे तक) भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • ठेकेदारों को इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज लागत और अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा के लिए भुगतान केवल ई–पेमेंट गेटवे के माध्यम से करने की अनुमति है या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा किया गया है या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। • निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर खोला जायेगा यदि किसी कारण वश उक्त दिनाँक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस में उसी समय पर खोला जायेगा। • तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा सूचना सं. : उ.रे./सीबी/कार्यशाला/दिसम्बर/3फेजमेमू/2023 दिनाँक : 08.12.2023** **3886/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों के संबंध में प्रभारी मंत्री नें ली बैठक

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** शासन के प्राथमिकता बिंदु कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जनपद के प्रभारी मंत्री मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0 मनोहर लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि सभी विभागो के अधिकारी अपने विभागीय कार्यों का समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में कोई भी कार्य पेंडिंग में ना रखा जाए। गरीब किसान मजदूर की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। कहा कि जनता की समस्याओं का जनपद स्तर / जमीनी स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो इस पर मा मुख्यमंत्री जी का विशेष ध्यान है अतः जन समस्याओं का प्रभावी ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे तथा विकास कार्य गांव गांव तक पहुंचे इसके लिए प्रभावी ढंग से कार्य किए जाएं। तहसील ,ब्लाक ,थाने स्तर पर ही समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो दायित्व दिए गए हैं उनका पूरी ऊर्जा के साथ एवं जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों द्वारा मा मुख्यमंत्री जी की अपेक्षा के अनुसार अपने विभागीय कार्यों को सम्पादित किया जाए। उन्होंने कहा कि



अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु कार्य किया जाए। विकास कार्यों के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि दैवीय आपदा से खराब हुई फसलों का संबंधित किसानों को समय से क्लेम दिलाया जाए इसके अंतर्गत कोई भी पेंडेंसी नहीं रखी जाए। श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाकर श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए। अभियान चलाकर अवशेष लोगों/ पात्र लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जाएं तथा उन्हें एक्टिवेट कराया जाए। पशु आश्रय स्थलों में चारा, पानी, भूसा की उपलब्धता रहे तथा किसी भी दशा में कोई भी अन्ना पशु सड़क पर नहीं दिखना चाहिए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। कहा कि ठंड के दृष्टिगत गौशालाओं में पशुओं के बचाव हेतु जरूरी प्रबंध किए जाएं। नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक माह समय से राशन आदि वितरित किया जाए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में मंत्री जी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संपादित होने वाले सभी कार्य समयबद्ध ढंग से किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार निर्धारित अवधि तक विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ट्रांसफार्मर का समय से प्रतिस्थापन किया जाए। इस मौके पर मंत्री ने विभिन्न बिंदुओं यथा स्वास्थ सुविधाओं, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अन्ना गोवंश संरक्षण, स्कूल चलो अभियान ,मिशन कायाकल्प ,सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण ,मुख्यमंत्री आवास योजना , कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पोषाहार वितरण ,बाढ़ की तैयारियों ,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ,ओडीओपी ,विश्वकर्मा श्रम सम्मान ,छात्रवृत्ति वितरण, पेंशन योजना, रोजगार मेला श्रमिकों का पंजीयन, मनरेगा ,चिकित्सालय में दवा की उपलब्धता, टीकाकरण, सड़कों का निर्माण, ग्रामीण सचिवालय, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय , ऑपरेशन कायाकल्प आदि बिंदुओं पर समीक्षा कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में अराजक तत्वों व गुंडों पर निरंतर कार्रवाई की जाए। जनपद में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। इस दौरान विधायक राठ मनीषा अनुरागी, जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक ,सीएमओ डॉ गीतम सिंह, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, अध्यक्ष नगर पालिका हमीरपुर कुलदीप निषाद सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी तथा पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 50 हजार की मांग पूरी न होने पर घर से निकाला

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी एक विवाहिता ने दहेज में 50 हजार की मांग पूरी न होने पर मारपीट करके घर से निकाल देने का आरोप लगाकर पति, सास, देवर, ननद के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा कायम कराया है। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी राकेश अनुरागी की पुत्री शालनी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी शादी फतेहपुर जनपद के बिंदकी थाना क्षेत्र के जैनपुर जफराबाद निवासी अजय कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति अजय कुमार, सास भानमति, देवर संजय कुमार, ननद विनीता 50 हजार नगदी की मांग करके प्रताड़ित कर रहे थे। विगत दिवस सभी ने एकजुट होकर जमकर मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति, सास, देवर, ननद के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रभारी मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय, जीजीआईसी एवं रोडवेज डिपो का किया निरीक्षण

- डिपो में गन्दगी देख एआरएम को लगाई फटकार

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद के प्रभारी मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल ने जनपद के विभिन्न स्थलों का मौके पर मुआयना कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस क्रम में मंत्री ने आज सर्वप्रथम शीतलपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति देखी। उन्होंने बच्चों से कुछ सवाल पूछे। उन्होंने मिड डे मील की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय परिसर में ही संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का भी मुआयना कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात मंत्री ने मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज का औचक निरीक्षण किया। जहां पर कार्य करने वाले कार्यदायी संस्था को उन्होंने समयबद्ध तरीके से गुणवत्तायुक्त कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री रोडवेज डिपो पहुंचे। जहां पर स्थित मंदिर में उन्होंने पूजा की। मंदिर के पास फैली गंदगी तथा मंदिर के मुख्य द्वार बंद होने पर एआरएम को फटकार लगाते हुए तत्काल मंदिर के सामने रखी दुकान को हटवाकर मुख्य द्वार का रास्ता साफ कराने को कहा। इसके साथ ही डिपो के प्रतीक्षालय व परिसर में फैली गंदगी व बसों की हालत खस्ता देख जमकर फटकार लगाई और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, बीएसए, लक्ष्मीरतन साहू, नीशू गुप्ता, बाबूप्रसाद अवस्थी, अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के संकल्प 2047 तक विकसित भारत बनेगा देश: अजीत

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को रावर्टसगंज विकास खण्ड चोपन मण्डल के मीतापुर व भभाईच गांव में पहुंचीं।जहाँ वैन टीवी पर मोदी का संदेश व संकल्प दिखाया गया । संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्वा जिला अध्यक्ष सोनभद्र अशोक मिश्रा जी विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख सदर/ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में देश भर के शोषित पीड़ित व उपेक्षित नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत गैस सिलेंडर व चूल्हा, आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा, सौभाग्य योजना के अन्तर्गत घर घर बिजली , हर घर जल योजना से घर घर शुद्ध आरो का पानी, शौचालय, सड़क इत्यादि की सुविधा देकर ऐतिहासिक काम किया द्य मुख्य अतिथि अशोक मिश्रा ने कहा भी जनता को सम्बोधित करते केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। संकल्प यात्रा में सभी विभागों के स्टाल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दिया गया । कार्यक्रम में बुथ अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अनिल ने ग्रामीणों का आभार किया संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से मंडल कार्यक्रम संयोजक तेजवंत पांडे मनीष प्रताप सिंह मीनू चौबे राजेश अग्रहरि प्रेम पटेल डॉक्टर सुरेंद्र मौर्य संदीप पांडेय चंदन सिंह बृजेश पांडे संतोष साहनी सत्यामूर भारत देव पांडे संजय केसरी राजमणि कल संतोष देव पांडे ललित कुमार मनीष प्रताप सिंह मिंटू चौबे जितेंद्र पाठक उपस्थितआदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क निर्माण के लिए प्रभारी मंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

**मौदहा।** बिवांर थाना क्षेत्र के मवईजार गांव के पूर्व प्रधान महेश शिवहरे ने जिले के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश मनोहर लाल पंत को ज्ञापन सौंपकर इंगोहटा छानी मार्ग को बनवाए जाने के मांग की है। साथ ही बांकी से मवईजार तक बन रहे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में घटिया कार्य कराने का आरोप लगाया है। मवईजार के पूर्व प्रधान महेशचंद्र शिवहरे ने जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया है कि इंगोहटा छानी मार्ग बेहद जर्जर है। पीडब्ल्यूडी मरम्मत का टेंडर कराने के बाद कार्य नहीं करा रहा है। इससे लोगों को आवागमन में तमाम कठिनाइयां हो रही हैं। पूर्व प्रधान ने मंत्री से तत्काल कार्य शुरू कराने की मांग की है। वहीं पूर्व प्रधान ने मंत्री को अवगत कराया है कि सुमेरपुर से मवईजार तक बन रही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में घटिया निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चंदौलीजार के समीप सड़क किनारे की गई इंटरलाकिंग अभी से ध्वस्त होने लगी है जबकि सड़क का कार्य अभी पूर्ण भी नहीं हुआ है। पूर्व प्रधान ने मंत्री से जांच कराकर कार्यवाहीं की मांग की है।

### लोक लाज के भय से नवजात को झाड़ियो में फेंका

**हमीरपुर।** लोक लाज के भय से किसी ने नवजात शिशु को रात के अंधेरे में देवगांव के पास झाड़ियो में फेंक दिया। ठंड के चलते उसने सिसकते हुए दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव को दफन किया है। किसी कलयुगी मां ने लोकलाज के भय से शिशु को जन्म देने के बाद सुमेरपुर थाना क्षेत्र के देवगांव के समीप झाड़ियों के मध्य बने गड्ढे में फेंक दिया था। सर्दी के चलते उसने सिसककर दम तोड़ दिया। सुबह लोगों की जब नजर पड़ी तो पुलिस को सूचित किया। पत्योरा चौकी इंचार्ज विजय बहादुर ने बताया कि नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद दफन किया गया है। देवगांव के पास नवजात शिशु मिलने की चर्चा कर पूरे गांव में लोग कलयुगी मां को पानी पीकर कोस रहे हैं।

### 15 तक विद्युत बिल जमा कर छूट का उठाएं लाभ

**बांदा।** मुख्य अभियंता विद्युत आरएस माथुर द्वारा जनपद के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वह 15 दिसंबर तक अपने विद्युत बिल जमा करके शत प्रतिशत छूट का लाभ उठाएं। इस संदर्भ में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी कराया जा रहा है, ताकि उपभोक्ता छूट का लाभ प्राप्त कर सके। मुख्य अभियंता श्री माथुर ने बताया कि शहर में रिक्शे के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जा रहा हैं और उपभोक्ताओं को जानकारी दी जा रही है कि घरेलू बिल जमा करने के लिए मात्र पांच दिन शेष बचे हुए हैं, इसलिए सभी विद्युत उपभोक्ता 15 दिसंबर तक शासन द्वारा निर्धारित शत प्रतिशत छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत चोरी के मामले में भी 15 दिसंबर तक 60 फीसदी की छूट दी जाएगी। मुख्य अभियंता ने यह भी बताया कि 15 दिसंबर के बाद यह छूट 50 फीसदी कर दी जाएगी। इसलिए विद्युत उपभोक्ता शत प्रतिशत छूट के लिए शेष बचे 5 दिन के भीतर अपने बकाया बिलों को जमा कर इस अवसर का लाभ उठाएं। कैंप के प्रचारक अमरेश कुमार पाल विद्युत टक्नीशियन रहे।

# चट्टी चौराहों से प्राइवेट संसाधनों के होर्डिंग बैनर हटाए गए

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** शासन के आदेशानुसार जिले के नगर पालिका नगर पंचायत में प्राइवेट संसाधनों व सिटी मॉल स्कूल विद्यालय जैसे बैनर पोस्टर प्रचार सामग्री लगाकर नगर में अवैध अतिक्रमण हो रहे थे जिसको लेकर सोमवार को मिले शासन आदेश के क्रम में रावटसगंज नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद के दिशा निर्देश के क्रम में बैनर पोस्टर हटाए गए और संबंधित प्राइवेट संसाधनों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए वहीं नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि शासन आदेश की कॉपी नगरपालिका को उपलब्ध हुई की नगर पंचायत अथवा नगर पालिका क्षेत्र के चट्टी चौराहा सार्वजनिक स्थानों पर प्राइवेट संसाधनों के बैनर पोस्टर लगाए गए जिससे कि सरकारी भवन अथवा चट्टी चौराहों पर अनावश्यक अतिक्रमण जैसे माहौल उत्पन्न होते थे जिसको हटाया जाए अथवा दोबारा लगाए जाने पर उनको जुर्माना की भी कार्रवाई की जाएगी वही इस संदर्भ में सदर एसडीएम निखिल यादव ने बताया कि शासनादेश आया है हालांकि जिलाधिकारी के आदेश अनुसार चिन्हित कर उन सार्वजनिक स्थानों से बैनर पोस्टर प्राइवेट संसाधनों के हटाए जाएंगे।

# भवन निर्माण की जांच हेतु डीएम ने विनियमित क्षेत्र को सौंपने को निर्देशित किया

अवधानामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने परिषदीय प्राथमिक विद्यालय बाड़ूजई द्वितीय तथा माहमंद जलाल नगर का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में चल रही मिश्रित कक्षाओं पर नाराजगी व्यक्त की। जिस पर प्राथमिक विद्यालय महमंद जलाल नगर की प्रधानाध्यापिका सुम्बुल खान ने बताया कि यह मिश्रित कक्षाएं अध्यापकों की अनुपलब्धता की वजह से चलाई जा रही है । प्रधानाध्यापिका ने कक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु कमरों की अनुपलब्धता से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया, इस पर जिलाधिकारी ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड के द्वारा भवन निर्माण हेतु निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के शैक्षिक स्तर को जाचने हेतु उनसे प्रश्न भी पूछे। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। जिलाधिकारी ने बच्चों से मिड डे मील, फल तथा दुग्ध वितरण के विषय में भी पूछा। डीएम ने शिक्षक उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाध्यापिका को छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय भवन के ऊपर हुए भवन निर्माण की जांच विनियमित क्षेत्र को सौंपने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय परिसर में साफ सफाई रखने हेतु जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को निर्देशित किया।

## दहेज हत्या के अभियुक्त को हुयी सात वर्ष की सजा

**हमीरपुर।** थाना- मुस्करा धारा- 498ए/304बी भा0द0सं0 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 में दिनांक 06.06.2020 को थाना- मुस्करा जनपद हमीरपुर में पंजीकृत अपराध संख्या- 101/2020 धारा- 498ए/304बी भा0द0सं0 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 में अभियुक्त अनिल पुत्र छुद्दू निवासी तगारी थाना मुस्करा हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। 2- अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप दिनांक- 11.12.2023 को मा0 न्यायालय एफ.टी.सी. प्रथम कोर्ट जनपद हमीरपुर, द्वारा दोषसिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त अनिल पुत्र छिद्दू निवासी तगारी थाना मुस्करा हमीरपुर को 07 वर्ष के कठोर कारावास व 5,000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# हिण्डाल्को में उत्साह के साथ मना अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिण्डाल्को में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। मानवीय सम्मान और अधिकारों को समर्पित मानवाधिकार दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत हिण्डाल्को में दीप प्रज्ज्वलन व आदित्य वंदना के साथ की गई। कार्यक्रम में मौजूद हिण्डाल्को के सीओओ श्री एन. नागेश ने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच संचालन कर रहे ईआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्री सुशील ब्रह्मचारी ने सभी को मानवाधिकार की शपथ दिलवाई तथा उसकी रुपरेखा प्रस्तुत की। मानवाधिकार के इतिहास को बताते हुए उन्होंने वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता को भी दर्शाया।

कार्यक्रम में मौजूद सहकर्मियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों समेत ऑनलाइन माध्यम से जुड़े कर्मियों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम के मध्य में वीडियो के माध्यम से मानवाधिकार की समझ को और अधिक विकसित करने का प्रयास किया गया। वहीं इस अवसर पर श्री एन. नागेश के कहा कि यह दिवस हर साल दस दिसम्बर को मनाया जाता है और इसका मुख्य उद्देश्य मानवता, न्याय, समानता और मानवीय अधिकारों को बढ़ावा देना है। मानवाधिकार दिवस समाजिक न्याय और नैतिकता का महत्वपूर्ण सन्देश देता है जो हमें यह सिखाता है कि प्रत्येक व्यक्ति को एक-दूसरे के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिण्डाल्को में हम मानवाधिकार सम्मान की परिपाटी को हमेशा से साथ लेकर आगे बढ़े हैं और आगे भी इसे मजबूती से जारी रखेंगे।

वहीं मानव संसाधन विभाग की वरिष्ठ अधिकारी सुश्री वनिता वासनिक ने मानवाधिकार दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि मानवीय सम्मान, न्याय, समानता और स्वतंत्रता हर व्यक्ति के जीवन का मूल होना चाहिए। इस दिन को मनाने का मकसद हमें यह याद दिलाना है कि हर मनुष्य को गर्व के साथ उनके अधिकारों को उठाने और समर्थन करने का हक़ है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार जागरुकता हेतु यह पूरा हफ्ता मानवाधिकार सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत विभिन्न प्लांटों के एच आर प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में गोष्ठी, रैली, नुक्कड़ नाटक आदि के जरिये मानवाधिकार जागरुकता फैलाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का समापन मानवाधिकार लिखी तख्ती के जरिये प्रतीकात्मक संदेश देने हेतु आकाश में गुब्बारे उड़ा कर किया गया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों समेत मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सत्ताधारी सफेद पोस कर रहे हैं किसानों का उत्पीड़न, एडीएम ने दिए जांच के आदेश

- राजस्व टीम भेजकर एसडीएम को जांच के दिए आदेश

**बांदा।** जहां सरकार द्वारा किसानों के हित की बात की जा रही है वही सत्ता में बैठे सफेद पोष द्वारा किसानों को उत्पीड़न किया जा रहा है वहीं उत्पीड़न केवल किसानों के साथ ही नहीं उनकी जमीन को हथियाकर उसको व्यावसायिक तरीके से बनाकर बेचने को लेकर हुआ है जब किसानों ने अपनी उत्पीड़न की बात जिले के राजा के यहां पहुंचकर बताई तो जिले के राजा द्वारा उपजिला अधिकारी सदर को आदेश दिया कि राजस्व टीम भेज कर जांच कर समस्या का निस्तारण करें और दबंग के विरुद्ध कानून प्रक्रिया अपना कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। मामला सदर तहसील के मवई बुजुर्ग का है जहां के रहने वाले दो सगे भाई भोला और भूरा पुत्र झंडू जिलाधिकारी के चौखट में पहुंचकर बताया कि हमारी जमीन जो की गाटा संख्या 5028, 5029 ,5030 और 5049 में भू माफिया दबंग प्रवृत्ति के लोग जो की इसी जिले के निवासी हैं उनके द्वारा हमारी जमीन को जबरदस्ती कब्जाया जा रहा है अब जाकर उसमें निर्माण कराया जा रहा है। और अगर हम लोग मना करने जाते हैं तो हम लोगों को गाली गलौज करके वह मारते पीटते हैं और यह भी धमकी देते हैं ,तुम लोगों को मार डाला जाएगा,इसके बावजूद भी पीड़ितों ने 112 में डायल कर लगाया की मौके पर आए लेकिन 112 द्वारा फोन न उठाया गया जिसको लेकर पीड़ित किसानों द्वारा जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की चौखट में पहुंचकर अपनी गुहार लगाई और कहा साहब अगर सफेद पोसी हमारे साथ ऐसा करेंगे तो हम लोग कहा जाएंगे जबकि सफेद पोस भू माफिया है। जिस पर पीड़ित किसानों ने यह भी कह दिया अगर हम लोगों की समस्याओं का निदान नहीं किया जाता है तो हम लोग अशोक लाट में पहुंचकर अनशन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी जिसको लेकर अपर जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को आदेश देते हुए कहा कि राजस्व टीम भेज कर जांचकर समस्या का समाधान करें ।

## एनटीपीसी रिहंद में भव्य सात दिवसीय रिहंद खेल महोत्सव का आयोजन

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना द्वारा भारत सरकार के खेलो इंडिया, फिट इंडिया योजना के अंतर्गत ग्रामीण खेल को बढ़ावा देने हेतु सात दिवसीय भव्य रिहंद खेल महोत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है। रिहंद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे खेलो इंडिया, फिट इंडिया मुहिम के अंतर्गत, रिहंद द्वारा ग्रामीण खेलों एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देना है जिससे खेल संस्कृति और खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति का दोहन करके राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।

इस रिहंद खेल महोत्सव का आयोजन 12-12-2023 से 18-12-2023 तक किया जा रहा है जिसका मुख्य आकर्षण महोत्सव में आयोजित किए गए खेल होंगे जिनमे फूटबाल टूर्नामेंट, वॉलीबॉल टूर्नामेंट, कबड्डी, खो-खो, रेस, शॉटपुट, लॉन्ग जंप, तीरंदाजी प्रतियोगिता आदि होंगे। यह उत्सव आस-पास के ग्रामीण लोगों के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण विद्यालयों के बच्चे को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी रिहंद के नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन के अंतर्गत खेलेगा भारत, जीतेगा भारत विषय पर किया जा रहा है। जिसमे 12 से 13 दिसंबर को सीएसआर ग्रामीण खेल महोत्सव, 14 दिसंबर को ग्रामीण वॉलीबॉल टूर्नामेंट, 15 दिसंबर को तीरंदाजी प्रतियोगिता ,ग्रामीण कबड्डी, 16 दिसंबर को वीएसआर खेल प्रतियोगिता, 17 दिसंबर को वीएसआर फ़ाइनल प्रतियोगिता एवं 18 दिसंबर को तीरंदाजी प्रतियोगिता फ़ाइनल एवं ग्रामीण वॉलीबॉल टूर्नामेंट फ़ाइनल आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में हिंदी कार्यशाला का किया गया आयोजन

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी विंध्याचल में राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 11.12.2023 से 16.12.2023 तक सात दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 11.12.2023 को राजभाषा अनुभाग द्वारा परियोजना के प्रशासनिक भवन भू-तल सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य के रूप में एनटीपीसी से सेवानिवृत श्री मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यपालक(नैगम संचार एवं राजभाषा प्रभारी) सुश्री शिक्षा गुप्ता नें श्री श्रीवास्तव के बारे में विस्तार से बताया तथा हिंदी के महत्व एवं राजभाषा नीति के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार नें अपने उद्बोधन में कार्यशाला की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस कार्यशाला से हम सभी को कार्यालयीन काम-काज को करने में सहायता मिलेगी। श्री श्रीवास्तव द्वारा बताए गए राजभाषा नीति, संसदीय राजभाषा निरीक्षण से संबंधित जानकारी से हमारी परियोजना को लाभ मिलेगा एवं संसदीय राजभाषा निरीक्षण को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में मदद मिलेगी। उन्होने यह भी कहा कि यह कार्यशाला हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु बहुत ही उपयोगी है और इस तरह की कार्यशाला से हम सभी मे हिंदी के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

## नगर पंचायतो में आए 17 शिकायतों का निस्तारण को निर्देश: रूबी

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में नगर पंचायत दुद्धी में 0. नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई।

# ऊर्जा संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक एवं स्कूलों में पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को प्रबंधन द्वारा संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिजनों तथा रेणुकूटवासियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 8 से 14 दिसंबर तक उर्जा संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 9 दिसंबर को हिण्डाल्को के आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज एवं के डी के विद्या मंदिर के बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से ऊर्जा बचाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य डी. एन. शुक्ला और गौतम गुप्ता का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में जागरूक किया गया तथा ऊर्जा संबंधी प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के दौरान स्मेल्टर ऑपरेशन्स विभाग के प्रमुख हंसराज सिंह एवं मानव संसाधन विभाग की वरिष्ठ अधिकारी वनिता वासनिक ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से बच्चों को ऊर्जा संरक्षण करने के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया। हिण्डाल्को रेणुकूट के क्लस्टर हेड एन. नागेश ने सभी कर्मचारियों को ऊर्जा संरक्षण के उपायों को अपनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इसी क्रम में कर्मचारियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन स्मेल्टर विभाग में किया गया। स्मेल्टर प्लांट हेड जेपी नायक के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग के विवेक अग्रवाल, राजीव सिंह एवं रजनीश सिंह ने पेंटिंग प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें

**पुर्नवास विश्विद्यालय में दिव्यांगजनों के हितों का ध्यान रखते हुए समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाये: मंत्री नरेन्द्र कश्यप**

- योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत करें उपयोग
- पिछड़े वर्ग के छात्रों को शत प्रतिशत और समय से छात्रवृत्ति दिलवायी जाये

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाय। योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग किया जाय। दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो के प्रोत्साहन हेतु नई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार किया जाय। पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत और समय से छात्रवृत्ति दिलवायी जाय। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय में दिव्यांगजनों के हितों का ध्यान रखा जाय और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाये। मंत्री कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों में अगले वित्तीय वर्ष के लिए योजनाओं के अनुरूप बजट का प्रस्ताव तैयार किये जायें, जिससे कि योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने का कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनो के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को मिले। किसी प्रकार की समस्या आने पर इसका त्वरित समाधान किया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रवासों के मरम्मत का कार्य समयबद्ध रूप से किया जाय। पिछडे वर्ग के युवाओं के कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स में शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जाय। शादी अनुदान योजना के आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित कर योजना का लाभ दिया जाये। बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चन्द्र शर्मा, विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुनील कुमार चौधरी, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का लखनऊ हवाई अड्डे पर स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में हैं, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# द एमएसजी फाउंडेशन ने हेल्थ कैंप और कम्बल वितरण कार्यक्रम का किया आयोजन

- चेकअप के साथ मुफ्त दवायें की गयीं वितरित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन ने जयपुरिया के पास गरीब जुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए मुफ्त हेल्थ कैम्प का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ज़रूरत मंदों को कम्बल भी वितरित किये गए। आज के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अली खान (महमूदाबाद), सबीहा अहमद (मेम्बर सुन्नी वक्फ बोर्ड), तकदीस फातिमा (अवधनामा सीईओ) मौजूद रहीं। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अली खान ने कहा कि समाज में ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए इसकी बहुत आवश्यकता है जिससे लोगों की मदद हो सके। इस कार्यक्रम के लिए उन्होंने फाउंडेशन को बधाई भी दिया। साथ ही इस कार्यक्रम में सबीहा अहमद और तकदीस फातिमा ने भी फाउंडेशन को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता होती है इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए। इस मौके पर मेडिकल टीम में डॉ. मोहम्मद आसिफ, डॉ. मोहम्मद उस्मान, डॉ. सै. अबुल कासिम रिज़्वी, डॉ. सै. आबिद ज़ैदी, डॉ. महक बाकरी मौजूद रहीं। वही द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से वसीम अब्बास, सै अली हुसैन, फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक, फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आलम, ज़हरा नक़वी, आलमीन ज़हरा, फरहीन फातिमा, आफताब मिर्ज़ा, मौजूद रहे।




# पत्रकारों ने हर्षो उल्लास के साथ मनाया सूचना निदेशक का जन्मदिन

**केक काटकर और पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, शॉल भेंटकर व मिष्ठान्न वितरण करके पत्रकार बंधुओं ने किया खुशी का इजहार**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सूचना निदेशक शिशिर सिंह (आई.ए.एस.)का जन्मदिन बड़े ही उत्साह, उमंग व उल्लास के साथ पत्रकारों ने मनाया।पत्रकारों ने शिशिर को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर सूचना विभाग में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने अपने लोकप्रिय सूचना निदेशक को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, शॉल व मिष्ठान्न भेंट किया। इस अवसर पर शिशिर ने पत्रकारों के साथ केक काटकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने ईश्वर से सूचना निदेशक शिशिर के स्वस्थ, सुखी व दीर्घायु जीवन की प्रार्थना करते हुए कामना की कि वे लम्बे समय तक प्रदेश की सेवा करते रहें। उनके कुशल नेतृत्व में पत्रकार साथियों की भी उन्नति हो और उनकी जायज़ मांगो पर उचित निर्णय हों। इस अवसर पर शिव शरण सिंह सचिव उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति, अपर सूचना निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी, जे पी सिंह, परशुराम मौर्या, वरिष्ठ पत्रकार अविनाश शुक्ला, अशोक नवरत्न, अब्दुल वहीद, जुबैर अहमद, देवराज सिंह, एंथोनी सिंह, शिव विजय सिंह, भारत सिंह, अज़ीज़ सिद्दीकी, रजा रिजवी, विनीत गुप्ता, राकेश शुक्ला, के के सिंह, नजम अहसन, आलोक गुप्ता, अजय सिंह, सुनील, छायाकार आरिफ़ मुकीम, ओंकार शुक्ला, पवन गुप्ता , शहरयार खान, विजय मिश्रा, खुर्रम निजामी, राकेश शुक्ला, अंब्रिश सिंह, अनूप सिंह, गौरव सिंह, खालिद सिद्दीकी, पवन सिंह, तमन्ना अंजुम, कवंजीत सिंह के साथ ही भारी संख्या में पत्रकारगण और सूचना विभाग के कपिल सिंह प्रमोद , संदीप ओझा, राहुल आदि मौजूद थे।इस मौके पर शिव शरण सिंह सचिव उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति, वरिष्ठ पत्रकार जुबैर अहमद एवं अब्दुल वहीद ने कहा कि शिशिर के नेतृत्व में प्रदेश का सूचना निदेशालय नई ऊँचाइयों को छू रहा है और पत्रकारों के हित संरक्षण में भी शिशिर अतुलनीय भूमिका निभा रहे हैं। परमपिता परमात्मा से यही कामना है कि शिशिर सदैव स्वस्थ व सानन्द रहें और दीर्घायु हों। शिशिर के नेतृत्व में प्रदेश का सूचना निदेशालय नई ऊँचाइयों को छूकर उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



# हज यात्रा-2024: जिला स्तर पर खुलेंगे हज सुविधा केन्द्र: धर्मपाल

- हज आवेदकों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर ऑनलाइन आवेदन के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हज सुविधा केन्द्र स्थापित कराएं: हज मंत्री

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने हज यात्रा 2024 की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि हज आवेदन की गाइडलाइंस का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे आवेदकों को किसी तरह की असुविधा न हो। हज यात्रा 2024 के लिए सभी तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाएं और हज यात्रा के कामों में किसी भी तरह की लापरवाही या कमी न होने दी जाए। श्री सिंह सोमवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में हज यात्रा 2024 की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि हज आवेदकों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर ऑनलाइन आवेदन के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हज सुविधा केन्द्र स्थापित कराएं। हज सत्र के कामों के सुनियोजित और सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए कर्मचारियों के बीच कामों का बंटवारा और आवेदन की प्रोसेसिंग आदि को सुचारू कराने के लिए कर्मचारियों के बीच जनपदवार आवंटन किया जाए। हज यात्रा के लिए आवेदन 20 दिसम्बर तक ऑनलाइन भरे जा सकते हैं। अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हज यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें जिससे बिना परेशानी के हज यात्रा 2024 सकुशल सम्पन्न हो सके। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों की यात्रा सुखद हो, इसलिए हर स्तर पर सभी व्यवस्थाओं को पूरा करें और अगर कहीं कोई कमी हो तो उसे तत्काल अवगत करा निराकरण कराएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मोनिका एस.गर्ग ने मंत्री को हज यात्रा 2024 के लिए की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके दिशा-निर्देशों का अक्षरश. पालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण जे. रीभा, विशेष सचिव व सचिव हज समिति एस.पी. तिवारी उपस्थित थे।



# 13वां दीक्षांत समारोह 18 दिसम्बर को

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भातखण्डे सम विश्वविद्यालय से पूर्ण विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त होने के बाद विश्वविद्यालय अपना पहला दीक्षांत समारोह आयोजित कर रहा है। भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय का 13वां दीक्षांत समारोह 18 दिसम्बर को आयोजित होगा। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पदम्मश्री शोभना नारायण होंगी। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। विश्वविद्यालय की कुलसचिव सृष्टि धवन ने सोमवार को विश्वविद्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि दीक्षांत समारोह के साथ ही भातखण्डे की जयंती भी मनाई जायेगी। दीक्षांत के अवसर पर विश्वविद्यालय कई कार्यक्रम आयोजित करेगा। वहीं दीक्षांत समारोह के तहत 12 से 16 दिसम्बर और 19 से 21 दिसम्बर तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को यहीं के छात्र प्रस्तुत करेंगे।

कुलसचिव सृष्टि धवन ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स एमपीए और बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स बीपीए के कुल 110 छात्राओं को डिग्री प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में 28 स्वर्ण पदक, नौ रजत पदक और आठ कांच पदक दिये जायेंगे। कुलसचिव ने बताया कि इस बात सबसे अधिक 56 प्रतिशत मेडल छात्राओं को और 44 प्रतिशत मेडल छात्रों को मिल रहे हैं। इस बार 14.14 गोल्ड मेडल छात्र छात्राओं को, पांच रजत पदक छात्राओं को दिया जायेगा। जबकि 6 कांस्य पदक छात्राओं को और 2 कांस्य पदक छात्रों को प्रदान किया जायेगा। बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स बीपीए में कुल 52 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जा रही है। जिसमें 24 छात्राएं और 28 छात्र शामिल हैं। वहीं मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स एमपीए कुल 55 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जा रही है। जिसमें 38 छात्राएं और 17 छात्र शामिल हैं। इसके अलावा दीक्षांत समारोह में तीन छात्रों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की जायेगी।

# ठाकुर गंज में प्रधानमंत्री उज्जला गैस योजना के तहत गैस, चूल्हे का वितरण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ठाकुरगंज स्थित गंगा समग्र गोमती भाग कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना उज्ज्वला गैस का वितरण संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जानता पार्टी के अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया जिनके द्वारा उज्ज्वला गैस पात्र महिलाओं को गैस चूल्हा रेगुलेटर पाइप गैस कनेक्शन के पेपर व सिलेंडर आदि वितरित किए गये। क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों गणेश दत्त शुक्ल, दीन बंधु घोष,गोपाल नारायण शुक्ला,यू बी सिंह, पंकज शुक्ला जी आदित्य शुक्ला, अमरीश वर्मा दीपक गुप्ता लड्डू राज करण द्विवेदी, प्रदीप शर्मा, शरद तिंगल,के कर कमलों से उपस्थित पात्र महिलाओं को गैस वितरण किया गया। उक्त अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए अनुराग पाण्डेय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की स्वप्निल महत्वाकांक्षी योजना उज्ज्वला में सबका साथ और सबका विकास ध्यान में रखा गया है सभी धर्मो को बराबर दृष्टि से योजनाओं का लाभ मिल रहा है कुछ राजनैतिक दलों को सिर्फ़ भेदभाव ही नज़र आता है वे लोग मानसिक रूप से दिवालिये हो गये है उनसे माननीय मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता हज़म नहीं होती उन्हें अपना किसी अच्छे डाक्टर से इलाज कराना चाहिए मोदी जी का एक मिशन सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास साकार होता नज़र आ रहा है।



## कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई प्रणव मुखर्जी की जयंती

**लखनऊ।** भारत के तेरहवें राष्ट्रपति भारत रत्न प्रणव मुखर्जी की जयंती पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पुष्पांजलि सभा आयोजित की गयी। इस मौके पर कांग्रेसियों ने स्वर्गीय मुखर्जी को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने ईमानदार और साफ छवि के लिए जाने जाने वाले प्रणव मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि देश के वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में उनके किये सराहनीय कामों को हमेशा याद रखा जाएगा। लम्बे वक्त के लिए देश की आर्थिक नीतियों को बनाने में उन्हें महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में जाना जाता था। न्यूयॉर्क से प्रकाशित पत्रिका यूरोमनी के एक सर्वेक्षण के अनुसार 1984 में दुनिया के पांच सर्वोत्त वित्त मंत्रियों में एक प्रणव मुखर्जी भी थे। उन्हें वर्ष 1977 में सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार भी मिला था।

# अनूप जलोटा पहुंचे हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव

- रेलिया बैरन पिया को लिये जाए ....... गीत पर शिप्रा चंद्रा ने नृत्य कर समां बांधा
- अवधी लोकगीतों से सजी सांस्कृतिक संध्या
- मंच से पत्रकारों का हुआ सम्मान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा इन दिनों चल रहे हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में सोमवार को भजन सम्राट अनूप जलोटा महोत्सव में सम्मलित हो महोत्सव की शोभा बढ़ा दी इस अवसर पर महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा ने भजन सम्राट का स्वागत पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेट कर किया।

सांस्कृतिक संध्या की शुभारम्भ महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया जिसके पश्चात 12वीं सांस्कृतिक संध्या की शाम सुप्रसिद्ध नृत्यांगा शिप्रा चंद्रा ने अपनी टीम संग अवधी गाने रेलिया बैरन पिया को लिए जाए....... झुलनिया झोकेदार सईयां हमका गढ़ा दा ...... अनाड़ी बलमा ओ अनाड़ी बलमा.... गीतों पर लोक नृत्य प्रस्तुत कर समा बांधा। अवधी नृत्य के उपरांत हनु श्री ट्रस्ट की अध्यक्षा रागिनी पूजा जायसवाल के संयोजन में घूमर - घूमर गाने पर वैष्णवी गुप्ता व चुनरी चुनरी गाने पर अनिका गुप्ता ने डांस प्रस्तुत किया इसी क्रम में मिस्टी , हनु , मानुसी, प्रिया द्वारा फिल्मी गानों पर डांस प्रस्तुत किया गया। हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की मंच से सोमवार को महोत्सव आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्यो एवं निष्पक्ष रूप से खबरों को प्रकाशित करने वाले पत्रकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित चावला , आरिफ मुकीम , जुबैर , मनीष, कवंलजीत, श्वेता विजय गुप्ता समेत कई पत्रकारों को सम्मानित किया गया7 महोत्सव के रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवं रॉकी गिल ने किया । इस अवसर पर महोत्सव समिति के विनय दुबे रनवीर सिंह समेत मनोज सिंह चौहान, हेमू चौरसिया, सचिन गुप्ता,नीरज यादव उपस्थित रहे।



# धोखाधड़ी कर महिला के खाते से निकले पैसे

अवधनामा ब्यूरो



**काकोरी लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के मोहन रोड शाखा, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा फतेहगंज लखनऊ मैं महिला श्रीमती रीता पत्नी श्री वीर बहादुर की पत्नी का खाता खुला हुआ था। महिला ग्राम पुरैना थाना काकोरी की रहने वाली है पीड़ित महिला दर-दर की ठोकरे खाने पर मजबूर नहीं लिखा जा रहा पीड़ित महिला का मुकदमा वहीं महिला ने बताया कि मेरे खाते से अवैध रूप से संचालन करते हुए खाते से धनराशि 1, 49000 ,, रुपए निकल लिए गए श्रीमती रीता द्वारा मोबाइल नंबर 9005117936 का पंजीकरण कर खुला था खाता श्रीमती रीता द्वारा नंबर सिम व्यक्तिगत कर्म से इस्तेमाल करना बंद कर दिया गया और दूसरा सिम नंबर जो यह है 7459937488 का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था लेकिन अपने खाते में मोबाइल नंबर पंजीकरण नहीं कराया था इसके बाद उसका नंबर किसी अन्य व्यक्ति में निकलवा लिया था उसके बाद इस सिम के आधार पर महिला के खाते से निकल गए पैसे। वही जब कुछ दिनों बाद श्रीमती रीता को जानकारी हुई तो बैंक पहुंची वहां से पता किया तो पता चला उसके बैंक खाते से पैसे निकाल लिए गए काफी जानकारी करने के बाद बैंक मैनेजर ने बताया कि जिसने भी पैसे निकाले हैं उसका नाम रामनद पुत्र श्री पिता रमेश चंद्र निवासी गधीपुर सरिया महीपत सिंह जिला सीतापुर का निवासी है।

# आरएन गर्ग ने रेलवे कर्मचारियों की सभा को किया सम्बोधित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बक्शी तालाब सेक्शन मे एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री आरएन गर्ग ने रेलवे कर्मचारियों की सभा को सम्बोधित किया और मंडल मंत्री एवं समस्त पदाधिकारियों का रेल ट्रैकमेन कर्मचारियों के द्वारा जोर स्वागत किया, उसके उपरांत मंडल मंत्री आर. एन.गर्ग ने कहा की ट रेलवे की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले ट्रैक मैन कर्मचारीयों के रन ओवर होने की घटना बढ़ती जा रही है जिसके लिये यूनियन बहोत दुखी और चिंतित है रेलवे बोर्ड से एन. ई रेलवे मजदूर यूनियन मांग करती है की इस ऐसी घटनाओ पर रोक लगाने के लिये ठोस कदम उठाये, रेल कर्मचारी सुभाष मीणा ने कर्मचारियों के लिये गैंग हट बनवाने के लिये सभा के सामने आग्रह किया, जिससे ट्रेकमेंन कर्मचारी लंच कर सके और आराम कर सके, इस सभा मे मंडल मिडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम, सीनियर सेक्शन इंजिनियर शाहिद वकील, सेक्शनल इंचार्ज भानू प्रताप, शाखा मंत्री ए. के रावत, शाखा अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, चंदन यादव, मनीष मिश्रा, अभिषेक, मोहम्मद दानिश, मुशीर खान, मुकेश मीणा, भागौती यादव, मान सिँह मीण आदि लोग उपस्थित रहे।

## मल्हौर रेलवे स्टेशन को किया जा रहा अपग्रेड

**लखनऊ।** मल्हौर रेलवे स्टेशन को अपग्रेड करके स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसी को लेकर रेलवे के अधिकारी स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने को लेकर मंथन कर रहे हैं, ताकि यात्रियों को सुविधाएं दी जा सकें। चारबाग रेलवे स्टेशन व लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों व यात्रियों के लोड को कम करने के लिए योजना बनाई गई। इसमें शामिल मल्हौर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव बढाने पर रेलवे के अधिकारी मंथन कर रहे हैं। रेलवे अधिकारी मल्हौर रेलवे स्टेशन पर बादशाहनगर से गोरखपुर व लखनऊ जंक्शन से गोरखपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी, अयोध्या से आने वाली अयोध्या एक्सप्रेस और गोरखपुर एलटीटी एक्सप्रेस को ठहराव दिया जा सकता है।



## उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने स्क्रैप बेचकर की रिकॉर्ड कमाई

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की भंडार शाखा ने स्क्रैप बेचकर रिकॉर्ड कमाई की। पिछले महीनों में फतेह अली कॉलोनी की छत ढहने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हुई थी। उसी कॉलोनी के मलबे से उत्तर रेलवे ने अच्छी कमाई की है। लखनऊ आनंदनगर की फतेह अली तालाब कॉलोनी के 70 रेल आवासों के कंडम क्वार्टर के मलबे को 33 लाख 67 हजार रुपये में बेचा गया। इस तरह कॉलोनियों के 962 कंडम क्रप्टर के स्क्रैप बेचकर कुल 5 करोड़ 17 लाख का रिकार्ड रेल राजस्व जमा हुआ। स्क्रैप के जरिए अर्जित रेल आय के मद्देनजर उत्तर रेलवे के सभी मंडलों में सर्वाधिक है। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक कृष्ण मुरारी ने स्क्रैप निस्तारण में अहम भूमिका निभाई। डीआरएम डॉ. मनीष थपलियाल और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने इसी तरह दूसरे विभाग के लोगों से भी निष्ठापूर्वक काम करने की अपील की।